सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं
रांची, मंगलवार 14.01.2025 | माघ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 184 | * * नगर संस्करण। पेज : 12 | khabarmantra.net

## न्यूज डायरी

### गंगासागर में उमड़ा सैलाब, तीन की मौत

**गंगासागर।** मकर संक्रांति से पहले पश्चिम बंगाल के गंगासागर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। सोमवार को हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं ने स्नान किया है। इस दौरान कड़ाके की सर्दी में दिल का दौरा पड़ने से तीन लोगों की जान भी चली गयी। एक अनुसान के अनुसार 65 लाख श्रद्धालु सोमवार तक गंगासागर पहुंचे।

### मंत्री ने पुल निर्माण नियमों में बदलाव का दिया निर्देश

**रांची।** ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पांडेय ने पुल निर्माण के निर्धारित स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट में आवश्यक बदलाव करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि कई बार क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा जा रहा है कि पूर्व में जो पुल बनाये गये हैं, वे मरम्मत के अभाव में जर्जर हो रहे हैं। उन पुलों की मरम्मति कराने का निर्देश दिया।

### प्रिंसिपल का रूम सील, जांच के आदेश

**धनबाद।** छात्राओं से शर्ट उतरवाने के मामले में झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार से स्वतः संज्ञान लिया है। डिगवाडीह कार्मेल स्कूल की प्रिंसिपल का कक्ष सील कर दिया गया है। इस मामले के जांच के आदेश दिये गये हैं।

### जापान में तेज भूकंप सुनामी की चेतावनी

**नयी दिल्ली।** जापान के क्यूशू क्षेत्र में 6.6 तीव्रता के भूकंप से लोगों में दहशत फैल गयी। भूकंप की तीव्रता 6.6 मापी गयी। भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गयी है।

# देश का मुकुट कश्मीर धरती का स्वर्ग बनेगा

## वादा है, सही समय पर सही काम भी होनेवाला है : मोदी

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** पीएम मोदी ने कहा, कश्मीर तो देश का मुकुट है, भारत का ताज है। मैं चाहता हूं कि ये ताज और सुंदर हो, और समृद्ध हो। आप पक्का मानिये, ये मोदी है, वादा करता है, तो निभाता है। हर काम का समय होता है, सही समय पर सही काम भी होने वाले है। जम्मू-कश्मीर अब एक बार फिर से 'धरती का स्वर्ग' बनेगा। पीएम मोदी सोमवार को सोनमर्ग सुरंग (जेड-मोड़-सुरंग) का उद्घाटन के बाद बड़ी जनसभा में बोल रहे थे। 6.4 किलोमीटर लंबा यह टनल रणनीतिक रूप से भी काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, मुझे ये देखकर खुशी होती है कि इस काम में मुझे यहां के नौजवानों, बुर्जगों, बेटे-बेटियों का लगातार साथ मिल रहा है। मोदी ने कहा, उनके सपने का भारत तभी पूरा होगा जब हर हिस्से में समान रूप से तरक्की होगी।

**टनल से यात्रा और सुगम होगी :** पीएम ने कहा, जेड मोड़ टनल राज्य के लिए एक बड़ी सौगात है। परियोजना का निर्माण 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। इसमें सोनमर्ग मुख्य सुरंग, एक निकास सुरंग और पहुंच मार्ग शामिल हैं। इस सुरंग के निर्माण से पर्यटक वर्ष भर सोनमर्ग आ सकेंगे। शीतकालीन पर्यटन, साहसिक खेल और स्थानीय आजीविका को भी बढ़ावा मिलेगा। समुद्र तल से 8,650 फुट की ऊंचाई पर स्थित इस सुरंग से श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच हर मौसम में सड़क मार्ग से आना-जाना सुगम होगा और लेह पहुंचने में भी आसानी होगी। उन्होंने कश्मीर के विकास और यहां की जनता के योगदान की सराहना की। साथ ही भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार उनके साथ है। समारोह में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, प्रदेश के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा, सीएम उमर अब्दुल्ला भी मौजूद थे।



6.4 केएम लंबा सोनमर्ग सुरंग (जेड-मोड़-सुरंग) का किया उद्घाटन

### दुनिया की सबसे ऊंची सुरंग यहीं

पीएम ने कहा कि सुरंग का वास्तविक निर्माण कार्य, उनकी सरकार ने 2015 में शुरू किया था और मुझे खुशी है कि इसका उदघाटन भी किया। जम्मू-कश्मीर में भी बीते 10 साल में एक से बढ़कर एक शिक्षण संस्थान बने हैं। इसका बहुत बड़ा लाभ यहां के हमारे नौजवानों को हुआ है। जम्मू-कश्मीर तो अब सुरंग का, ऊंचे-ऊंचे पुलों का, रोप-वे का हब बनता जा रहा है। दुनिया की सबसे ऊंची सुरंगें यहां बन रही हैं, दुनिया के सबसे ऊंचे रेल-रोड ब्रिज, दुनिया की सबसे ऊंची रेल लाइन यहां बन रही हैं।

### शहीद श्रमिकों को नहीं भूल सकते

पीएम ने कहा कि जिस टनल का आज उद्घाटन हुआ, कुछ समय पहले यहां पर काम कर रहे श्रमिकों पर आतंकियों ने हमला किया था जिसमें 7 श्रमिक मारे गयेए थे। श्रमिकों ने कठिन संघर्ष किया है, जिनकी कड़ी मेहनत और बलिदान की सराहना की। हम अपने श्रमिक साथियों की कुर्बानियों को कभी नहीं भूलेंगे।

## ट्रिपल टेस्ट के बहाने निकाय चुनाव रोकना अवमानना

# हाइकोर्ट ने केंद्रीय चुनाव आयोग को भेजा नोटिस

### अगली सुनवाई अब गुरुवार को

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** स्थानीय शहरी निकाय चुनाव कराने को लेकर दायर एक याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान सरकार ने अदालत को बताया कि ट्रिपल टेस्ट करवा कर चुनाव कराया जायेगा। इस पर न्यायालय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा है कि ट्रिपल टेस्ट के बैगर ही निकाय चुनाव कराया जाये। ट्रिपल टेस्ट की आड़ में निकाय चुनाव रोक नहीं सकते हैं। यह आदेश दिये जाने पर भी राज्य सरकार द्वारा चुनाव नहीं कराना, कोर्ट के आदेश की अवमानना है। स्टेट इलेक्शन कमीशन के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि केंद्रीय चुनाव आयोग ने नयी मतदाता सूची को अभी तक राज्य निर्वाचन आयोग को उपलब्ध नहीं कराया है। साथ ही राज्य सरकार राज्य निर्वाचन आयोग को सहयोग नहीं कर रहा है। इस स्थिति में अभी तक शहरी निकाय चुनाव राज्य में नहीं कराया जा सका है। इसके बाद न्यायालय ने केंद्रीय चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को करेगा। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। यह जानकारी प्रार्थी रौशनी खलखो ने दी। दरअसल निवर्तमान पार्षद रौशनी खलखो ने राज्य में जल्द नगर निगम और निकाय चुनाव कराने के लिए हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है।

## महाकुंभ : संगम पर स्नान करने पहुंची दुनिया

**महाकुंभनगर।** दुनिया के सबसे बड़े समागम महाकुंभ में सोमवार को पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के दिन देश-विदेश के करीब दो करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम पर अमृत स्नान किया। प्रयागराज के संगम को आस्था, संस्कृति और मानवता के जीवंत केंद्र में बदल दिया।

संगम घाट इस बार दुनिया के लिए बड़ा आकर्षण का केंद्र बन गया है। देश के विभिन्न राज्यों के साथ ही अमेरिका, रूस, जर्मनी, इटली, इक्वाडोर समेत तमाम देशों के लोग सनातन संस्कृति से अभिभूत नजर आये। सभी ने संगम में डुबकी लगायी और माथे पर तिलक लगाया।

स्पेनिश, जर्मन, रशियन और फ्रेंच समेत कई विदेशी भाषाओं में 'जय श्री राम' और 'हर-हर गंगे' के जयकारों से संगम का वातावरण गूंज उठा। इसके साथ ही महाकुंभ की विशिष्ट परंपरा कल्पवास की भी शुरुआत हो गयी।



(पेज 11 और 12 भी देखें)




## जल्द हो सकता है स्टेट बार काउंसिल चुनाव

**रांची।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल की नयी कमिटी के लिए जल्द चुनाव हो सकता है। चुनाव के मुद्दे पर काउंसिल की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि चुनाव की तिथि निर्धारित करने के लिए 15 दिनों में जेनरल बॉडी की बैठक बुलाई जाये, जिसमें चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाये।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना का निरस्तीकरण**

**ई-निविदा सं. एसटी-सीकेपी-ओटी-24-25-109, दिनांक 03.01.2025** जो इस समाचार पत्र में वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर द्वारा पूर्व में प्रकाशित किया गया था, को **निरस्त** माना जाएगा।

(PR-1008/C)


## नव प्रोन्नत 9 आईएएस अधिकारियों की हुई पोस्टिंग, विभाग में बने रहेंगे ज्वाइंट सेक्रेटरी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति पाए 9 अधिकारियों की पोस्टिंग कर दी गई है। सभी अधिकारियों को संयुक्त सचिव का पद दिया गया है और उन्हीं विभागों में पदस्थापित किया गया है जहां वे पहले से थे। सुधीर बाड़ा को संयुक्त सचिव अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा कल्याण विभाग रांची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। वहीं, अनिल कुमार तिर्की को संयुक्त सचिव गृह विभाग, शैल प्रभा कुजूर को संयुक्त सचिव ग्रामीण विकास विभाग, नीलम लता को संयुक्त सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, संदीप कुमार को संयुक्त सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग, पशुपतिनाथ मिश्रा को डीडीसी गढ़वा और राजकुमार गुप्ता को मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जैप आईटी रांची के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया। कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।


**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा का कार्यालय**
**(जिला ग्रामीण विकास शाखा)**

प्रेस विज्ञप्ति

-: सूचना :-

"महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी" अन्तर्गत क्षेत्रीय कर्मियों के संविदा अधारित सृजित पदों पर नियुक्ति के लिए सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा निर्गत संकल्प ज्ञापांक-4729 दिनांक-04.06.2007 से निर्गत नियुक्ति सेवा शर्त कर्तव्य नियमावली 2007 निर्गत तथा विभागीय संकल्प ज्ञापांक-6440 दिनांक-17.07.2012 तथा सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड के संकल्प ज्ञापांक-(N) 848 दिनांक-21.03.2017 से निर्गत (संशोधित नियुक्ति सेवा शर्त कर्तव्य नियमावली-2017) के आलोक में चतरा जिला में रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन संख्या-01/2023-24 प्रकाशित की गई थी।

नियुक्ति सेवा शर्त कर्तव्य नियमावली (N) 848 दिनांक-21.03.2017 के कंडिका 4 के उप कंडिका 1 से 3 के (IV) एवं विज्ञापन संख्या-61/2023-24 के कंडिका 6 के उपकंडिका (VIII) में स्पष्ट निदेश है कि "नियुक्ति के लिए किसी भी अभ्यर्थी विशेष के लिए किसी एक जिला के अभ्यर्थी का आवेदन स्वीकार किया जा सकेगा। साथ ही **आवेदन पत्र के साथ उन्हे इस आशय का शपथ पत्र अर्पित करना अनिवार्य होगा कि:-**

1) झारखण्ड राज्य के किसी अन्य जिला में उस पद विशेष के लिए उनके द्वारा कोई आवेदन नहीं किया गया है।

2) उनके द्वारा अर्पित शपथ पत्र/कोई सूचना यदि कभी भी असत्य पाया जाता है तो उस अभ्यर्थी विशेष की नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जायेगा। साथ ही इसके लिए उनके विरूद्ध उचित कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।

उक्त के आलोक में समीक्षोपरांत पाया गया कि कुछ अभ्यर्थियों द्वारा चतरा जिला के अतिरिक्त अन्य जिला में भी उस पद विशेष के लिए आवेदन दिया गया है। जिसकी सूची चतरा जिले के Website www.chatra.nic.in पर upload किया गया है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में वैसे अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि यदि उन्हे इस संबंध में अपना पक्ष रखना हो तो दिनांक-18.01.2025 तक लिखित रूप से जिला ग्रामीण विकास शाखा, चतरा के कार्यालय में संध्या 4:00 बजे तक हाथो हाथ जमा कर सकते है। उक्त समयावधि तक वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने चतरा जिला के अतिरिक्त अन्य जिला में उस पद विशेष पर आवेदन नहीं किये हैं का शपथ पत्र समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे तथा निर्धारित समयावधि के उपरांत कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

उप विकास आयुक्त,
चतरा।

PR.NO.344142 Rural Development(24-25):D


### दुमका सर्किल में सबसे अधिक और पलामू में सबसे कम

# झारखंड की छोटी-बड़ी खदानों के 3467 लीजधारकों की लीज लैप्स

### राज्यभर में छोटी-बड़ी खदानों के कुल 4559 लीजधारक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की छोटी-बड़ी खदानों के 3467 लीजधारकों की लीज लैप्स हो गयी है। राज्यभर में छोटी-बड़ी खदानों के 4559 लीजधारक हैं। इसमें से सिर्फ 753 लीजधारक ही कार्यरत हैं। सबसे अधिक दुमका सर्किल में 1187 लीजधारकों की लीज लैप्स हुई है। इस सर्किल में 1529 लीजधारक हैं। इसमें सिर्फ 261 लीजधारक ही कार्यरत हैं। जामताड़ा में 100 लीजधारकों में सिर्फ आठ ही कार्यरत हैं।

**रांची सर्किल में 583 लीज धारकों का लीज लैप्स :** रांची सर्किल में 583 लीजधारकों की लीज लैप्स हो गयी है। इस सर्किल में 755 लीजधारकों में सिर्फ 106 ही कार्यरत हैं। पलामू सर्किल में 310 लीजधारकों में सिर्फ 77 ही कार्यरत हैं। कोल्हान सर्किल में 586 लीजधारकों में सिर्फ 68 ही कार्यरत हैं। धनबाद सर्किल में 727 लीजधारकों में सिर्फ 154 लीजधारक ही कार्यरत हैं। हजारीबाग सर्किल में 672 लीजधारकों में सिर्फ 87 लीजधारक ही कार्यरत हैं।

### किस सर्किल में कितने लीज लैप्स और कितने हैं कार्यरत

| जिला | लीजधारक | कार्यरत | लैप्स |
|---|---|---|---|
| **धनबाद सर्किल** | | | |
| बोकारो | 198 | 28 | 164 |
| धनबाद | 281 | 74 | 147 |
| गिरिडीह | 248 | 52 | 178 |
| **दुमका सर्किल** | | | |
| देवघर | 166 | 23 | 135 |
| दुमका | 308 | 41 | 263 |
| गोड्डा | 81 | 10 | 69 |
| जामताड़ा | 100 | 08 | 83 |
| पाकुड़ | 418 | 94 | 303 |
| साहेबगंज | 456 | 85 | 334 |
| **हजारीबाग सर्किल** | | | |
| चतरा | 94 | 20 | 60 |
| हजारीबाग | 136 | 26 | 106 |
| कोडरमा | 210 | 22 | 175 |
| रामगढ़ | 232 | 19 | 201 |
| **कोल्हान सर्किल** | | | |
| चाईबासा | 197 | 20 | 172 |
| जमशेदपुर | 206 | 27 | 167 |
| सरायकेला | 163 | 21 | 133 |
| **पलामू सर्किल** | | | |
| गढ़वा | 59 | 04 | 46 |
| लातेहार | 43 | 14 | 24 |
| सरायकेला | 208 | 59 | 124 |
| **रांची सर्किल** | | | |
| गुमला | 130 | 31 | 68 |
| खूंटी | 91 | 12 | 72 |
| लोहरदगा | 119 | 10 | 106 |
| रांची | 343 | 43 | 280 |
| सिमडेगा | 72 | 10 | 57 |

## सक्षम महिलाओं को विधवाओं से अधिक मिल रही सम्मान राशिः बाबूलाल मरांडी

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने विधावाओं को दी जाने वाली राशि एक हजार से बढ़ाने की मांग की



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है कि सक्षम महिलाओं को 2500 रुपये और विधवाओं को केवल 1000 रुपये दिये जा रहे हैं। उन्होंने विधावाओं को दी जाने वाली राशि में बृद्धि की मांग की है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार किस तर्क से यह अन्यायपूर्ण अंतर पैदा कर रही है। सरकार को सबसे कमजोर वर्ग असहाय विधवा महिलाओं के अधिकारों पर कुठाराघात करने के निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिये।

### फरवरी-मार्च तक साइकिल खरीद की टेंडर प्रक्रिया होगी पूरी

# 8वीं के 5 लाख विद्यार्थियों को साइकिल देगी हेमंत सरकार

■ एसटी, एससी ओबीसी को 4,500 और जनरल को दिये जायेंगे 3,500 रुपये



**विशेष संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार झारखंड के 5 लाख विद्यार्थियों को साईकिल देगी। सभी बच्चे 8वीं कक्षा के होंगे। साइकिल खरीद की टेंडर प्रक्रिया फरवरी-मार्च तक पूरी कर ली जायेगी। टेंडर नहीं होने की स्थिति में साईकिल के पैसे विद्यार्थियों के बैंक अकाउंट में भेज दिये जायेंगे। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल 2025 में शैक्षणिक सत्र की शुरूआत होने के बाद मई में साइकिल वितरण शुरू कर दिया जायेगा। इसकी तैयारी अभी से शुरू कर दी गयी है।

**रिजर्व कैटेगरी को 4500 और जनरल कैटेगरी को मिलेंगे 3,500 रुपये :** जैक की ओर से मार्च 2025 में 7वीं की परीक्षा आयोजित की जायेगी और इसी महीने रिजल्ट भी जारी कर दिये जायेंगे। रिजल्ट आने के बाद एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। दाखिले की प्रक्रिया पूरा होते ही साईकिल वितरण का काम शुरू करल दिया जायेगा। अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के विद्यार्थियों को कल्याण विभाग की ओर से साइकिल खरीदने के लिए 4,500 रुपये मिलेंगे। वहीं सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग की ओर से साइकिल खरीदने के लिए 3,500 रुपये दिये जायेंगे

## 10 आइपीएस को मिला प्रमोशन

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के दस पदाधिकारियों को जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड के वेतनमान लेवल बारह के पे मैट्रिक्स में प्रोन्नति दी है। यह प्रमोशन एक जनवरी 2025 की तिथि से प्रभावी होगा। 2016 बैच के इन अधिकारियों को एमसीटीपी फेज थ्री का प्रशिक्षण पूरा करने का निर्देश दिया गया है। गृह विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के तहत अंजनी अंजन, सौरव, अमित रेनू, ऋषभ कुमार झा, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, पूज्य प्रकाश, अमित कुमार सिंह, मुकेश कुमार, सहदेव साव को प्रमोशन मिला है।

## जर्जर पुलों की मरम्मत के लिए एसबीडी में करें बदलाव : दीपिका

**रांची।** ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पांडेय ने पुल निर्माण के लिए निर्धारित स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट में आवश्यक बदलाव करने का निर्देश विशेष प्रमंडल के मुख्य अभियंता को दिया है। मंत्री ने कहा था कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा जा रहा है कि पूर्व में जो पुल बनाये गये हैं, वे मरम्मत के अभाव जर्जर हो रहे हैं। उन पुलों की मरम्मत का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया है। बता दें कि मुख्यमंत्री ग्राम्य सेतू योजना से राज्य में अब तक 2095 पुल निर्माण कराया गया है। मंत्री ने जर्जर पुलों की मरम्मत का भी निर्देश इंजीनियरों को दिया है।

### स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने को मंत्री ने सांसदों-विधायकों से मांगे सुझाव

# झारखंड का बजट ऐतिहासिक होगा, जनता को मिलेगा सीधा लाभ : डॉ. इरफान अंसारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सोमवार को विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबु इमरान समेत कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य झारखंड की स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक और प्रभावी तरीके से सुधारना था। बैठक में डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड का आगामी बजट राज्य की जनता को समर्पित होगा। बजट में किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता ने बहुत सहा है, अब उन्हें उनके अधिकार और सुविधाएं मिलनी चाहिये। मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा इलाज तक सीमित नहीं होगी, बल्कि रोकथाम, जागरूकता और स्वास्थ्य शिक्षा पर भी जरूरी होगा। झारखंड को स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भर और मॉडल राज्य बनाना है।



मंत्री ने कहा कि हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में व्यापक सुधार, हर गांव और शहर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, स्वास्थ्य कर्मियों का सशक्तिकरण, भ्रष्टाचार पर सख्त नियंत्रण और आम जनता की भागीदारी और सुझावों का सम्मान उनकी पहली प्राथमिकता है। डॉ. अंसारी ने मीडिया से भी अपील की कि राज्य के विकास और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए तथ्यपरक और सकारात्मक समाचार जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित में की गई सकारात्मक आलोचनाओं का स्वागत करेगी और उस पर गंभीरता से कार्य करेगी।

### बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

**लोकप्रिय और ठोस बजट के लिए सुझावः** डॉ. इरफान अंसारी ने सभी सांसदों एवं विधायकों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्रों की वास्तविक जरूरतों पर आधारित सुझाव दें, ताकि बजट को जनहितकारी और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी।

**स्वास्थ्य ही धन है के सिद्धांत पर कार्य :** डॉ. अंसारी ने कहा कि स्वास्थ्य ही धन है, के सिद्धांत पर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। इसके तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

**ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था होगी मजबूतः** गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जायेगी। हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित किए जाएंगे। विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी।

**स्थानांतरण नीति में सख्ती :** स्वास्थ्य विभाग में तीन वर्षों से अधिक समय से एक ही स्थान पर कार्यरत कर्मियों एवं पदाधिकारियों का स्थानांतरण अनिवार्य होगा।

**उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिलेगा सम्मानः** जो भी स्वास्थ्यकर्मी या अधिकारी ईमानदारी और समर्पण से कार्य करेंगे, उन्हें विभागीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

**सरकारी अस्पतालों का होगा आधुनिकीकरणः** राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों को अत्याधुनिक तकनीक से लैस मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पतालों के रूप में विकसित किया जाएगा। हर जिले में कम से कम एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का लक्ष्य रखा गया है।

**काम में लापरवाही पर सख्तीः** डॉ. अंसारी ने अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि जो भी कर्मचारी या अधिकारी अपने कार्य में लापरवाही बरतेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। कोई लापरवाही जनता की स्वास्थ्य सेवा में बाधा नहीं बननी चाहिये।


**सम्पदा न्यायालय ,**
**बोकारो स्टील सिटी, बोकारो**
**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की सम्पदा न्यायालय बोकारो स्टील सिटी द्वारा पूर्व में बोकारो स्टील प्लांट के निम्नलिखित परिसरों को खाली करने के संदर्भ में बेदखली आदेश (Eviction Orders) पारित किए जा चुके है :

| SL. No. | CASE NO. | DT. OF ORDER | NAME OF PARTY | PREMISES |
|---|---|---|---|---|
| 1 | A/E 327/2023 | 17.02.24 | Sri Bittu Saw, Badri Saw & Others | Unauthorized construction of 02 Nos. of Kucha/Pucca Room/Shop/ Garage, in the open land near shopping centre of sector 12B, B. S. City. |
| 2 | A/E 333/2023 | 16.05.24 | Sri Arun Sharma | Unauthorized construction in the form of Pucca building etc. In PanaruaMouza. |
| 3 | A/E 335/2023 | 16.05.24 | Sri Rajesh Jaiswal | Unauthorized construction in the form of Udaipur Marbles etc. At PanaruaMouza. |
| 4 | A/E 334/2023 | 22.05.24 | Sri D.N. Pandey | Unauthorized construction in the form of Evergreens Banquet &Resturant etc. In Ukrid Mouza. |
| 5 | A/E 59/2024 | 21.05.24 | Sri Mohan Lal Jain, proprietor of M/s. Mohan Timber's | Unauthorized costruction in the form of permanent RCC/Steel foundation, Columns, beams, slabs etc. for the purpose of production and selling all types of Timber products, Plywood, block board, flush door, mica door skin, membrance door, shuttering material etc. in erstwhile mouzaUkrid, Thana no. 37 in the areas falling under North-BSL Land, South-BSL Land/unauthorised construction of Singh Timber, East-Road from NH-23 Byepass to Nayamore (Old NH-23), West-BSL Land. Bokaro. B. S. City. |

सम्पदा न्यायालय , बोकारो द्वारा पारित आदेशों के आलोक में ऊपर संदर्भित बेदखली आदेश (Eviction Orders) के तहत अनाधिकृत दखलदारों को 07 दिन के अंदर खाली करने का निर्देश दिया जाता है

अतः अनाधिकृत दखलदारों को पुनः सूचित किया जाता है कि उक्त अनाधिकृत परिसरों को खाली कर दे , अन्यथा इन्हें बेदखली प्रक्रिया के तहत हटा दिया जाएगा और किसी भी क्षति के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

आदेशानुसार
सम्पदा
पदाधिकारी
बोकारो स्टील सिटी

दिनांक: 11.01.2025



**District Health Society Koderma**

Letter no............ **EXPRESSION OF INTEREST** dt.........

**EOI No :01/2025**

**Introduction**

Sadar Hospital Koderma is 100 bedded Government Hospital providing all essential health services like (ICU, General Surgery, Orthopedic Surgery, Normal and Caesarian delivery, Pathology, SNCU, Blood Bank etc.). To increase the services more effectively, the District Health Society is inviting expression of interest for filling up the following vacancies of Specialist and Medical Officers for strengthening health infrastructure and resources in Sadar Hospital, Koderma under Mukhya Mantri Jan Arogya Yojna / as per Sankalp 108 (21) Dated 14.8.2024 of Govt. of Jharkhand.

| Sl No | Name of Post | No of Post | Minimum Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Medical Officer | 10 | MBBS |
| 2 | Orthopedic | 1 | MS/DNB/D Ortho |
| 3 | Dentist | 1 | BDS/MDS |
| 4 | Pathologist | 2 | DCP/MD /DNB (PATH) |
| 5 | Psychiatrist | 1 | MD/DPM/DNB |
| 6 | Physician | 2 | MD (Medicine) |
| 7 | Gynecologist | 2 | MS/DGO/DNB |
| 8 | Radiologist | 1 | MD/DMRD/DNB/CBE Pass |
| 9 | General Surgeon | 2 | MS/DNB |
| 10 | ENT | 1 | MS, DNB |
| 11 | Neurologist | 1 | DM |
| 12 | Urologist | 1 | DNB/MCH |
| 13 | Nephrologists | 1 | DNB/MCH |
| 14 | EYE Surgeon | 1 | MS/DNB |
| 15 | Pediatrician | 1 | MD/DNB/DIPLOMA |
| Total | | 27 | |

Note :- Download all term and condition from www.koderma.nic.in or For any enquiry, candidates can contact the following mobile numbers during official hours – Mr Mahesh Kumar, District Programme Manager, Contact no 8709947026. Email id cs.koderma4@gmail.com; Mr. Sumit Kumar Sinha, District Programme Coordinator- Ayushman, Contact no 9911901948. Email id dpcabpmjaykdm@gmail.com

Civil Surgeon
Koderma

PR 344246 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D


## पीएलएफआई के शिव साहू की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** नक्सली संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी शिव कुमार साहू को जमानत देने से अदालत ने इनकार किया है। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। खूंटी जिला के रनिया थाना अंतर्गत कोयल नदी के किनारे जंगली क्षेत्र में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का सुप्रीमो दिनेश गोप के संगठन के कुछ सदस्य हथियार, गोली एवं हथियार बनाने का औजार को जमीन में गाड़कर रखा गया था। उसे वहां से निकालकर अन्य जगहों पर ले जाने के दौरान पुलिस ने कुछ सदस्यों को धर दबोचा था। इसमें आरोपी शिव कुमार साहू की संलिप्ता पाई गई है। शिव कुमार साहू वर्तमान में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में बंद है।

गीत गाकर लोहड़ी मांगी गयी

# दे माई लोहड़ी जिए तेरी जोड़ी...



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सिखों का प्रमुख त्योहार लोहड़ी सोमवार को राजधानी में धूमधाम से मनाया गया। लोहार को लेकर सिख महिलाओं, पुरुषों, युवा और बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। शाम को गुरुनानक स्कूल और पंजाबी भवन में लोहड़ी जलायी गयी। सिखों ने लोहड़ी के साथ नववर्ष मनाया। सभी ने एक-दूसरे को लोहड़ी की बधाई दी। महिलाओं ने कहा कि जिस घर में नयी शादी होती है या नवजात जन्म लेता है उस घर में लड़कों की टोली लोहड़ी मांगने जाते हैं। लड़कियां भी अपनी टोली बनाकर घर-घर जाकर लोहड़ी बोली लगाकर मांगती हैं। दे माई लोहड़ी जिए तेरी जोड़ी... गीत गाकर लोहड़ी मांगी जाती है। बादाम, तिलकुट, मूंगफली, गुड़, रेवड़ी ,मक्की, तिल व लड्डू और मीठा मांगा जाता है। लोहड़ी प्रज्वलन के दौरान गीत-नृत्य कर महिलाओं ने जलावन में तिल, रेवड़ी, मूंगफली, तिलकुट आदि डालकर अग्नि देवी से मनोकामनाएं मांगी।

## सांझी लोहड़ी में दिखा नव विवाहित जोड़ों व नवजात शिशुओं के परिवारों में उत्साह

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। सोमवार की सर्द शाम में बहावलपुरी पंजाबी समाज ने पूरे उल्लास और उत्साह के साथ लोहड़ी मनाई। खुशी के इस पर्व में जैसे ही लोहड़ी जली, सर्द का एहसास जाता रहा और लोग झूमने लगे। लबों से बोल भी फूट रहे थे, देह माई लोहड़ी जीवे तेरी जोड़ी, तेरे कोठे ऊपर मोर/ रब्ब पुत्तर देवे होर/साल नूं फेर आवा..सुंदर मुंदरिये-होय,..तेरा कौन विचारा-होय..दुल्ला भप्ती वाला-होय कुड़ी दा लाल पटाका-होय लोहड़ी के चारों तरफ नाचते हुए लबों पर बोल फूट रहे थे। सांझी लोहड़ी की लपटें आकाश चूम रही थीं। कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मंदिर चौक में सोमवार को रात 9 बजे अरदास एवं मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद महुआ माजी एवं विधायक सीपी सिंह ने लोहड़ी प्रज्वलन किया।

## नागरिक समिति ने जलायी लोहड़ी



रांची। नागरिक समिति ने सोमवार को अपर बाजार के चौराहे पर धूमधाम से लोहड़ी पर्व मनाया। मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह व कई लोग शामिल हुए। समिति के सचिव संदीप नागपाल ने बताया कि समिति के बैनर तले पिछले 35 सालों से सार्वजनिक स्थल पर लोहड़ी पर्व का आयोजन किया जा रहा है।

## राज्य में सर्दी का सितम जारी बादल और धुंध का साया भी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मंगलवार को भी हल्के बादल और धुंध छाए रहेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक, 14 जनवरी को राज्य में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे के कोहरे या धुंध बनने के बाद आसमान साफ हो जाएगा। इसके बाद तापमान में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। झारखंड में बादल छाए रहने से रात में कनकनी से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन बादल की वजह से दिन के तापमान में गिरावट जारी रह सकती है। **15 से 18 जनवरी तक कोहरा का असर** : मौसम पूर्वानुमान में सुबह में कोहरे बनने के बाद आसमान में आंशिक बादल बनने की संभावना है। 14, 15 और 16 जनवरी को दोबारा ठंड का असर बढ़ जाएगा।

हरमू रोड गोलीबारी

## तीन लोगों को हिरासत में लेकर रांची पुलिस कर रही है पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कोतवाली थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित एक शराब दुकान के पास रविवार देर रात आपसी विवाद में हुई गोलीबारी मामले में डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि हरमू रोड स्थित एक शराब दुकान के बाहर रविवार रात आपसी विवाद में तीन राउंड फायरिंग की गयी। गनीमत रही कि किसी को गोली नहीं लगी। गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद कोतवाली और हटिया डीएसपी मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों से मामले की जानकारी ली। **गोली चलाने वाले हो गये थे फरार:** आसपास के लोगों ने पुलिस को बताया कि शराब पी रहे कुछ लोग आपस में भिड़ गये। बात इतनी बढ़ गयी कि उसमें से एक व्यक्ति ने अपने पास रखी बंदूक निकाली और गोली चला दी। गोली चलने के बाद शराब दुकान के बाहर अफरा तफरी मच गयी। भय से दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद कर दी। इस भगदड़ में गोली चलाने वाले भी मौके से फरार हो गये।

## मंकर संक्राति पर एक हजार क्विंटल तिलकुट की ब्रिकी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मंकर संक्रांति को लेकर तिल और चूड़ा का बाजार पूरी तरह से गर्म है। पूरे बाजार में लोग तिलकुट, चूड़ा के दुकानों पर दिन-भर खरीदारी करते दिखे। राजधानी रांची में अबतक एक हजार क्विंटल के लगभग तिलकुट की ब्रिकी हो चुकी है। पूरे दिन बाजारों में लोगों का तांता लगा रहा। तैयारी के अंतिम दिन होने के कारण लोगों का हुजूम बाजारों में उमड़ पड़ा। भारी संख्या में लोग तिलकुट, तिल से बने साम्रगी, गुड़ और चूड़ा खरीदते नजर आये। बाजार में भी तीन तरह के तिलकुट हैं, इनमें खोया, चीनी और गुड़ के हैं। कई प्रकार के लड्डू भी हैं, इनमें सफेद, काला तिल, चूड़ा, मूरही, बादाम और लोगों की



डिमांड के अनुसार तिल और बादाम मिक्स लड्डू भी बाजारों में बिक रहे हैं। सबसे अधिक मांग गुड़ के तिलकुट की है। काले तिल से बने लड्डू की भी भारी बिक्री हो रही है। शुगर फ्री होने के कारण गुड़ के तिलकुट की बाजार में भारी डिमांड है। बाजार में चारों तरफ नए चूड़े की भी खुशबू महक रही है। पिछले वर्ष से इस बार का बाजार ज्यादा अच्छा है।

| | |
|---|---|
| खोवा तिलकुट | 500 प्रतिकिलो |
| गुड़ तिलकुट | 360 प्रतिकिलो |
| चीनी तिलकुट | 360 प्रतिकिलो |
| गजक | 320 प्रतिकिलो |
| काला तिल लड्डू | 500 प्रतिकिलो |
| सफेद तिल लड्डू | 450 प्रतिकिलो |
| बादाम लड्डू | 320 प्रतिकिलो |
| चूड़ा लड्डू | 130 |
| तिल बादाम मिक्स लड्डू | 320 प्रतिकिलो |
| तिल खोवा लाई | 400 प्रतिकिलो |
| अनरसा तिल | 300 प्रतिकिलो |
| उसना चूड़ा | 60 प्रतिकिलो |
| कतरनी चूड़ा | 100 प्रतिकिलो |
| सोना चूर | 110 प्रतिकिलो |
| गुड़ भूरा | 100 प्रतिकिलो |
| गोटा गुड़ | 70 प्रतिकिलो |

## बच्चों के बीच नमो पतंग का वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के बैनर तले सोमवार को ओटीसी ग्राउंड में नमो पतंग उत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भावी पीढ़ी को भारतीय संस्कृति के प्रति जागृत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पतंग की उड़ान के संग हम चाहते हैं कि देश के युवा भी अपनी प्रगति पर ऐसी उड़ानों के साथ भविष्य तय करें। श्री सेठ ने नमो पतंग, लटेर और धागे का युवाओं और बच्चों के बीच



वितरण किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष मुकेश काबराद्व रवींद्र मोदी, प्रमोद सारस्वत, संजय पोद्दार, अमित चौधरी, मनीष लोढ़ा, पुनीत पोद्दार, संतोष सेठ, नीतू सिंह, पूनम आनंद, सुबेश पांडे, नीलम चौधरी, नीरज चौधरी, सोनू भारद्वाज, कुमुद झा, संजय गोयल, सत्येंद्र सिंह गुड्डू, बैजू सोनी आदि ने भूमिका निभायी।

## खबर एक नजर में

### सिमडेगा विधायक रांची डीसी से मिले

रांची। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने सोमवार को रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री से मुलाकात की। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त से यह उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी। इस दौरान उनके साथ आशीष गुप्ता भी मौजूद रहे।

### यौन शोषण के आरोपी को दोषी करार

रांची। नाबालिग से यौन शोषण मामले में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी लोहरदगा के भंडरा थाना क्षेत्र निवासी बुधदेव उरांव को पोक्सो की विशेष अदालत ने दोषी करार दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 18 जनवरी की तारीख निर्धारित की है। मामले के एक अन्य आरोपी शंभू तिवारी को अदालत ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने नरकोपी थाना में मार्च 2022 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### रिम्स के आउटसोर्सिंग कर्मियों ने किया प्रदर्शन

रांची। रिम्स के आउटसोर्सिंग कर्मियों ने वेतन न मिलने को लेकर डायरेक्टर ऑफिस के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने आरोप लगाया कि उन्हें पिछले छह महीनों से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। कुछ कर्मियों को तो 10 महीने से भी वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। कर्मचारियों का कहना है कि वे अपने कार्य पूरी निष्ठा से निभाते आ रहे हैं, लेकिन वेतन का भुगतान न किया जाना उनके जीवन यापन में परेशानी बन रहा है।

### टुसू महोत्सव का आयोजन



रांची। मोरहाबादी मैदान में सोमवार को टुसू महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। मौके पर राज्यसभा सांसद महुआ मांझी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थी। कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजा राम महतो ने बताया कि 24 वर्ष से इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। संक्रांति के दिन गांव की कुंवारी कन्याएं टुसू की मूर्ति बनाती हैं। इसी मूर्ति के चारों ओर सजावट करती हैं और फिर धूप, दीप के साथ टुसू की पूजा करती हैं और अगले दिन नदी में प्रवाहित कर दिया जाता है।

### इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन का दल डीजीपी से मिला

पत्रकारों पर दर्ज फर्जी मुकदमों की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

रांची। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष देवानंद सिन्हा के नेतृत्व में पत्रकारों का एक दल सोमवार को पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता से मिला। उन्हें नव वर्ष की बधाई व शुभकामनायें दी। इस मौके पर एसोसिएशन की ओर से डीजीपी अनुराग गुप्ता को एक ज्ञापन सौंपकर पत्रकारों पर हो रहे हमले की रोकथाम, फर्जी मुकदमों की उच्चस्तरीय जांच, पत्रकार के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले संदिग्ध लोगों की शिनाख्त और वाहनों पर प्रेस लिख कर चलने वाले संदिग्धों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। दल में नवल किशोर सिंह, मधु सिन्हा, रफी सामी, राकेश सोनी थे।

### अमन साहू समेत पांच के खिलाफ चार्जशीट

रांची। गिरिडीह जेल अधीक्षक हिमानी प्रिया के पूरे परिवार पर हमले की साजिश रचने से जुड़े मामले में नामजद कुख्यात गैंगस्टर अमन साव समेत पांच के खिलाफ एटीएस ने जांच पूरी करते हुए चार्जशीट दाखिल कर दी है। मामले के जांच अधिकारी ने गिरिडीह जेल में बंद अमन साव के साथ उसके सबसे खास शूटर शिव शंकर उर्फ शिव, रोशन कुमार सिंह, अविनाश कुमार सिंह एवं अजय कुमार ठाकुर के खिलाफ एटीएस कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। दाखिल चार्जशीट पर अदालत अगले सप्ताह सुनवाई करेगी।

### खगेन्द्र ठाकुर सीपीआई के बौद्धिक विरासत थे, उनकी कमी हमेशा खलेगी : अजय सिंह



रांची। भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार मे हिंदी साहित्य जगत के प्रख्यात आलोचक कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य डॉ खगेन्द्र ठाकुर की पांचवीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। मौके पर जिला मंत्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि डॉ खगेन्द्र ठाकुर का जीवन एक खुली किताब है। उन्होंने कई पुस्तकें लिखीं जो देश में व्याप्त सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों के साथ व्याप्त कुरीतियों को दर्शाता है। अजय सिंह ने कहा कि खगेन्द्र ठाकुर बौद्धिक जगत में बेबाक टिप्पणी के लिए विख्यात थे। श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के संयोजक सुनील सिंह ने कहा कि खगेन्द्र जी ने कई युवा पत्रकारों को लेखनी में सहयोग प्रदान किया और समाज के प्रति पत्रकारों के दायित्व के बारे में सोचने के लिए प्रेरित किया। श्रद्धांजलि सभा में मनोज, अमरेश, संजीत ओबीसी मोर्चा के नागेंद्र चौधरी, राहुल वर्मा बाटुल सहित कई लोग मौजूद थे।

## सांसदों ने रेलवे की सुविधाएं बढ़ाने की रखी मांग

रांची/सरायकेला। दक्षिण पूर्व रेल अंतर्गत चक्रधरपुर और रांची डिवीजन के सांसदों की बैठक सोमवार को जिले के चांडिल अनुमंडल स्थित आसनबनी के एक रिसॉर्ट में आयोजित की गई। जिसमें दक्षिण पूर्व रेल जीएम समेत स्थानीय सांसद मौजूद रहे। बैठक में दक्षिण पूर्व रेलवे के जेनरल मैनेजर अनिल कुमार मिश्रा शामिल हुए। इस दौरान सांसदों को रेलवे के विस्तार और योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि 319 करोड़ की लागत से चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत टाटानगर स्टेशन का विकास कार्य किया जाएगा। जिससे संबंधित टेंडर मार्च महीने में पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आदित्यपुर रेलवे स्टेशन मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित हो रहा है। इस बैठक में जमशेदपुर सांसद विद्युत वरण महतो, खूंटी सांसद कालीचरण मुंडा, पश्चिम सिंहभूम सांसद जोबा मांझी, लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत, चतरा सांसद कालीचरण सिंह और राज्यसभा सांसद आदित्य साहू मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में सांसदों ने अपने क्षेत्र में रेलवे विस्तार करने, रेल गाड़ियों के परिचालन, स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव सुनिश्चित करने संबंधित प्रमुख मांगों को रेलवे के समक्ष रखा। लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि आजादी के 70 साल बीतने के बाद भी गुमला रेलवे सुविधाओं से वंचित है, इस पर ध्यान देना चाहिए।

## राजद में कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि : संजय प्रसाद यादव

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। श्रम कौशल विकास एवं उद्योग मंत्री संजय प्र यादव सोमवार को प्रदेश राजद कार्यालय में कार्यकर्त्ताओं मिले। महासचिव कैलाश यादव ने मंत्री को बुके देकर स्वागत किया। श्रम एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि राजद एक मजबूत पार्टी है। राजद का विचारधारा और राजद सुप्रीमो लालू यादव और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का नीति सिद्धांत से प्रेरित होकर भारी संख्या में लोग राजद को अपना समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं इनका सम्मान सर्वोपरी है।

राजद महासचिव कैलाश यादव ने बताया कि मंत्री संजय प्र यादव के सक्रियता और 4 विधायक निर्वाचित होने से राजद में उत्साह है। उन्होंने कहा कि मंत्री पद संभालने के बाद राज्य के कई जिलों का भ्रमण करने का मौका मिला। इस दौरान विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ साथ पार्टी संगठन और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने का मौका मिला।

## बैंक गारंटी से अधिक हो गया प्लेसमेंट एजेंसियों पर राज्य सरकार का बकाया

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। उत्पाद विभाग ने शराब प्लेसमेंट एजेंसियों को जितनी कीमत शराब बेचने के लिए दी थी, उतना पैसा उत्पाद विभाग को नहीं मिल पाया। नतीजा, एजेंसियों का बकाया उनके बैंक गारंटी से भी अधिक हो गया है। अब विभाग ने एजेंसियों को बकाया जमा करने के लिए तीन दिन का समय दिया है। अगर तीन दिनों के अंदर एजेंसी बकाया राशि नहीं देती है तो विभाग सभी एजेंसियों की बैंक गारंटी जब्त कर की जाएगी। मामले को लेकर कई एजेंसियों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सिर्फ दो एजेंसी फ्रंटलाइन और जेएमडी का बैंक गारंटी बकाए राशि से ज्यादा है।

### किस एजेंसी का कितना है बकाया और बैंक गारंटी

**वेबेल टेक्नॉलिजी कंपनी:** बकाया: 15 करोड़, 24 लाख 2 हजार 985 रुपये, बैंक गारंटी: 5 करोड़ 49 लाख 521 रुपये।

**विजन कंपनी :** बकाया 13 करोड़ 15 लाख 56 हजार 892 रुपये, बैंक गारंटी: 7 करोड़ 40 लाख 40 हजार 961 रुपये।

**मारसन कंपनी :** बकाया 7 करोड़ 57 लाख 8 हजार 874 रुपये, बैंक गारंटी: पांच करोड़ दो लाख सात हजार 576 रुपए है।

**केएस मल्टीफैसीलिटी कंपनी:** बकाया 9 करोड़ 28 लाख 42 हजार 051 रुपये, बैंक गारंटी: 8 करोड़ 61 लाख 03 हजार 043 रुपए है।

**आरके एंड कंपनी:** बकाया 11 करोड़ 13 लाख 21 हजार 563 रुपये, बैंक गारंटी 10 करोड़ 65 लाख 93 हजार 323 रुपये है।

## ड्रोन से होगा कडरू से डीपीएस स्कूल तक फ्लाइओवर निर्माण के लिए सर्वे

खबर मन्त्र ब्यूरो

फ्लाई जोन में थर्ड फ्लोर बिल्डिंग की हाइट तक ड्रोन उड़ाने की होगी अनुमति

रांची। होटल रेडिशन ब्लू से डीपीएस स्कूल (बाइपास रोड) तक स्थित नदी-नाला के उपर फ्लाईओवर निर्माण के लिए अब ड्रोन से सर्वे किया जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने इस पूरे इलाके के सर्वे के लिए ड्रोन का उपयोग कराने का निर्णय लिया है। हालांकि, यह पूरा इलाका हवाई जहाज के फ्लाई जोन में आता है। ऐसे में इसके लिए एयरपोर्ट प्राधिकरण से अनुमति मांगी गयी है। मिली जानकारी के अनुसार प्राधिकरण ने शर्तो के साथ अपनी अनुमित दी है। एलिवेटेड फ्लाईओवर निर्माण के लिए किए जाने वाले ड्रोन सर्वे को अधिकतम तीन तल्ला इमारत तक की उंचाई में ले जाकर करने की अनुमित प्राधिकरण से दी गयी है। एयरपोर्ट के अधिकारियों का कहना है, कि इस पूरे क्षेत्र में हवाई जहाजों के उड़ान और उतरने का फ्लाई जोन निर्धारित है। इस कारण ड्रोन के जरिय अधिक उंचाई से सर्वे नहीं किया जा सकता है। ऐसे में अब इंजीनियरों व कंसलटेंट की टीम मात्र तीन तल्ला तक की उंचाई को लेकर ही ड्रोन को उड़ायेगी और सर्वे करने का प्रयास करेगी।

**अतिक्रमण भी समस्या, काफी संकरा रास्ता** : रेडिशन ब्लू से डीपीएस स्कूल तक नदी किनारे काफी अतिक्रमण भी है, संकरा रास्त भी है। झाड़ी भी भरा हुआ है। इन सबके बीच से ही सर्वे का काम प्रारंभ किया गया था, लेकिन इसे पूरा नहीं किया जा सका। अब ड्रोन से सर्वे कराने की कोशिश की जायेगी। इसमें भी बाधा की संभावना जतायी जा रही है। बताते चलें कि राज्य सरकार ने राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों के नदी-नाला के उपर ब्रिज बनाने की योजना बनानें को कहा है। हालांकि, इसमें नदी के संरक्षण का भी विशेष ख्याल रखा जायेगा।

## 10 डिसिमल तक के लंबित म्यूटेशन कैंप लगाकर करें निष्पादित : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। अंचल अधिकारियों के साथ ऑनलाइन मीटिंग में सोमवार को उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जिला में दाखिल-खारिज से संबंधित मामलों का शिविर लगाकर निष्पादन करने का निर्देश दिया है।

उपायुक्त ने अपर समाहर्त्ता, रांची रामनारायण सिंह को जिला के सभी अंचलों में 10 जनवरी 2025 तक 10 डिसमिल तक के दाखिल-खारिज के लंबित मामलों की सूची तैयार करने को कहा है। उन्होंने बिना आपत्ति 30 दिन एवं 90 दिनों तक आपत्ति के साथ 10 डिसिमल के तक म्यूटेशन से संबंधित मामलों की सूची बनाने के निर्देश दिये हैं।

बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा कि म्युटेशन के लंबित मामलों के निष्पादन के लिए रविवार के दिन कैंप आयोजित किया जाएगा ताकि अन्य कार्य दिवस में कार्य प्रभावित न हो।

**अंचलवार दाखिल-खारिज के मामलों की समीक्षा :** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने बैठक में सभी अंचल के लंबित दाखिल-खारिज मामलों की समीक्षा की। उन्होंने म्यूटेशन के निष्पादन में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि अगर किसी केस में अन्य दस्तावेज की आवश्यकता है तो सीधे आवेदन रिजेक्ट ना करते हुए आवेदक को नोटिस निर्गत करें। उपायुक्त द्वारा परिशोधन पोर्टल पर आए मामलों को लेकर कर्मचारियों को गाइड करने की भी बात कही।

# निर्माणाधीन फ्लाइओवर में आ रही अड़चनें करें दूर : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



रांची। डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने रांची जिले में चल रही योजनाओं के साथ शहर के निमार्णाधीन फलाईओवर के कार्यों में आ रही अड़चनों को दूर करते हुए इसे जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया है। वे सोमवार को इस मसले पर जिले के वरीय अफसरों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने रांची जिला के सभी प्रखंडों में लंबित दाखिल खारिज मामलों को भी ससमय निष्पदित कराने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि सभी पदाधिकारी/ कर्मी जिला प्रशासन द्वारा बनाए जा रहे आइकार्ड लगाएं, ताकि उनके नाम और पदनाम से आम जनता उन्हें पहचान सकें। इससे पारदर्शिता भी आयेगी। उपायुक्त ने सभी वरीय पदाधिकारियों को कहा कि सभी पदाधिकारी कर्मी ससमय अपने कार्यालय आएं। बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से हो। आमलोग जब अपनी समस्या ले कर अधिकारी/कर्मी के पास पहुंचे तो उनकी समस्या का निष्पादन हर हाल में हो यह सुनिश्चित रहें।

**ससमय लंबित दाखिल खारिज निष्पादन कराए** : उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारी को यह स्पस्ट निर्देश दिया गया की अंचल में आने वालें दाखिल खारिज ससमय कराए। दाखिल खारिज/भूमि सम्बंधित मामलें जिन अंचलों में काफी समय से लंबित है, वैसे अंचलों की सूची बनाने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि दाखिल खारिज के मामले, अंचलों में आते हैं उन्हें बिना जायज कारण के खारिज ना करें बल्कि पहले ऐसे मामलों का मूल्यांकन कर लें।

उपायुक्त श्री भजंत्री ने कहा कि शहर में बन रहे फलाई ओवर की लगातार मॉनिटरिंग हो रही है। जिसको लेकर रांची जिला में चल रही योजनाओं खास करके रांची शहर के निमार्णाधीन फलाई ओवर के कार्यों में आ रही अड़चनो को दूर करते हुए इसे जल्द पूरा कराने को कहा।

### सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर कई निर्देश

उपायुक्त ने रांची शहरी क्षेत्र में सुगम यातायात व्यवस्था को लेकर सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि इसके लिए कारगर योजना बनाएं ताकि रांची वासियों और बाहर से आने वालें लोगों को जाम की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए शहर में जहां अतिक्रमण हुआ है, उसे हटाएं ताकि यातायात व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। इसके लिए अतिक्रमण हटाया जाएगा।

### उपायुक्त ने इन योजनाओं पर की चर्चा

**अबुआ आवास की जानकारी** : उपायुक्त ने जिला में निर्माण हो रहे अबुआ आवास की जानकारी लेते हुए कहा कि अब तक कितना अबुआ आवास पूरा हो गया है, उन्हें भुगतान समय पर हो रहा है, कि नहीं इसकी जानकारी लेते हुए सम्बंधित अधिकारी को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

**झारखण्ड मंईया सम्मान योजना की जानकारी** : उपायुक्त द्वारा झारखण्ड मंईया सम्मान योजना की राशि लाभुकों के खाते में जा रही है, की नही इसकी जानकारी लिया। जिसपर सम्बंधित पदाधिकारी द्वारा बताया की दिसंबर माह की राशि लाभुकों के खाते में जा चुकी है। जिन लाभुकों की राशि नही गई है उनका त्रुटि सुधार किया जा रहा है।

**अबुआ साथी/ अबुआ ग्रुप की जानकारी सभी को दें** : उपायुक्त ने सभी वरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की जिला प्रशासन द्वारा जो अबुआ साथी 9430328080 जन शिकायत हेतु बनाया गया है। इसकी जानकारी जन जन तक पहुंचाए। साथ प्रखंड स्तर पर बनाए अबुआ ग्रुप में सम्बंधित लोगों को जोड़ने का निर्देश दिया।

**वाहनों को पार्किंग में लगाने के निर्देश** : उपायुक्त मंजूनाथ ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि समाहरणालय ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक बी परिसर में इधर-उधर लग रहें वाहनों को निर्धारित पार्किंग में लगवाना सुनिश्चित करें।

**केंद्रीय शांति समिति के प्रस्ताव पर विचार** : उपायुक्त द्वारा पूर्व में केंद्रीय शांति समिति के सदस्यों के साथ हुए बैठक में उनके द्वारा जो सामाजिक मुद्दा जैसे- नशा-पान, ड्रग्स, छेड़खानी को लेकर कार्य करने की इच्छा जताई थी उसपर विचार किया गया। उनके इस सहयोग के लिए उपायुक्त ने प्रशंसा भी जाहिर की।

**विधि व्यवस्था सम्बंधित रिपोर्ट हर दिन दें** : उपायुक्त ने अपर जिला दंडाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि रांची जिला में विधि व्यवस्था की पूरी प्रतिवेदन उन्हें हर दिन दें ताकि ससमय ऐसे मामलों का निष्पादन कराया जा सकें।

# बीएयू के शिक्षकेतर कर्मियों की प्रोन्नति एसीपी, एमएसीपी की बाधाएं होंगी दूर

- कृषि मंत्री ने विवि की गतिविधि, उपलब्धि और समस्याओं को जाना

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय झारखंड का गौरव है। यह झारखंड की पहचान धरती आबा बिरसा भगवान और कार्तिक उरांव से जुड़ा है। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया था। यहां का शिक्षण, अनुसंधान और कृषक समुदाय के उत्थान का कार्य इसकी गरिमा के अनुरूप होना चाहिए। श्रीमती तिर्की ने बीएयू की गतिविधि, उपलब्धि और समस्याओं की जानकारी लेने के लिए सोमवार को विश्वविद्यालय में लगभग 5 घंटे व्यतीत किये। वहां के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गुणवत्ता युक्त बीज की उपलब्धता बढ़ाने के लिए राज्य में 10 बीज ग्रामों की स्थापना का निर्णय लिया है। राज्य की बीज नीति तैयार करने के लिए कृषि निदेशक और विश्वविद्यालय अधिकारियों की एक बैठक शीघ्र विभाग में आयोजित की जाएगी।

कृषि मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा 8 से 10 फरवरी तक आयोजित किए जाने वाले एग्रोटेक किसान मेला में राज्य के सफल और प्रगतिशील किसानों को बड़ी संख्या में बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि बिरसा भगवान की जन्मस्थली उलिहातू सहित खूंटी, रांची और गुमला जिला के 5-6 गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए बीएयू अंगीकृत करें। 3 वर्षों के लिए निश्चित विकास कार्यक्रम तय करे, ताकि उन गांवों में विकास की गति देखकर आसपास के अन्य गांव भी प्रेरित-प्रोत्साहित हों। मंत्री ने वानिकी अधिष्ठाता को निर्देश दिया कि नाहेप परियोजना के तहत उलिहातू गांव में किये गए बेसलाइन सर्वे, चलाये गये विकास कार्यक्रम और इंपैक्ट स्टडी की रिपोर्ट उन्हें यथाशीघ्र उन्हें सौंपी जाय। उन्होंने बम्बू मिशन, हनी बी मिशन और एक जिला एक उत्पाद परियोजना के तहत विश्वविद्यालय द्वारा किया गया कार्यों, उसके प्रभाव तथा लाभान्वित किसानों के संबंध में एक रिपोर्ट शीघ्र सौंपने का निर्देश निदेशक प्रसार शिक्षा को दिया।

श्रीमती तिर्की ने शिक्षकों की प्रोन्नति संबंधी कैस योजना के बारे में भी जिज्ञासा रखी। कहा कि उससे संबंधित गजट नोटिफिकेशन शीघ्र जारी कर दिया जाएगा। मंत्री ने शिक्षकेतर कर्मियों की प्रोन्नति संबंधी नीति शीघ्र तैयार करने और एसीपी/एमएसीपी के मार्ग में उत्पन्न बाधाओं को दूर करने के लिए विभाग में एक बैठक करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। वित्तीय और प्रशासनिक कामकाज में नियमों का पालन दृढ़ता पूर्वक करने का निर्देश विश्वविद्यालय अधिकारियों को दिया।

बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों, चुनौतियों मुद्दों और भावी रोड मैप के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। कहा कि मानव संसाधन की कमी यहां की सबसे प्रमुख समस्या है। नये स्थापित सात कॉलेज पूरी तरह संविदाकर्मी शिक्षकों के सहारे चल रहे हैं। कुलपति ने बताया कि यूजी पाठ्यक्रमों में स्वीकृत सीटों पर लगभग 70% छात्राएं प्रवेश ले रही हैं, जिनके लिए छात्रावास की कमी है। उन्होंने कहा कि कामकाज में तेजी लाने के उद्देश्य से सभी अधिकारियों और कर्मियों को शीघ्रतापूर्वक कार्य निष्पादित करने का सख्त निर्देश दिया गया है। अनुसंधान निदेशक डॉ पीके सिंह ने धन्यवाद किया।

## स्वामी विवेकानंद युवाओं के कर्णधार हैं : डॉ पंपा सेन विश्वास

- संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** संजय गांधी मेमोरियल महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट 2 और 3 की ओर से सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अपिर्त कर किया गया। मौके पर स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पम्पा सेन विश्वास ने स्वामी विवेकानंद को संबोधित करते हुए उतिष्टत जाग्रत प्राप्य बरान निबोध उद्घोष के साथ कहा-तब तक आगे बढ़ते रहो, जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर लो। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के कर्णधार हैं। वहीं, प्राचार्य डॉ राजेश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद कोई साधारण व्यक्ति नहीं थे, जिनकी जयंती मनाई जा रही है। वह कहते थे कि अगर देश के नौजवानों को सुशिक्षित, संस्कारी,ज्ञानी, विद्वान बनाएं तो देश अपने आप ही आगे बढ़ेगा। डॉ सुखदेव साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के नाम में ही संपूर्ण विश्व का ज्ञान छुपा हुआ है। इस दौरान उन्होंने एक नागपुरी गीत भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के उपरांत धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी अरुण सौमित्र ने कहा कि स्वामी विवेकानंद नवयुवकों के आइकॉन रहे। उनके दिखाए गए रास्ते पर चलने से स्वच्छता के साथ समाज आगे बढ़ेगा। मौके पर गोपाल महतो विशेष रूप से उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में सूनी लोगों की शिकायत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री लगातार जनता दरबार में लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। सोमवार को भी उन्होंने समाहरणालय सभाकक्ष में जिला के शहरी एवं सुदूर ग्रामीण इलाके से आये लोगों की समस्याओं को सुना। जनता दरबार में जमीन पर अवैध कब्जा, भूमि रैयतीकरण, धोखे से जमीन बेचने, भूमिहीन को अबुआ आवास उपलब्ध कराने, मालगुजारी रसीद में सुधार आदि से संबंधित आवेदन आये। जिस पर उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारी से फोन पर बात कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। साथ ही उन्होंने शिकायतों का यथाशीघ्र निष्पादन करने को भी कहा। सोमवार को लगे जनता दरबार में डुमरदगा, नामकुम अंचल, नेवरी-विकास, मैक्लुस्कीगंज आदी की समास्याओं को सुना। इसके अतिरिक्त जनता दरबार में अन्य मामलों की सुनते हुए भी उपायुक्त द्वारा निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।

**केस-1 :** डुमरदगा की कुमुद चौधरी कम्प्यूटर जनित प्रति (मालगुजारी रसीद) में रकबा चार कट्ठा की जगह 4 डिसमिल की अशुद्धि की सुधार को लेकर जनता दरबार पहुंची थीं। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी दस्तावेजों की जांच करते हुए संबंधित सीओ को फोन पर ही आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

**केस-2 :** नामकुम अंचल के महेन्द्र कच्छप द्वारा जनता दरबार में अपनी 2.5 एकड़ की पुश्तैनी जमीन को बाहरी व्यक्तियों द्वारा जबरन खाली कराये जाने के संबंध में आवेदन दिया गया। आवेदक द्वारा बताया गया कि बाहरी व्यक्तियों द्वारा बार-बार उन्हें जमीन खाली करने और जान से मारने की धमकी दी जाती है, इस संबंध में थाने में भी शिकायत की गई है। उपायुक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण से फोन पर बात करते हुए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

**केस-3 :** नेवरी विकास के रहने वाले रामरतन मुण्डा द्वारा जनता दरबार में उनकी जमीन पर बने घर को भूमि माफियाओं द्वारा तोड़कर अवैध कब्जा करने की शिकायत उपायुक्त के समक्ष की गयी। उपायुक्त द्वारा कांके सीओ को इस संबंध में जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

**केस-4 :** जनता दरबार में एक महिला अपने पांच वर्ष आठ महीने के बीमार बच्चे के आयुष्मान कार्ड के जरिये ईलाज के लिए आवेदन लेकर पहुंची थी। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा आयुष्मान के नोडल पदाधिकारी से बात कर महिला को जानकारी दी गयी कि माता या पिता के आयुष्मान कार्ड से बच्चे का इलाज संभव है। नोडल पदाधिकारी को उपायुक्त ने संबंधित अस्पताल प्रबंधन से बात कर बच्चे का ईलाज सुनिश्चित कराने के दिये निर्देश।

**केस-5 :** मैक्लुस्कीगंज से रजिया बीबी अपने भाईयों द्वारा पैतृक जमीन से बेदखल करने और धोखे से उनके हिस्से की जमीन बेचे जाने की शिकायत लेकर आई थीं। आवेदक द्वारा पूरी जानकारी लेने के पश्चात उपायुक्त द्वारा जनशिकायत के नोडल पदाधिकारी को एसएसपी कार्यालय से पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त द्वारा आवेदक को इस संबंध में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया अपनाने को भी कहा गया।

**केस-6 :** बसंती देवी तुरीन ने अपने बच्चे के साथ मारपीट के बाद थाने में समझौता के अनुसार दूसरे पक्ष द्वारा इलाज का खर्च नहीं देने और झूठे केस में परेशान किये जाने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि मारपीट के बाद उनके बच्चे का घुटना पूरी तरह से नहीं मुड़ रहा है, आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है ताकि इलाज करवा सके। उपायुक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा बात कर मामले में उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने चोटिल बच्चे का सदर अस्पताल में ईलाज कराने का निर्देश दिया।

## एनएसयूआइ ने कॉलेज प्रबंधन से मांगी छात्रों और शिक्षकों की सुरक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो

- प्राचार्य और छात्र नेताओं के बीच हुई नोक-झोंक

**रांची।** एनएसयूआइ के प्रदेश महासचिव रोहित पांडे के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल योगदा सत्संग महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रगति बक्शी से मिला। इस दौरान प्राचार्य और छात्र नेताओं के बीच थोड़ी नोक-झोंक भी हुई। प्राचार्य ने छात्र नेताओं से कहा कि ये हमारा कॉलेज है। यहां कोई छात्र संगठनों की मोल या आवश्यकता नहीं है? उन्होंने कहा कि अगर आपलोग इस तरह से अग्रेसिव वार्ता करेंगे तो हम महिला आयोग में जाएंगे। इधर एनएसयूआई सदस्यों ने कहा कि अगर वैसे कॉलेजों में जहां छात्र-छात्राओं को छात्र संगठनों की मदद लेने पर डराया जाता है और छात्र हित की आवाज बुलंद करने पर इस तरह की धमकियां दी जाती हैं। हमलोग छात्र हित में सदैव तत्पर थे, हैं और रहेंगे। और आप स्वतंत्र हैं कहीं भी जाने के लिए। एनएसयूआई ने कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं और कॉलेज प्रशासन द्वारा अभी तक इस पर क्या करवाई हुई इसकी जानकारी मांगी है। एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने कॉलेज प्रबंधन से पुलिस पिकेट जल्द लगाने, आसामाजिक तत्वों को चिन्हित कर प्रशासनिक कार्यवाही करने एवं सिक्युरिटी एजेंसी को तत्काल बदलने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में एनएसयूआइ सदस्य साहिल सिंह सोनू, अमन, प्रभात, निरंजन आदि छात्र शामिल थे।

## लायंस क्लब ऑफ समर्पण ने ग्रामीणों के साथ मकर संक्रांति मनायी



**रांची।** सोमवार को सामाजिक संस्था लायंस क्लब ऑफ समर्पण की ओर से कांके रोड स्थित पतरा गोंदा गांव में ग्रामीणों के बीच मकर संक्रांति त्यौहार के उपलक्ष्य में सैकड़ों ग्रामीणों के बीच तिल, चूड़ा, बिस्किट, लड्डू और गुड़ का वितरण किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ समर्पण के सदस्यों ने सभी को मकर संक्रांति पर्व की बधाई दी। साथ ही साथ सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। सभी ने कहा कि हमारे देश के विभिन्न हिस्सों में मकर संक्रांति त्यौहार को फसलों का त्यौहार, पोंगल और बिहू का त्यौहार मनाया जाता है। यह सांस्कृतिक पर्व सर्दियों के अंत और लम्बे दिनों की शुरुआत का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायंस क्लब ऑफ समर्पण की अध्यक्ष सीमा सिंह, उपाध्यक्ष रीना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नीलम कुमारी, सचिव हेमा बंका, फाउंडर सुमिता बेदी, सारिका अग्रवाल, संजीवनी साहू, सिंधु बाला, संगीता झुलका, शिवप्रिया सिंह आदि मौजूद थे।

## जेसीआइ रांची उड़ान ने स्लम एरिया के बच्चों संग मनायी मकर संक्रांति की खुशियां

- स्वेटर, पठन-पाठन व खाद्य सामग्री बांटी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सामाजिक संस्था जेसीआई रांची उड़ान ने शहर के हरमू एचआई कॉलोनी (कल्याण एवं विकास समिति के कार्यालय परिसर) में सोमवार को आर्थिक रूप से कमजोर स्लम एरिया के बच्चों संग मकर संक्रांति की खुशियां मनाई। संस्था के पदधारियों व अन्य सदस्यों के सौजन्य से बच्चों के बीच स्वेटर पठन-पाठन व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर जेसीआई रांची उड़ान की इमीडिएट निवर्तमान अध्यक्ष व समाजसेविका ट्विंकल छावनिका ने कहा कि मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने अन्य सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवियों से भी गरीबों की सेवा के प्रति बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की। इस अवसर पर प्रेसिडेंट अदिति मेवाड़ा, सचिव प्रिया लखोटिया, निधि सिंघानिया, नीतू छापरिया, अनुराधा अग्रवाल, शिखा तोसावर, श्रेष्ठ अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

स्लम एरिया के बच्चों को निःशुल्क कोचिंग दे रहे सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी ललन कुमार मिश्र ने जेसीआई रांची उड़ान के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में राष्ट्रीय युवा दिवस सह वार्षिक उत्सव मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धुर्वा के परिसर में विवेकानंद जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस सह वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति राजेश कुमार झारखंड उच्च न्यायालय रांची मुख्य अतिथि के रूप में एवं प्रोफेसर डॉक्टर इंद्रनील माना कुलपति बीआईटी मेसरा, रांची विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वार्षिक उत्सव में संस्कार पूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर शिशु विकास मंदिर समिति के माननीय अध्यक्ष श्री शक्ति नाथ लाल दास ,संरक्षक श्री पवन मंत्री उपाध्यक्ष, बीके जायसवाल सह मंत्री डॉ धनेश्वर महतो कोषाध्यक्ष, एस वेंकट रमन डॉक्टर उमाशंकर शर्मा, महावीर सिंह, नागेंद्र श्रीवास्तव, लाल अशोक नाथ शाहदेव, नर्मदेश्वर मिश्र, अजय बैठा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की उप प्राचार्य मीना कुमारी, शुभश्री तिवारी, नीलिमा कुमारी, सभी आचार्य एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सीसीएल सतर्कता विभाग का 'ड्राफ्टिंग ऑफ चार्जशीट' पर प्रशिक्षण आयोजित

- सीसीएल, सीएमपीडीआई और एनसीएल के सतर्कता अधिकारियों के कौशल को उन्नत करना था कार्यक्रम का उद्देश्य

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सतर्कता विभाग द्वारा सोमवार को ड्राफ्टिंग ऑफ चार्जशीट विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सीसीएल, सीएमपीडीआई और एनसीएल के सतर्कता अधिकारियों के कौशल को उन्नत करना था। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एलएन मिश्रा, पूर्व निदेशक (कार्मिक), एमसीएल ने प्रशिक्षण सत्र का संचालन किया। श्री मिश्रा ने विषय से संबंधित व्यावहारिक अनुभवों और प्रक्रियाओं को साझा किया, जिससे अधिकारियों को आरोप पत्र तैयार करने की प्रक्रिया को गहराई से समझने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में सीसीएल, सीएमपीडीआई और एनसीएल के सतर्कता विभागों से कुल 37 अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान, प्रतिभागियों को आरोप पत्र तैयार करने में उपयोग होने वाले विधिक प्रावधानों, प्रक्रियाओं और इसके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

सीसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आरोप पत्र न केवल अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह न्यायपूर्ण और पारदर्शी निर्णय लेने की प्रक्रिया का आधार भी है। सतर्कता अधिकारियों को इस विषय में दक्षता प्राप्त करने से संस्थान की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होगा।

कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों ने प्रशिक्षक के साथ संवादात्मक सत्रों में भाग लिया और अपने अनुभवों और मुद्दों को साझा किया। श्री मिश्रा ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके संदेहों को दूर किया और इस महत्वपूर्ण विषय पर उनके ज्ञान को और समृद्ध किया। सीसीएल के सतर्कता विभाग द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अधिकारियों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक साबित हुआ। कार्यक्रम ने उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन करने में अधिक पारदर्शिता और कुशलता सुनिश्चित करने का मार्गदर्शन प्रदान किया।

## खबर एक नजर में

### सीआइटी में शोकसभा, कक्षाएं स्थगित



**रांची।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सोमवार को शोकसभा के बाद कक्षाएं स्थगित कर दी गयीं। संस्थान के ईसीई ब्रांच के फिफ्थ सेमेस्टर में अध्यनरत विद्यार्थी आकाश कुमार (25) की सोमवार को इलाज के दौरान वाराणसी में मौत हो गई है। इसे लेकर शोकसभा का आयोजन किया गया। मौके पर दो मिनट के मौन धारण के बाद शोक संतप्त परिवार जनों के नाम करुण संदेश पढ़ा गया। प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन ने कहा कि मृतक विद्यार्थी आकाश एक होनहार छात्र था। उसके असामायिक निधन से परिवार और संस्थान को अपूरणीय क्षति हुई है। भगवान उसकी आत्मा को शांति दें। बताते चलें कि मृतक छात्र आकाश पिछले नवम्बर माह में रांची रिंग रोड में दुर्घटनाग्रस्त हुआ था और वह बिहार के सासाराम जिले का रहने वाला था।

### डीएवी कपिलदेव में विवेकानंद जयंती मनी



**रांची।** डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल कडरू में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर स्वामी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा इस मौके पर बच्चों से स्वामी विवेकानंद जी के सिद्धांतों पर चलने को कहा। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी ने विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो में जो वक्तव्य दिया था, उसे बार-बार सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि विवेकानंद जी सदियों तक याद किये जाते रहेंगे। बच्चों से अपनी मेधा विवेकानंद जी की तरह बनाने का आह्वान किया।

### सरला बिरला में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



**रांची।** स्वामी विवेकानंद और बसंत कुमार बिरला की जयंती के अवसर पर सोमवार को सरला बिरला पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन बड़े धूमधाम से किया। सभा की शुरूआत विचार और प्रार्थना से की गई। मौके पर विद्यालय की छात्राओं ने स्वामी विवेकानंद की तरह परिधान धारण कर और उनके व्यक्तित्व को जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हुए राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला। प्राचार्या परमजीत कौर ने अपने उद्घाटन भाषण में स्वामी विवेकानंद के उपदेशों की आज के समय में अहमियत को रेखांकित किया और छात्रों से उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। प्राचार्या ने स्वामी विवेकानंद और बसंत कुमार बिरला द्वारा प्रतिपादित आदर्शों और मूल्यों का महत्व बताया और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके पदचिन्हों पर चलें, ताकि वे जीवन में सफलता और आंतरिक शांति प्राप्त कर सकें।

### संगठन के विस्तार से संघर्ष को बल मिलेगा : महेश्वर साहु



**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने संगठन विस्तार के तहत केंद्रीय समिति में शामिल करते हुए कई लोगों को पदाधिकारी बनाया है। मैकलुस्कीगंज के पत्रकार और पुराने कार्यकर्ता बसंत कुमार पंकज को केंद्रीय संगठन महासचिव बनाया गया है, वहीं खूंटी के अधिवक्ता रहे राजन चौधरी को केंद्रीय समिति सदस्य और खूंटी जिला का प्रभारी भी बनाया गया है। इसी तरह जरमुंडी (दुमका) निवासी कपिलदेव मंडल को केंद्रीय सदस्य बनाया गया है, जबकि देवघर जिले के सारवां निवासी सामाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र मंडल को युवा मोर्चा का देवघर जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जल्द ही और कई सदस्यों को पदाधिकारी बनाया जायेगा। इन सभी पदाधिकारियों को 18 जनवरी को रामगढ़ जिले के पतरातू डैम में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में शपथ ग्रहण कराया जायेगा। केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वैश्य मोर्चा को सुदृढ़ बनाने का काम किया जा रहा है। वैश्य समाज की एकता और संगठन के मजबूती से मुद्दों पर संघर्ष को बल मिलेगा।

### जिप सदस्य आदिल अजीम ने किया कंबल वितरण



**रांची।** पश्चिमी जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने सोमवार को चान्हो क्षेत्र गांव में 200 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया कंबल पर्याप्त नहीं होता है। इसलिए अपने स्तर से जहां भी जरूरत होती है कंबल उपलब्ध कराते हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ बेरोजगार युवकों को मिलना चाहिए। विकास कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित होना जरूरी है। जिन्हें वास्तव में कंबल की जरूरत थी उन्हें ढूंढ कर दिया गया। धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में गर्म कपड़े और कंबल का वितरण किया गया।

### नशा से धन व स्वास्थ्य दोनों पर पड़ता है बुरा असर : स्वीकृति विनाया

**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान को संबोधित करते हुए सोमवार को एलएडीसीएस अधिवक्ता स्वीकृति विनाया ने कहा कि नशा न करें, नशा से धन और स्वस्थ दोनों पर बुरा असर पड़ता है। नशा के सेवन से पूरा घर-परिवार बरबाद हो जाता है। उन्होंने बाल-विवाह के रोकथाम पर विस्तार से चर्चा की एवं बाल विवाह अधिनियम के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा उन्होंने समृद्धि योजना के बारे में जानकारी दी। पीएलवी अनिमा मल्लिक ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण पर प्रकाश डाला। इसके अलावा दहेज प्रथा कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। पीएलवी सोनामनी देवी ने एमएसीटी एक्ट के बारे में जानकारी दी। पीएलवी प्रवीण कुमार ने सड़क दुर्घटना में मिलनेवाले मुआवजा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन की जानकारी दी। पीएलवी अनिमा मल्लिक ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं श्रम कार्ड की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं।

### मांगों को लेकर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मिले एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष



**रांची।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव के नेतृत्व एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें नववर्ष की शुभकामना दी। साथ ही रांची विश्वविद्यालय से संबंधित मुद्दों पर ध्यान आकर्षित कराते हुए विद्यार्थियों के हितार्थ में 4 सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौपे गए ज्ञापन को देखने के बाद कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि बहुत ही जल्द इस पर सकारात्मक कार्रवाई कर आपको सूचित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीएस कॉलेज के छूटे हुए सेमेस्टर 3 हिंदी एइसी-3ए विषय की परीक्षा को 26 जनवरी से पहले आयोजित करने का प्रयास होगा। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महासचिव सैफ अहमद, प्रदेश सचिव सह कार्यालय प्रभारी हुसैन अंसारी, पूर्व जिला महासचिव प्रिंस राज, पूर्व जिला सचिव सरफराज अहमद आदि पदाधिकारी गण शामिल थे।

### इंडियन बैंक एम्पलाइज यूनियन झारखंड का आठवां त्रैवार्षिक सम्मेलन संपन्न




**रांची।** इंडियन बैंक इम्प्लॉईज युनियन, झारखण्ड का आठवाँ त्रैवार्षिक सम्मेलन का आयोजन सोमवार को वाई.पी. सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन के उद्घाटनकर्त्ता कॉम. सी.एच. वेंकटाचेलम मुख्य अतिथि इंडियन बैंक मण्डल प्रमुख रामस्वरूप सरकार, कॉम. ई. अरूणाचेलम, दीपक शर्मा, उत्पल कान्त, अरूप घोष, निरंजन मिश्रा, घनश्याम श्रीवास्तव, अतुल मेहरोत्रा, मनीष सिंह, दिनेश शर्मा, आर.ए. सिंह, आर.बी. सहाय, अनुपम एक्का, देवेश चक्रवर्ती, संदीप बैनर्जी एवं देश-राज्य के विभिन्न जिलों के नेताओं की उपस्थिति में हुई। जहां राज्य के विभिन्न शाखाओं से आये 350 डेलीगेट/ऑब्जर्वर के द्वारा निम्नलिखित पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन हुआ। अध्यक्ष कॉम. वाईपी सिंह, महासचिव कॉम. शशिकान्त भारती, कोषाध्यक्ष कॉम. अजय कुमार डे, डी.जी.एस. कॉम. विभाष झा, ए.जी.एस. कॉम. विजय मण्डल एवं कॉम. सरफराज अहमद, ऑर्गेनाईजिंग सेक्रेटरी-कॉम. राजीव रंजन एवं भरतवीर सिंह, सेक्रेटरी-कॉम, दिलीप पासवान, ऑफिस सेक्रेटरी-कॉम. हर्ष कुमार, कॉमरेड वाईपी सिंह (अध्यक्ष) कॉमरेड शशिकांत भारती (महासचिव) कॉमरेड अजय डे (कोषाध्यक्ष) को सर्वसम्मति से चुना गया।

स्पीड न्यूज

## बेरमो में ब्राह्मण समाज का स्थापना दिवस समारोह

**बेरमो।** संपूर्ण ब्राह्मण समाज, बोकारो झारखंड की और से संगठन का स्थापना दिवस सह वनभोज कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता केन्द्रीय अध्यक्ष जितेंद्र दूबे और संचालन अनिल कुमार पाठक ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि संपूर्ण ब्राह्मण समाज संपूर्णता को लेकर स्थापित है। वह अपने कार्यों को अपनी पूरी क्षमता से कर रहे है। पूरे राज्य में कमेटी के अध्यक्ष विभिन्न कार्यों को किया जा रहा है। समाज के लोग एक दूसरे को सहयोग करें। संगठन में बड़ी शक्ति है। वहीं केंद्रीय अध्यक्ष जितेंद्र दुबे ने कहा कि बोकारो एवं बेरमो के शिक्षण क्षेत्र में कई कार्य किया जा रहा है। फुसरो पुराना वीडियो ऑफिस के पास कंप्यूटर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है जो निशुल्क है। इसके लिए जितेंद्र दुबे से संपर्क किया जा सकता है।

## रोटरी चास ने की दूसरे कॉपी बैंक की स्थापना मिलेगी निशुल्क कॉपियां

बोकारो। रोटरी क्लब चास द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय आजाद नगर में कॉपी बैंक की स्थापना की गई। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने कहा कि आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निशुल्क कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी। विनोद चोपड़ा ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य बच्चों का भविष्य संवारना है। कार्यक्रम के संयोजक एवं संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि कॉपी की बढ़ती कीमतों के कारण कमजोर वर्ग के छात्र कई बार कॉपी खरीदने में असमर्थ हो जाते है। कॉपी बैंक का उद्देश्य ऐसे छात्रों को पाठ्यक्रम सामग्री निशुल्क उपलब्ध कराना है। क्लब के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि यह पहल वंचित वर्ग के छात्रों को आवश्यक अध्ययन सामग्री की पहुंच सुनिश्चित करके सहायता का है। बच्चों को पाठ्य सामग्री के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। स्कूल के प्राचार्य वीरेंद्र प्रसाद ने रोटरी क्लब की प्रशंसा करते हुए कहा कि कॉपी बैंक अध्ययन के अनुकूल शिक्षण वातावरण प्रदान करेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में नरेंद्र सिंह ललिता चोपड़ा रितु अग्रवाल ज्योति अग्रवाल एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं का अहम योगदान रहा। उल्लेखनीय है कि रोटरी क्लब द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय माराफारी के बाद यह दूसरा कॉपी बैंक स्थापित किया गया है।

## बेरमो : कोयला चोरी के खिलाफ छापामारी



बेरमो। सीसीएल कथारा क्षेत्र के जीएम के आदेशानुसार सोमवार की अहले सुबह क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी के नेतृत्व में कोयला चोरों के विरुद्ध एक संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान में क्षेत्रीय गश्ती दल, कथारा कोलियरी गश्ती दल, और जारंगडीह कोलियरी गश्ती दल शामिल थे। अभियान का उद्देश्य कोयला चोरी पर रोक लगाना था। गश्ती दल जब जारंगडीह कोलियरी के माइंस एरिया में पहुंचा, तो कोयला चोरों ने दल पर जानलेवा पत्थरबाजी की। हालांकि, गश्ती दल ने साहस दिखाते हुए अभियान को जारी रखा। गश्ती दल ने मौके पर 10 बाइक और 12 साइकिल को जब्त कर क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही, लगभग 5 टन कोयला जब्त किया गया, जिसे बाद में कोयला स्टॉक में डाल दिया गया। छापामारी अभियान में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी इबरार हुसैन के नेतृत्व में रामनाथ राय, मोंटू सिंह, बन्ना उरांव, भुनेश्वर, पप्पू, पवन व होम गार्ड के जवान शामिल थे।

## पेटरवार के बोरवापानी मे हाथी का आतंक



बेरमो। पेटरवार प्रखंड के मायापुर पंचायत अंतर्गत बोरवापानी मे सोमवार सुबह हाथियों की झुंड से बिछड़े एक हाथी ने जमकर आतंक मचाया। गांव के लोग जाग रहे थे इसलिए किसी तरह की हानी नही हो सकीं। मिली जानकारी के अनुसार सुबह हाथी गांव में घुस आया और गांव के शिवन मांझी का चारदीवारी ढहाने के अलावे अनाज चट कर दिया। इसके अलावे अर्जुन मांझी तथा करमचंद मांझी के सब्जी को पुरी तरह बर्बाद कर डाला। मायापुर पंचायत के मुखिया नामकिशोर मांझी ने कहा कि इस घटना की जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को सुचित कर दिया गया है। कहा की जल्द ही पीड़ितों को उसके नुकसान का हजार्ना दिलाने का प्रयास किया जायेगा। मालूम हो कि 11 जनवरी को पेटरवार प्रखंड के उलगड्डा पंचायत मे हाथी ने जमकर उत्पात मचाया था जिसमे कई ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था।

### कार्मल स्कूल मामले में डालसा एवं जिला प्रशासन ने की जांच

# जल्द ही रिपोर्ट झालसा को जायेगी : अवर न्यायाधीश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** कार्मल स्कूल डिगवाडीह में दसवीं की छात्राओं से पेन डे के अवसर पर कथित रूप से शर्ट उतरवाने के मामले पर सोमवार को दूसरे दिन झालसा के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी द्वारा जाँच के लिए गठित डालसा की आठ सदस्यीय टीम एवं जिला प्रशासन की टीम ने एक साथ मिलकर पूरे मामले की तहकीकात की। इस बाबत जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि जांच के दौरान टीम के द्वारा स्कूल के 10वीं कक्षा की छात्राओं, ग्यारहवीं कक्षा के छात्राओं, स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों का बयान लिया। सारे प्रक्रिया की व बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई। सीसीटीवी फुटेज को टेक्नीशियन की मदद से देखा गया था उसके फुटेज को ले लिया गया है जल्द ही टीम जांच की पूरी रिपोर्ट झालसा को भेज देगी, जिसके बाद झालसा का जैसा निर्देश होगा वैसी आगे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। जांच में क्या कुछ मिला इस बाबत उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार किया।

**जांच टीम के सदस्य :** जांच टीम में अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा धनबाद राकेश रोशन, एसडीएम धनबाद राजेश कुमार, डीएसडब्ल्यू धनबाद अनीता कुजूर, डीईओ निशु कुमारी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, डीसीपीओ साधना कुमारी, सीडीपीओ सिंदरी, जोड़ापोखर थाना प्रभारी, टेक्निकल सेल, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, असिस्टेंट मुस्कान चोपड़ा, डालसा सहायक अरुण कुमार, राजेश सिंह, थाना पीएलबी रविन्द्र शर्मा शामिल थे।

**एबीवीपी ने किया प्रदर्शन :** वहीं दूसरी तरफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्कूल के मुख्य गेट पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और गेट को जाम कर दिया है। एबीभीपी के नेता स्कूल का रजिस्ट्रेशन रद्द करने और प्रिंसिपल के ऊपर कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए थे। डालसा की टीम जब मुख्य गेट पर पहुंची तो उन्हें पैदल ही स्कूल के अंदर जाना पड़ा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेता मुख्य गेट को जाम कर धरना पर बैठे रहे।

# कसमार : मधुकरपुर में घर में सो रहे युवक की गोली मारकर हत्या

### 32 वर्षीय युवक पिंटू कुमार नायक हजारीबाग जिला कोषागार में वरीय सहायक के रूप में पदस्थापित था

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**बोकारो/बेरमो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के मधुकरपुर गांव में रविवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने घर में सो रहे शकुल नायक के पुत्र पिंटू कुमार नामक एक युवक की गोली मारकर हत्या की और भाग गये।

सूचना पाकर सदल-बल रात को मधुकरपुर पहुंचे कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने घटनास्थल पर शव के साथ 9 एमएम के दो खोखा बरामद किया है। कसमार थाना क्षेत्र में किसी पेशेवर शूटरों जैसी पहली घटना से क्षेत्र के लोग हतप्रभ हैं। पिंटू हजारीबाग जिला कोषागार में वरीय सहायक के रूप में पदस्थापित था। अपने घर परिवार के माली हालातों से गुजरते हुए काफी कठिन संघर्षों के बाद उसने सरकारी नौकरी हासिल की थी। नौकरी जॉइनिंग करने बाद अब बुजुर्ग माता-पिता का हालचाल लेने के लिए वह हर शनिवार ड्यूटी पुरी कर शाम को अपने पैतृक आवास मधुकरपुर आया करता था। अपराधी छत से होकर सीढ़ी के रास्ते सो रहे पिंटू के कमरे में पहुंचे और सोये हुए हालत में ही अपराधियों ने पिंटू के सीने में सटाकर दो गोलियां मार दी। गोली मारने के बाद अपराधी उसी सीढ़ी और छत के रास्ते भाग निकलने में कामयाब रहे। कसमार थाना पुलिस द्वारा जांच पड़ताल जारी है। फॉरेंसिक लैब की टीम घटनास्थल से आवश्यक सैंपल लेकर गई है एवं डॉग स्क्वायड की टीम भी जांच कर गई है।

मोबाईल फोन लोकेशन एवं आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। मृतक के पिता ने अपनी अगल बगल के दो पड़ोसियों पर हत्या कराने का संदेहात्मक आरोप लगाया है। कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने बताया कि जल्द ही अपराधियों को पकड़कर घटना का खुलासा कर लिया जायेगा।

## रामलखन टुंगरी व मृगीखोह को बनाये पर्यटन स्थल : प्रकाश



**बोकारो।** आध्यात्मिक धरोहर स्थल रामलखन टुंगरी में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पदचिह्न आज भी मौजूद हैं। मान्यता है कि वनवास के दौरान भगवान श्रीराम माता सीता और भैया लक्ष्मण के साथ यहां पधारे थे। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि यह ऐतिहासिक और पौराणिक स्थल आज भी सरकारी उपेक्षा का दंश झेल रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने मृगीखोह का विकास किए जाने की मांग की है। झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के मंजूरा ग्राम समिति अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी प्रकाश कुमार महतो ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार से रामलखन टुंगरी और मृगीखोह क्षेत्र के विकास की पूर्ण अपेक्षा है। उन्होंने गोमिया विधानसभा क्षेत्र के मंत्री योगेन्द्र महतो से भी इस दिशा में सकारात्मक आशा व्यक्त की है।

# जमशेदपुर पूर्व के पूर्व विधायक की गलतियों को दुरुस्त किया, अब पश्चिम सुधारेंगे : सरयू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने एक संवाददाता सम्मेलन कर वर्ष 2025 में अपने एजेंडे को साफ कर दिया जबकि वर्ष 2024 में जमशेदपुर पूर्वी में विधायक रहते हुए किये गये कार्यों का लेखा जोखा भी रखा। उन्होंने वहां पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि कदमा केडी फ्लैट से रास्ता निकालने के लिए टाटा स्टील से बातचीत हुई है और इसका परिणाम जल्द सामने आयेगा। सरयू राय ने कहा कि जमशेदपुर पूर्वी में तीन साल ही वे काम कर पाये। दो साल कोरोना का समय में बित गया. लिहाजा, तीन साल में जितना काम हुआ, वह संतोषजनक रहा। भुइयांडही लाल भट्टा एरिया में पानी की व्यवस्था करायी, बिरसानगर में क्वालिटी सड़क बनवाया, टाटा स्टील से पानी देने की व्यवस्था शुरू किया गया, जेमको में एक और शवदाह गृह बनाने का काम पूरा किया। लेकिन उन्होंने अफसोस जताया कि वे केबुल टाउन में पानी तो दिला दिये, लेकिन बिजली नहीं करा पाये। लेकिन उन्होंने कहा कि तीन समस्या मूलतः यहां थी, जिसमें एक मालिकाना हक, दूसरा म्यूनिसिपैलिटी और तीसरा मोहरदा शामिल थी। मोहरदा में जो गलती पूर्ववर्ती सरकार और जनप्रतिनिधि द्वारा किया गया था।

उसको सुधारा गया और करीब 6 हजार नये कनेक्शन शुरू किया गया जबकि मोहरदा फेज 2 को पारित कराया, जिसका जेएनएसी के साथ जुस्को का समझऔता नहीं हो पाया है, जिसके बाद काम शुरू हो जायेगा। उन्होंने कहा कि मालिकाना हक को लेकर जो गलतियां हुई थी, वह गलती को दूर किये बगैर मालिकाना हक की समस्या का हल नहीं हो सकता है। गलतियों के कारण लटका हुआ है।

जमशेदपुर पश्चिम नागरिक सुविधाएं सुधारने का किया वादा

विधायक सरयू राय ने कहा कि जमशेदपुर पश्चिम में पहले भी विधायक थे. पांच साल पहले जो हालत में जमशेदपुर पश्चिम को छोड़ गये थे, उसकी सारी व्यवस्था को ही खराब कर दिया गया है।

# सूर्य मंदिर समिति सिदगोड़ा ने मनाया मकर संक्रांति महोत्सव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सूर्य मंदिर समिति, सिदगोड़ा द्वारा 15 जनवरी को मकर संक्रांति महोत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन मंदिर परिसर में किया जायेगा। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण पतंग महोत्सव प्रतियोगिता होगी, जो सुबह 10 बजे से संख मैदान, में आयोजित की जायेगी। समिति ने सभी पतंग प्रेमियों से इस प्रतिस्पर्धा में भाग लेने का आग्रह किया है। मंदिर परिसर स्थित सोन मंडप में दोपहर 12 बजे से श्रद्धालुओं के लिए विशेष खिचड़ी भोग वितरण का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वे जमशेदपुर के नागरिकों और सूर्य मंदिर समिति के सदस्यों के साथ मिलकर इस पावन पर्व को हर्षोल्लास से मनायेंगे। समिति के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि यह महोत्सव समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का एक अनूठा प्रयास है और सभी से इस आयोजन में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की।

# टीम वर्क से ही होगा पलामू का समग्र विकास: राधाकृष्ण किशोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राज्य के वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के माननीय मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता व पलामू सांसद विष्णु दयाल राम एवं उपायुक्त शशि रंजन की मौजदूगी में सोमवार को सितंबर तिमाही 2024 की जिला स्तरीय समीक्षा समिति सह परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में माननीय मंत्री द्वारा सितंबर तक की वार्षिक साख योजना की उपलब्धि, साख जमा अनुपात की उपलब्धि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना झारखंड राज्य कृषि ऋण माफी योजना सहित अन्य योजनाओं पर बिंदुवार समीक्षा की गयी। मंत्री द्वारा सभी सेक्टरों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि पर जानकारी ली गयी। बैठक में मंत्री ने किसान क्रेडिट कार्ड की समीक्षा करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य 98359 के विरुद्ध सितंबर तिमाही तक 16928 किसानों को लाभ दिया गया है। यह आंकड़े में तेजी लाने की आवश्यकता है।

कहा कि योग्य किसानों को केसीसी का लाभ हर हाल में देना सुनिश्चित करें। सांसद ने भी दिशा की बैठकों में केसीसी से जुड़े शिकायतें प्राप्त होने को रेखांकित किया एवं संबंधितों को इस पर गंभीरता बरतते हुए किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदनों का निष्पादन करने की बात कही। इसी तरह सीडी रेशीयो की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कुछ बैंकों द्वारा डिपॉजिट से अधिक एडवांस देने के विषय को रेखांकित करते हुए संबंधितों से रिपोर्ट देने की बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ लोन रिकवरी एजेंट्स द्वारा गलत तरीके से लोन की रिकवरी की जाती है,लोन रिकवरी आरबीआई के गाइड लाइन्स के अनुरूप हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।वहीं मुद्रा लोन के संबंध में मंत्री ने लीड बैंक मैनेजर को प्रखंड स्तर पर इस विषय से संबंधित आम जनों को जागरूक करने की बात कही। इसी तरह उन्होंने अन्य विषयों पट गहन समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये। सभी सेक्टरों की समीक्षा के पश्चात मंत्री ने लाभार्थियों की सूची में महिलाओं के प्रतिशत कितनी है,इसकी जानकारी ली। सभी कॉन्सर्ड लोगों को अगली बैठक में उनके विभाग से लाभान्वित हो रही महिलाओं की जानकारी का प्रतिवेदन के साथ शामिल होने की बात कही। उन्होंने कहा कि हमारे

### मुख्य बातें

कहा कि योग्य किसानों को केसीसी का लाभ हर हाल में देना सुनिश्चित करें। सांसद ने भी दिशा की बैठकों में केसीसी से जुड़े शिकायतें प्राप्त होने को रेखांकित किया एवं संबंधितों को इस पर गंभीरता बरतते हुए किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदनों का निष्पादन करने की बात कही। इसी तरह सीडी रेशीयो की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कुछ बैंकों द्वारा डिपॉजिट से अधिक एडवांस देने के विषय को रेखांकित करते हुए संबंधितों से रिपोर्ट देने की बात कही। कुछ लोन रिकवरी एजेंट्स द्वारा गलत तरीके से लोन की रिकवरी की जाती है। लोन रिकवरी आरबीआई के गाइड लाइन्स के अनुरूप हो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।वहीं मुद्रा लोन के संबंध में मंत्री ने लीड बैंक मैनेजर को प्रखंड स्तर पर इस विषय से संबंधित आम जनों को जागरूक करने की बात कही।

एक नजर में

## एसकेएमयू व एचआरडी, रांची की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय एवं उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला जेम पोर्टल के उपयोग विषय पर दुमका के मॉडल कॉलेज, विजयपुर में आयोजित हुई। कार्यशाला कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें विवि के पदाधिकारियों एवं विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य एवं बर्षर ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के कुमार चंदन एवं जेम पोर्टल से सुबोधकांत ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ सिंह ने कहा कि हम सभी को अपने कॉलेज अथवा विवि स्तर पर यथासंभव जेम पोर्टल के माध्यम से आवश्यक सामग्रियों की खरीदारी सुनिश्चित करनी होगी। एचटीईडी के चंदन कुमार ने जेम पोर्टल से खरीदारी से संबंधित राज्य सरकार के प्रावधानों से सभी को परिचित कराते हुए कहा कि जेम एक ऐसा मार्केट पैलेस है। जहां से कोई सरकारी संस्थान अपनी आवश्यकता की सामग्रियों एवं सेवाओं की खरीदारी कर सकता है। उन्होंने कहा कि जेम पोर्टल को पहले की तुलना में अधिक यूजर फ्रेंडली बनाया गया है। वहीं जेम के तकनीकी विशेषज्ञ सुबोधकांत ने जेम पोर्टल के व्यावहारिक पहलुओं एवं जेम पोर्टल से खरीदारी करने की विधि और इसके तकनीकी पहलुओं से सभी को परिचित कराया। कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू डॉ जैनेंद्र यादव, कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, वित्त पदाधिकारी डॉ बिजय कुमार, सीसीडीसी डॉ अब्दुस सत्तार, पीआरओ दीपक कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मॉडल कॉलेज, दुमका की प्राचार्या डॉ मेरी मार्ग्रेट टुडू, कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक वर्षा कुमारी एवं अन्य शिक्षक व कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भारती साहित्य परिषद, बोकारो का पुस्तक विमोचन, काव्य गोष्ठी आयोजित



बोकारो। साहित्यिक संस्था भारती साहित्य परिषद् बोकारो द्वारा सेक्टर 5 स्थित सद्गुरु सदाफलदेव आश्रम में पुस्तक विमोचन सह काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय कवि विनीत पांडेय संस्था के संरक्षक व वरिष्ठ साहित्यकार सुख नंदन सिंह ह्यसदयह्व बुद्धिनाथ झा ललन तिवारी भारती साहित्य परिषद के अध्यक्ष डॉ परमेश्वर भारती महामंत्री डॉ मनोज कुमार सिंह कोषाध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार सिंह कुंतिका तिवारी जीजीपीएस के प्राचार्य सौमेन चक्रवर्ती कवयित्री डॉ आशा पुष्प कवि डॉ राम नारायण सिंह अरुण पाठक आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर शुरूआत की। प्रथम सत्र में डॉ नर नारायण तिवारी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। सुखनंदन सिंह सदय ने कहा कि स्व तिवारी 14 वर्षों तक भारती साहित्य के महामंत्री रहे। उनकी लेखनी व साहित्य के प्रति समर्पण सदैव साहित्यकारों को प्रेरित करते रहेंगे। स्व तिवारी की पुत्री वंदना पांडेय मनीषा पांडेय ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर स्व डॉ नर नारायण तिवारी की काव्य पुस्तक क्रांतिरथ के सद्यः प्रकाशित दूसरे संस्करण का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि विनीत पांडेय ने अपने संबोधन में बोकारो के साहित्यिक परिदृश्य की प्रशंसा की और साहित्य लेखन में राष्ट्रीय स्तर पर लिखे जा रहे उत्कृष्ट साहित्य लेखन पर भी प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। अध्यक्षता बुद्धिनाथ झा ने तथा संचालन डॉ परमेश्वर भारती व डॉ राम नारायण सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री डॉ. मनोज सिंह ने किया। इस अवसर पर राम शब्द पांडेय शंभु झा आश्रम के व्यवस्थापक राम दयाल शर्मा कला अमनौरिया आभा पाठक अंकिता चक्रवर्ती पूनम प्रभाकर सहित अन्य काव्य प्रेमी श्रोता उपस्थित थे।

## करगली मे मेरा बचपन प्ले स्कूल में फूड और क्राफ्ट मेला का आयोजन, अन्नाक्षेत्रम कैंटीन का हुआ उद्घाटन



बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सिनियर क्वार्टर करगली स्थित मेरा बचपन प्ले स्कूल प्रांगण में फूड और क्राफ्ट मेला और अन्नाक्षेत्रम कैन्टीन का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह,स्कूल के निर्देशक जयेश राठौर और प्राचार्या रितू राठौर ने गुब्बारा उड़ाकर कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अर्चना सिंह ने बच्चों के मनोबल को उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। प्राचार्या रितू राठौर ने कहा कि आज यहां बच्चो ने जिस तरह की प्रतिभा दिखाई है, निश्चित ही ये सभी विद्यालय एवं देश का नाम रौशन करेंगे। यहा विभिन्न प्रकार के व्यंजन और अलग-अलग के हैंड क्राफ्ट और मिट्टी से बने खिलौने तथा कागज से बने समानो की बिक्री करने का स्टॉल लगाए गए। कुम्हार के द्वारा बनाए गए मिट्टी के खिलौने, कागज से बने सामान के स्टॉल सहित टेम्पोलीन और झूला आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में केशर कुमारी, अंजना, रमणिका, रेखा, सोमा, डिम्पी, अंशु, पल्लवी, शिवानी, सिखा और शदफ आदि का योगदान रहा।

## वीणा मेमोरियल जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में जूनियर कैंप पहुंचा फाइनल में



दुमका। जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित वीणा मेमोरियल जिला क्रिकेट लीग का दूसरा सेमीफाइनल मैच सोमवार को आयोजित हुई। मैच में जूनियर कैंप ने एलएजे अकादमी ए को 57 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जूनियर कैंप ने निर्धारित 35 ओवर के सभी विकेट खोकर 179 रन का लक्ष्य विरोधी टीम को दिया। जूनियर कैंप की ओर से मैन ऑफ द मैच रहे मोहित सिंह ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शानदार 51 और गेंदबाजी करते 12 रन देकर 3 विकेट लिया। जबकि विक्की यादव ने 47 रनों की शानदार पारी खेली। जवाबी पारी खेलने उतरी एलएजे ए की पूरी टीम मात्र 122 रनों पर ऑल आउट हो गई एलएजे की ओर से सचिन मुंडा ने 45 रन और कप्तान लक्ष्मण यादव ने 28 रनों की पारी खेली। फाइनल मैच मंगलवार को जूनियर कैंप और एलएजे कैंप क्लब के बीच खेला जाएगा। इस मौके पर संघ अध्यक्ष संजय तिवारी, कोषाध्यक्ष सुरेश मोदी, संयुक्त सचिव उमेश रावत, सहायक सचिव विश्वजीत चटर्जी, चंद्र किशोर सिंह, दिवाकर शर्मा, आलोक सिंह, नसीम खान, मिथिलेश पांडे समेत कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## बोकारो : 1990 बैच के विद्यार्थियों का वनभोज सह मिलन समारोह संपन्न



बोकारो। बोकारो के सेक्टर 12 हाई स्कूल के 1990 बैच के विद्यार्थियों द्वारा पारिवारिक पिकनिक का आयोजन सिटी पार्क में किया गया जिसमें देश विदेश के विद्यार्थियों ने परिवार समेत हिस्सा लिया। पिकनिक में मनोरंजन के सभी साधन उपलब्ध करवाया गया था। सभी विद्यार्थियों ने एक दूसरे से मिलकर अपने पुराने दिनों को याद करते हुए अपने विचार साझा किया। लगभग सभी 40 परिवार को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। आयोजक मंडली की ओर से अधिवक्ता रणजीत गिरि ने सभी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। अनेक प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। आयोजक मंडली में संतोष कुमार राय सुनील कुमार सिंह उमा शंकर मिथलेश झा दिलीप चैटर्जी संतोष कुमार अरुणिमा सुनीता साहनी श्यामली जितेंद्र कुमार शिशिर कुमार सिंह अजय साव चंद्र भूषण दुर्गा सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में जागरूकता को लेकर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



बेरमो। सड़क परिवहन और राज्य मार्ग मंत्रालय के सौजन्य से सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत सोमवार को सेक्टर-4 स्थित बोकारो क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जिला सड़क सुरक्षा समिति बोकारो द्वारा आयोजित किया गया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें एक टीम बोकारो प्रेस 11, दूसरी टीम जिला सड़क सुरक्षा समिति, तीसरी टीम एचडीएफसी बैंक एवं चौथी टीम स्थानीय क्रिकेट प्लेयरों की रही। इस क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत लोगों को सड़क सुरक्षा नियम के पालन को लेकर जागरुक किया गया। क्षेत्रीय परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार के साथ-साथ बोकारो की जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर और खेल प्राधिकारी अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साह वर्धन किया। साथ ही विजेता टीम को पुरस्कृत भी किया गया। सड़क सुरक्षा नियम के प्रति जागरुक किया। विजय कुमार ने कहा कि आए दिन सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। उसी को लेकर हर साल की भांति इस साल भी सड़क सुरक्षा माह 2025 का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगों को सड़क सुरक्षा नियम के प्रति जागरुक किया जाए और जो दुर्घटना बढ़ रही है उस पर रोक लगाया जाय।

# सत्य सनातन का महाकुंभ

महाकुंभ देश और दुनिया के लोगों के लिए भारत के बारे में जानने का एक शानदार अवसर है। इस भव्य और दिव्य आयोजन में भारत की आध्यात्मिक विरासत को संतों के माध्यम से जानने और देखने का अद्भुत अनुभव मिलेगा। इस बार प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन इसलिए भी विशिष्ट है क्योंकि इसका शुभ मुहूर्त 144 वर्षों के बाद आया है। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक 45 दिन का भव्य आयोजन सोमवार से शुरू हो रहा है और इसमें 40 करोड़ लोग शामिल होंगे। 40 करोड़ की आबादी दुनिया के अंदर भारत और चीन के अलावा किसी भी देश में नहीं है। श्रद्धालुओं को मां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी के संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। पहली बार महाकुंभ को लेकर अक्षय वट कॉरिडोर, मां सरस्वती, बड़े हनुमान मंदिर, महर्षि व्यास और भगवान राम और निषादराज कॉरिडोर बना गया है।श्रद्धालु यहां नाग वासुकी, द्वादश ज्योतिर्लिंग और चार धाम की यात्रा का आनंद विप्रिका के माध्यम से कर सकेंगे। महाकुंभ का आयोजन 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में हो रहा है। पूरी दुनिया में यह अपने ढंग का एकमात्र आयोजन है जिसे देखने और समझने के लिये पूरी दुनिया से लोग आते हैं। इस महाजुटान में सत्य सनातन की समस्या और उसके निदान के वैश्विक स्वरूप पर संवाद किया जाता है। नागा साधुओं का शाही स्नान के साथ ही अन्य सभी धार्मिक संगठनों के शिविर इस कुंभ स्थल प्रयागराज में लगाये जाते हैं। प्राचीन सनातन धर्म की मान्यताओं पर आधारित कुंभ सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ आंरभ होता है। सूर्य की गति और स्थिति पर आधारित गणना के आधार पर 144 साल बाद पृथ्वी इस शुभ स्थिति में आई है जिसको लेकर सनातनियों में भारी उत्सुकता और प्रसन्नता है। राष्ट्रहित को समर्पित विचार का प्रस्फुटन इस कुंभ से होगा।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

**मेष :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेगें। शुभांक-4-6-7

**वृष :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवासए मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क :** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-1-3-5

**सिंह :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

**तुला :** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7

**धनु :** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-1-4-8

**मकर :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-1-4-6

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6

# झारखंड का लोकप्रिय और पंच परगना का महापर्व टुसू



खनिज सम्पदाओं से भरपूर झारखण्ड प्रदेश की हमारे देश में एक अलग पहचान है, उसी तरह झारखंड की कला -संस्कृति, पर्व - त्योहार आदि का भी एक अलग ही पहचान है। यहां का लोक-जीवन संगीतमय रहा है, यहां के लोक -जीवन के संबंध में एक लोकोक्ति काफी प्रचलित है - ह्यह्यझारखंड में चलना ही नृत्य और बोलना ही गीत है।ह्यह्य इसी प्रकार पर्व त्योहार के संबंध में भी एक उक्ति काफी प्रचलित है- ह्यह्यबारह मासे तेरह परबह्यह्य। झारखंड में कोई ऐसा महीना नहीं है जिसमें कोई न कोई पूजा, अनुष्ठान, त्योहार या मेला न लगता हो। जिस प्रकार झारखण्ड में करमा और सरहुल बड़े उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला पर्व है ,उससे भी अधिक उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला यदि कोई पर्व है तो वह है ह्यह्यटुसूह्यह्य। ह्यह्यटुसूह्यह्य पर्व मूलतः झारखण्ड का सर्वाधिक लोकप्रिय एवं महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है, लेकिन झारखंड के पंच परगना (सिल्ली, राहे, बुण्डू, तमाड़ और बारेन्दा) क्षेत्र में यदि टुसू पर्व को पंच परगना क्षेत्र का महापर्व कहा जाय तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।

वैसे तो टुसू पर्व की शुरूआत अगहन संक्रान्ति के दिन से ही होता है। अगहन संक्रान्ति की संध्या को प्रत्येक गांव की कुंवारी कन्या गांव के ही किसी के घर के एक कमरे में एकत्रित होती हैं और उस कमरे की लिपाई -पोताई कर बांस की टोकरी में गेंदा फूल से सजाकर और धूप - धूना दिखाकर टुसू की स्थापना करते हैं। इस अवसर पर गाया जाने वाला एक गीत जो काफी प्रचलित है-

**आमरा जे मां टुसू थापी अगहन सांकराइते गो ।**
**अबला बाछुरेर गबर आलो चाउलेर गुंड़ी गो ।।**

इस तरह गांव की कुंवारी कन्या प्रत्येक दिन शाम को उसी स्थान पर एकत्रित होकर टुसू की आरती उतारती हैं और टुसू गीत गाती हैं। यह सिलसिला लगभग एक माह तक चलता है। मकर संक्रान्ति के पहले दिन को बाउंड़ी कहा जाता है उस दिन गांव की सभी कंवारी कन्या एवं अन्य महिलाएं आस पास के हाट-बाजारों में जाकर नये-नये कपडे. और टुसू खरीदती हैं। टुसू पटसन और रंगीन कागजों से निर्मित एक मंदिरनुमा आकृति होता है। टुसू के निर्माण को लेकर भी कई गीत प्रचलित हैं जैसे-

सन **खाड़ी भाई कागजेर टुसू ।**
**चलो देखते जाबो एक टुकू ।।**
**साया साड़ी जगाड़ कर ।**
**आइसछे मकर दू दिन सबुर कर।।**

उसके बाद 14 जनवरी को मकर संक्रान्ति के दिन गांव की सभी कुंवारी कन्या एवं अन्य महिलाएं टुसू गीत गाते हुए पवित्र नदी या जलाशय में जाकर स्थापित की हुई टुसू का विर्सजन कर देती हैं और पवित्र नदी या जलाशयों में स्नान कर नये-नये वस्त्र पहनकर चूड़ा, मूढी, गुड़ पीठा आदि खाकर टुसू गीत गाते हुए अपने - अपने घर लौटते हैं। टुसू पर्व की एक खास विशेषता यह है कि चाहे वह अमीर हो या गरीब सभी घरों में गुड़ पीठा और मीट बनता है। टुसू पर्व में कोई पूजा-पाठ नहीं होता है। यह पूर्ण रुप से खाने -पीने और मौज-मस्ती का त्योहार है। जैसा कि टुसू पर्व को लेकर पंचपरगना क्षेत्र में उक्ति चरितार्थ है-

**सभे परबे लागेइक धूप-धूना।**
**पूष परबे पेट पूजा मास तियन दोना-दोना ।।**

मकर संक्रान्ति के दूसरे दिन यानी पहला माघ से टुसू मेला का दौर शुरू होता है। पंचपरगना क्षेत्र का पौराणिक और प्रसिद्व टुसू मेला सतीघाट मेला सोनाहातु प्रखंड अंतर्गत बारेन्दा ग्राम स्थित राढू, कांची और स्वर्णरेखा नदी के संगम स्थल स्वर्णरेखा नदी के पावन तट पर प्रतिवर्ष लगता है। सतीघाट मेला में झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा आदि राज्यों से लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। सतीघाट मेला झारखंड का प्रसिद्व और सबसे बड़ा मेला है। सतीघाट मेला के दिन सुबह से ही लोग नहा धोकर नये-नये वस्त्र पहनकर सतीघाट मेला के लिए प्रस्थान करते हैं। इस दिन किसान हल जोतकर एवं गोबर काट कर खेती कार्य का शुरूआत भी करते हैं। गांव के महिला-पुरुष गाजे-बाजे के साथ हाथ में टुसू लेकर नाचते-गाते सतीघाट मेला जाते हैं और स्वर्णरेखा नदी के पवित्र जल में टुसू का विर्सजन करते हैं। टुसू के विर्सजन के समय जो गीत गाया जाता है, वह इस तरह से है-

**जले हेल जले खेलो जले तुमार के आछे।**
**मने ते बुझिंये देखो जले ससुर घर आछे।।**
**तिरिस दिन राखिलाम टुसू तिरिस सलता पालि गो।**
**आर कि राखिते पारि मकर हइल बासि गो।।**

टुसू मेला का यह दौर करीब एक माह तक झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में चलते रहता है। सतीघाट मेला के दूसरे दिन सिल्ली प्रखंड के कोंचो गांव में स्वर्णरेखा नदी के पावन तट पर हरिहर मेला लगता वहां भी लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। इस तरह इस अवसर पर लगने वाले प्रमुख मेलों में वानसिंग मेला, नीलगिरी मेला, पानला मेला, सिरगिटी मेला, अबुआ मेला, सूर्य मंदिर मेला आदि प्रमुख है। पुन 15 फरवरी को द्वितीय सतीघाट मेला के साथ टुसू पर्व का समापन हो जाता है। टुसू के समापन पर एक गीत जो काफी प्रचलित है-

**साया साड़ी बासकांय भर।**
**गेलो परब जाल ससुर घर।।**

टुसू पर्व की उत्पति के संबंध में कहा जाता है कि टुसू कांशीपुर के राजा की अति सुन्दर पुत्री थी। जिसका असमय ही मृत्यु हो गयी थी। टुसू की मृत्यु के बाद राजा काफी उदास रहते थे और पुत्री की मृत्यु से उबर नहीं पा रहे थे। राजा की यह हालत देखकर प्रजा भी काफी दुखी थे । इस बीच राजा के दरबारियों ने राजा को खुश करने के लिए टुसू की मूर्ति बनाकर राजा को दिखाया तो राजा काफी खुश हो गाये और प्रसन्न रहने लगे। उसी की याद में प्रति वर्ष यह टुसू पर्व मनाया जाता है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और सिविल कोर्ट रांची के अधिवक्ता हैं)**



**- मृत्युंजय प्रसाद**

> अब तक बुलडोजर कार्रवाई नगर पालिकाओं, पंचायती राज संस्थाओं का विषय रहा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इसे में स्थानीय जिला अधिकारी और उप जिलाधिकारी भी शामिल हो गए हैं। अवैध कब्जे और अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई जिला अधिकारी की निगरानी में होगी और इसके लिए मान्य प्रक्रिया और नोटिस आदि देने की अवधि का पूरी तरह निर्वहण किया

## लेटर टू एडिटर

### किसान हित पहले

कृषि प्रधान देश में किसान कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्हें फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। वहीं आमदनी दोगुनी करने का सरकारी वादा झूठा साबित हुआ। स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार, किसानों को अमेरिकी तर्ज पर फसल की उचित सब्सिडी, बढ़ा हुआ एमएसपी और आपदाओं से राहत के लिए मुआवजा मिलना चाहिए। सहकारी समितियां सस्ती दरों पर कृषि संसाधन उपलब्ध कराएं। सरकार को किसानों के हित में योजनाओं में पारदर्शिता लाकर उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

**-अनिल कौशिक, गढ़वा**

### किसानों की आय बढ़े

कृषि कार्य में लागत बढ़ने से किसान घाटे में हैं। फसल बीमा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और नगद सहायता जैसे नीतिगत उपायों को व्यावहारिक बनाने की आवश्यकता है। छोटे किसानों के लिए सस्ते ऋण और सहकारी समितियों द्वारा कृषि संसाधन उपलब्ध हो। **-रवि रांची**

## ट्वीट

**अविनाशि** तु तद्विद्धि येन सर्वमिदं ततम्।
विनाशमव्ययस्यास्य न कश्चित्कर्तुमर्हति॥

अपने अविनाशी सनातन स्वरूप का बोध होते ही अज्ञानजन्य दुःख और अभाव स्वतः ही मिटने लगते हैं। आत्मज्ञान के साथ शरणागति भाव में रहें।अनन्य शरणागति साधक के मन का परिशोधन व अहंकार का शमन कर एकात्मता का प्रकटीकरण करती है।पौष पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएँ।

**- स्वामी अवधेशानंद गिरी**

**आप** सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाइयां। आशा करता हूं यह पर्व आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उल्लास लेकर आए।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# कुंभ में अलौकिकता का बोध लौकिक सुंदरता और सांस्कृतिक बोध से

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

## महाकुंभ 2025

**प्रयागराज** महाकुंभ अलौकिक, दिव्य व भव्य है। महाकुंभ हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण आयोजन है। प्रयागराज के अलावा हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में यह आयोजन होता है। हरिद्वार और प्रयागराज में दो महाकुंभ पर्वों के बीच छह वर्ष के अंतराल में अर्धकुंभ भी होता है। प्रयागराज में इससे पूर्व सन 2013 में महाकुंभ और 2019 में अर्धकुंभ का आयोजन हो चुका है। महाकुंभ मेला मकर संक्रांति से प्रारम्भ होता है, क्योंकि उस समय सूर्य और चन्द्रमा, वृश्चिक राशि में और बृहस्पति, मेष राशि में प्रवेश करते हैं। मकर संक्रांति के इस योग को ₹महाकुंभ स्नान-योग₹ भी कहते हैं और इस दिन को विशेष मांगलिक पर्व माना जाता है। कहा जाता है कि पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार इस दिन ही खुलते हैं और इस प्रकार इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति सहजता से हो जाती है।

महाकुंभ के आयोजन को लेकर कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें से सर्वाधिक मान्य कथा देव-दानवों द्वारा समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत कुंभ से अमृत बूंद भगवान विष्णु के ऐसा कहने पर संपूर्ण देवता दैत्यों के साथ संधि करके अमृत निकालने के यत्न में लग गए। अमृत कुंभ के निकलते ही देवताओं के इशारे से इंद्रपुत्र 'जयंत' अमृत-कलश को लेकर आकाश में उड़ गया। उसके बाद दैत्यगुरु शुक्राचार्य के निर्देश पर दैत्यों ने अमृत को वापस लेने के लिए जयंत का पीछा किया और घोर परिश्रम के बाद उन्होंने बीच रास्ते में ही जयंत को पकड़ लिया। तत्पश्चात अमृत कलश पर अधिकार जमाने के लिए देव-दानवों में 12 दिन तक अविराम युद्ध होता रहा। इस परस्पर मारकाट के दौरान पृथ्वी के चार स्थानों प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक पर कलश से छलक कर अमृत बूंदें गिरी थीं। उस समय चंद्रमा ने घट से प्रस्त्रवण होने से, सूर्य ने घट फूटने से, गुरु ने दैत्यों के अपहरण से एवं शनि ने देवेन्द्र के भय से घट की रक्षा की। कलह शांत करने के लिए भगवान ने मोहिनी रूप धारण कर यथाधिकार सबको अमृत बांटकर पिला दिया। इस प्रकार देव-दानव युद्ध का अंत किया गया।

चूंकि अमृत प्राप्ति के लिए देव-दानवों में परस्पर बारह दिन तक निरंतर युद्ध हुआ था। देवताओं के बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्ष के तुल्य होते हैं। इस कारण कुंभ भी बारह होते हैं। उनमें से चार कुंभ पृथ्वी पर होते हैं और शेष आठ कुंभ देवलोक में होते हैं, जिन्हें देवगण ही प्राप्त कर सकते हैं, मनुष्यों की वहां पहुंच नहीं है, ऐसा माना जाता है। जिस समय में चंद्रादिकों ने कलश की रक्षा की थी, उस समय की राशियों पर रक्षा करने वाले चंद्र-सूर्यादिक ग्रह जब आते हैं, उस समय महाकुंभ का योग होता है अर्थात जिस वर्ष, जिस राशि पर सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति का संयोग होता है, उसी वर्ष, उसी राशि के योग में, जहां-जहां अमृत बूंद गिरी थी, वहां-वहां महाकुंभ होता है।

600 ई. पू. के बौद्ध लेखों में नदी मेलों का उल्लेख मिलता है। 400 ई.पू. के सम्राट चन्द्रगुप्त के दरबार में यूनानी दूत ने एक मेले को प्रतिवेदित किया, ऐसा कहा जाता है। विभिन्न पुराणों और अन्य प्राचीन मौखिक परम्पराओं पर आधारित पाठों में पृथ्वी पर चार विभिन्न स्थानों पर अमृत गिरने का उल्लेख हुआ है।

महाकुंभ में अखाड़ों के स्नान का भी विशेष महत्व है। सर्वप्रथम आगम अखाड़े की स्थापना हुई और कालांतर में विखंडन होकर अन्य अखाड़े बने। 547 ईसवी में अभान नामक सबसे प्रारम्भिक अखाड़े का लिखित प्रतिवेदन हुआ था। 600 ईसवी में चीनी यात्री ह्यान-सेंग ने प्रयाग में सम्राट हर्ष द्वारा आयोजित महाकुंभ में स्नान किया था। 904 ईस्वी मे निरन्जनी अखाड़े का गठन हुआ था जबकि 1146 ईसवी मे जूना अखाड़े का गठन हुआ। 1398 ईसवी में तैमूर, हिन्दुओं के प्रति सुल्तान की सहिष्णुता के विरुद्ध दिल्ली को ध्वस्त करता है और फिर हरिद्वार मेले की ओर कूच करता है और हजारों श्रद्धालुओं का नरसंहार करता है। जिसके तहत 1398 ईसवी में हरिद्वार महाकुंभ नरसंहार को आज भी याद किया जाता है।1565 ईसवी में मधुसूदन सरस्वती द्वारा दसनामी व्यवस्था की गई और लड़ाका इकाइयों का गठन किया गया । 1678 ईसवी मे प्रणामी संप्रदाय के प्रवर्तक श्री प्राणनाथजी को विजयाभिनन्द बुद्ध निष्कलंक घोषित किया गया ।

1684 ईसवी में फ्रांसीसी यात्री तवेर्निए नें भारत में 12 लाख हिन्दू साधुओं के होने का अनुमान लगाया था।1690 ईसवी में नासिक में शैव और वैष्णव साम्प्रदायों में संघर्ष की कहानी आज भी रोंगटे खड़े करती है, जिसमें 60 हजार लोग मारे गये थे।1760 ईसवी में शैवों और वैष्णवों के बीच हरिद्वार मेले में संघर्ष के तहत 18 सौ लोगो के मरने का इतिहास है। 1780 ईसवी में ब्रिटिशों द्वारा मठवासी समूहों के शाही स्नान के लिए व्यवस्था की स्थापना हुई।

# माघ मकर गत रबि जब होई...

**आचार्य पं. पृथ्वीनाथ पाण्डेय**

## पर्व

एक स्थान से दूजे स्थान में पहुंचना व एक-दूसरे का मिलना 'संक्रान्ति' कहलाती है। 'संक्रान्ति' की व्युत्पत्ति पर विचार करें तो ज्ञात होता है कि यह 'क्रम' धातु का शब्द है, जिसका अर्थ 'गति करना' है। इस धातु के पूर्व में 'सम्यक/उत्तम/श्रेष्ठ रूप से' के अर्थ में 'सम उपसर्ग युक्त है। इस धातु में 'क्तिन' प्रत्यय के जुड़ते ही 'संक्रान्ति' शब्द की रचना होती है। यहां इसका अर्थ है, 'कोई ऐसा बड़ा परिवर्तन, जिससे किसी वस्तु का स्वरूप बिलकुल बदल जाये। जैसेझ्र मकर संक्रान्ति। मकर संक्रान्ति पर्व के मूल मे रवि अर्थात 'सूर्य' की गति है।

ज्ञातव्य है कि सूर्य मास में एक बार अपनी राशि को छोड़कर किसी अन्य राशि में प्रवेश करता है। वह जैसे ही किसी अन्य राशि में प्रवेश करता है वैसा ही वह उस राशि की संक्रान्ति कहलाने लगती है। यही कारण है कि मकर संक्रान्ति को सूर्य के संक्रमणकाल का भी पर्व माना गया है।

गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई पर ध्यान केन्द्रित करेंझ्र माघ मास मकर गत रबि जब होई। तीरथपतिहिं आव सब कोई।।₹ इस चौपाई के अर्थ से ही सुस्पष्ट हो जाता है कि माघ-मास मे जब सूर्य मकर-राशि पर जाता है तब सबलोग तीर्थराज प्रयाग में आते हैं। पहले सूर्य धनुराशि पर होता है, फिर वह जैसे ही मकर राशि पर पहुंचता है वैसे ही सूर्य 'दक्षिणायन' से 'उत्तरायण' हो जाता है। देवताओं के अयन को 'उत्तरायण' की संज्ञा दी गयी है, जोकि मंगल का प्रतीक होता है; मंगलकारी होता है, इसीलिए इसे 'पुण्य-पर्व' कहा गया है। अनुश्रुति है कि इससे शुभ कर्मों का समारम्भ होता है। यदि किसी की उत्तरायण मे मृत्यु होती है तो वह गमनागमन के बन्धन से मुक्त हो जाता है; अर्थात उसे मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। इतना ही नहीं, जब तुलसीदास कहते हैं :झ्र देव दनुज किन्नर नर श्रेनी। सादर मज्जहिं सकल त्रिबेनी।।" तो इससे ज्ञात होता है कि मकर संक्रान्ति के अवसर पर देव, दैत्य, किन्नर तथा मानव-समूहझ्र सब आदरसहित त्रिवेणी मे स्नान करते हैं।

इससे सुस्पष्ट हो जाता है कि मकर संक्रान्ति की कितनी महत्ता है। यही कारण है कि मकर संक्रान्ति का पर्व सूर्य को समर्पित होता है। सूर्य को आत्मबल और आत्मविश्वास का कारक माना गया है। इस अवसर पर सूर्य का दर्शन करके उन्हें अर्घ्य दिया जाता है। ऐसा विधान है कि तांबे के लोटे में रक्त (लाल) चन्दन, लाल पुष्प आदिक मिश्रित जल से पूर्वमुखी होकर तीन बार भगवान भास्कर को जल दिया जाये, तत्पश्चात अपने स्थान पर ही खड़े होकर सात बार सूर्य की परिक्रमा की जाये। उसके बाद सूर्याष्टक और गायत्री मन्त्र का पाठ किया जाये।

इस अवसर पर वर्जना भी है। जैसे मैथुन करना, भैंस का दूध दूहना, फसल और वृक्ष काटना, कठोर वाणी का व्यवहार करना निषिद्ध है।

'महाभारत' के वनपर्व के अध्याय 43 मे मकर संक्रान्ति के विषय मे उल्लेख है :₹मकरे संक्रमणे पुण्ये यः सूर्यं पूजयेत्ततः। तस्य पापं न विद्यते स्वर्गे मार्गः स च विज्ञेयः।

> अर्थात जो मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य की आराधना करता है, उसे पापों से मुक्ति मिलती है और वह स्वर्ग का अधिकारी बनता है। उपर्युक्त उपदेश श्रीकृष्ण-द्वारा अर्जुन को किया गया है, जिसमे उन्होंने मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य की पूजा की महत्ता बतायी है। मकर संक्रान्ति-आयोजन के मूल मे कथाएं भी हैं। पहली कथा शनि और सूर्यदेव के साथ जुड़ी हुई है।

अर्थात जो मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य की आराधना करता है, उसे पापों से मुक्ति मिलती है और वह स्वर्ग का अधिकारी बनता है। उपर्युक्त उपदेश श्रीकृष्ण-द्वारा अर्जुन को किया गया है, जिसमे उन्होंने मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य की पूजा की महत्ता बतायी है।

मकर संक्रान्ति-आयोजन के मूल मे कथाएं भी हैं। पहली कथा शनि और सूर्यदेव के साथ जुड़ी हुई है। सूर्य की एक पत्नी का नाम छायादेवी है। सूर्यपुत्र शनि का जन्म छाया देवी से ही हुआ था। शनि का शरीर जन्म से ही कृष्णवर्ण का था।

सूर्य के कृष्णवर्ण को देखते ही भगवान भास्कर ने सुस्पष्ट कर दिया था कि शनि उनका पुत्र नहीं है। इतना ही नहीं, इस आरोप को मढ़ते हुए, सूर्य ने शनि को माता सहित घर से निष्कासित कर दिया था। शनि और छाया 'कुम्भ' घर मे रहते थे। जब माता छाया को ज्ञात हुआ कि उनके पति सूर्य ने माता-पुत्र के लिए अभद्र शब्द-व्यवहार किये थे तब छाया ने उस असह्य वाक्य के कारण कुपित होकर अपने पतिदेव सूर्य को शाप दे दिया थाझ्र आप कुष्ठरोग से ग्रस्त हो जाइए। उसके पश्चात सूर्य के क्रोध का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने शनिदेव और माता छाया का घर 'कुम्भ' को अपने तेज से जला डाला। कालान्तर में, शनिदेव ने अपने पिता के कुष्ठरोग का उपचार कर दिया था; साथ ही उनसे यह भी कहा था कि वे माता छाया के साथ उचित व्यवहार करें। सूर्यदेव अपने पुत्र शनि के आचरण से प्रभावित होकर उनके घर पहुंचे; परन्तु वहां तो सूर्य के प्रकोप से जलाये गये घर की राख के ढेर ही मिला। शनि ने अपने पिता का अभिनन्दन काले तिल भेंट करके किया था।

सूर्यदेव अपने पुत्र-द्वारा स्वागत-सत्कार देखकर अति प्रसन्न हुए थे। उन्होंने शनि को 'मकर' नामक दूसरा घर दिया था। यही कारण है कि ज्योतिर्विज्ञान के आधार पर शनिदेव को 'मकर' और 'कुम्भ' का स्वामी माना गया है। सूर्य ने वहां से लौटते समय कहा था :झ्र मै प्रतिवर्ष इस घर (मकर) मे प्रवेश करूंगा, फिर यह घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो जायेगा। यही कारण है कि जनसामान्य अपने घर को समृद्ध करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मकर संक्रान्ति का आयोजन करता है।

# पूर्व एसडीओ अशोक कुमार की गिरफ्तारी को लेकर धरना

## समाजसेवी संगठनों और परिजनों ने उठाई आवाज, पत्नी को जलाकर मारने का लगा है गंभीर आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता


धरना पर बैठे लोग

**हजारीबाग।** पूर्व एसडीओ अशोक कुमार की गिरफ्तारी की मांग को लेकर समाजसेवी संगठनों, पूर्व सैनिकों और मृतका के परिजनों ने नए समाहरणालय गेट के पास एकदिवसीय धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन पर लापरवाही और आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया। समाजसेवियों ने कहा कि अब चुप बैठने का समय नहीं है। जिला प्रशासन की निष्क्रियता यह दिखा रही है कि वे अशोक कुमार के कथित अपराधों पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं। वक्ताओं ने हजारीबाग की जनता से अपील की कि वे सड़कों पर उतरकर इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं। उन्होंने कहा, यदि आज इस परिवार को न्याय नहीं मिला, तो भविष्य में किसी और के लिए भी न्याय की उम्मीद करना मुश्किल होगा। यह केवल एक परिवार का मुद्दा नहीं है, बल्कि हम सभी का है। पूर्व सैनिकों ने भी इस घटना पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा, यदि आरोपी कोई आम नागरिक होता, तो अब तक उसकी गिरफ्तारी हो चुकी होती। लेकिन बड़े लोगों के लिए अलग और आम लोगों के लिए अलग कानून अपनाया जा रहा है। यह अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मृतका अनीता देवी के भाई राजू कुमार गुप्ता ने अपनी बहन की मौत पर न्याय की मांग करते हुए कहा, 26 दिसंबर से अब तक किसी ठोस कार्रवाई की गई है। मेरी बहन को जलाकर मार दिया गया, और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। हमने हर संभव कानूनी कदम उठाए, लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई जवाबदेही नहीं दिख रही। अब हमें मजबूर होकर उग्र आंदोलन की तैयारी करनी पड़ रही है। गौरतलब है कि 26 दिसंबर को एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता देवी की जलकर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी।

मृतका के मायकेवालों ने अशोक कुमार और उनके परिवार पर अनीता देवी को जिंदा जलाने का आरोप लगाते हुए लोहसिंघना थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हालांकि, घटना के इतने दिनों बाद भी किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने इसे मात्र दिखावा करार दिया है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

एक नजर में

## रेलवे समिति की बैठक में सांसद मनीष जायसवाल ने उठाई हजारीबाग की प्रमुख मांगे



मनीष जायसवाल व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** जमशेदपुर में दक्षिण पूर्व रेलवे की संभागीय समिति की बैठक में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने भाग लिया। बैठक में उन्होंने हजारीबाग क्षेत्र से जुड़े रेलवे विकास के कई अहम मुद्दे रेलवे अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए।

**प्रमुख मांगें:**

1. रांची-कोडरमा रेलवे लाइन का दोहरीकरणः सांसद ने रांची-कोडरमा वाया हजारीबाग टाउन रेलवे लाइन के दोहरीकरण की मांग की।
2. नई ट्रेन रूट्सः रांची से दिल्ली जाने वाली ट्रेनों को बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, बरही और कोडरमा के रास्ते चलाने का सुझाव दिया।
3. उद्योगों के लिए साइडिंग सुविधाः हुंडुर रेलवे स्टेशन पर औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए साइडिंग की व्यवस्था की मांग की।
4. वंदे भारत एक्सप्रेसः रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों के रास्ते चलाने की अपील की।
5. आधारभूत सुविधाओं में सुधारः गोला रोड रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग।

रामगढ़ कैंट, बरकी पोना, गोला रोड आदि स्टेशनों पर बेहतर लाइटिंग और पार्किंग की व्यवस्था।

गोला रोड और बरलंगा स्टेशनों पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण।

सोनडिबरा हॉल्ट को टिकट काउंटर, पेयजल, शौचालय और प्रतीक्षा हॉल जैसी सुविधाओं से लैस करने का सुझाव।

6. भ्रष्टाचार पर रोकः रेलवे साइडिंग पर कोयला चोरी और मिक्सिंग जैसी समस्याओं को खत्म करने पर जोर दिया।
7. जलजमाव से निजातः रेलवे अंडरपास में जलजमाव की समस्या को स्थायी रूप से हल करने की मांग की गई।

रेलवे अधिकारियों ने इन सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से की शिष्टाचार भेंटसांसद मनीष जायसवाल ने बैठक के बाद भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से उनके जमशेदपुर स्थित आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने झारखंड की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरे के दौरान सांसद ने क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

## कुख्यात अपराधी राहुल तुरी का दामोदर घाट पर हुआ अंतिम संस्कार, भाई ने दी मुखाग्निक

**रामगढ़।** रामगढ़ और हजारीबाग पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में मारे गए कुख्यात अपराधी राहुल तुरी उर्फ आलोक का अंतिम संस्कार हो गया। सोमवार दोपहर उसके शव का रामगढ़ के दामोदर नदी घाट पर परिवार वालों ने अंतिम संस्कार किया। राहुल के भाई सत्यम कुमार तुरी ने उसे मुखाग्नि दी। इस दौरान उसके परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। राहुल के शव को उसके भाई सत्यम कुमार तुरी, मामा गणेश तुरी और एक अन्य रिश्तेदार विजय कुमार ने पोस्टमार्टम हाउस से रिसीव किया।

## विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ने बिरहोर परिवार के साथ मनाया मकर संक्रांति पर्व

**बरही।** विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के साथ मनाया। सोमवार को फाउंडेशन के लोग बरही प्रखंड के खोड़ाहार पंचायत अंतर्गत केवाल गांव में निवास करने वाले आदिम जनजाति बिरहोर परिवार के आवासीय परिसर में पहुंचे, वे अपने साथ चूड़ा, दही, तिल, गुड इत्यादि खाद्य सामग्री साथ लेकर गए, जहां उपस्थित बिरहोर परिवार के बच्चे बूढ़े महिलाओं को कतारबद्ध बैठाकर चूड़ा, दही, तिल, गुड परोसा। मौके पर फाउंडेशन के वरिष्ठ सलाहकार विभूतिभूषण प्रताप सिंह ने कहा कि बिरहोर परिवार को बेसन के लिए हमारे दादा स्वर्गीय राजकुमार सिंह ने 20 एकड़ जमीन दान में दी जिसका प्रमाण हमारे पास है।

मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग झारखंड सरकार रामदास सोरेन ने किया रामगढ़ जिले का दौरा

### शिक्षा के माध्यम से बच्चे अपनी गरीबी दूर करने के साथ साथ

## देश और समाज के विकास में योगदान दे सकते हैं: शिक्षा मंत्री


उद्घाटन करते मंत्री व इनसेट फोटो में बच्चों के साथ मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़/रजरप्पा।** मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा निबंधन विभाग झारखंड सरकार रामदास सोरेन ने सोमवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ विधायक ममता देवी, उपायुक्त चंदन कुमार अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उपस्थिति में रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी प्रखंड के दुलमी पंचायत में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय चामरोम का उदघाटन किया। मौके पर अपने संबोधन में मंत्री ने सभी छात्राओं को झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के शुभारंभ की शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शिक्षा विभाग का यह प्रयास है कि शिक्षा संबंधित सभी तरह की सुविधा राज्य के बच्चों को उपलब्ध कराई जाए इस दिशा में शिक्षा विभाग निरंतर कार्य कर रहा है । वर्तमान में राज्य में 80 सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस है बहुत जल्द ही राज्य में 80 और सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस खोले जाएंगे। मंत्री ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा रास्ता है जिसके माध्यम से ना केवल अपनी गरीबी दूर कर सकते हैं बल्कि देश व समाज के विकास में भी अपना योगदान दे सकते हैं । मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पलायन की दिशा में किए जा रहे हैं कार्यों की जानकारी देते हुए राज्य सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार सहित कई अन्य कार्यक्रमों को लेकर सभी को जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग को सुदृढ़ बढ़ाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा रिक्त पदों की समीक्षा की जा रही है। जल्द ही रिक्त पदों को योजनाबद्ध तरीके से भरने हेतु कार्य किया जाएगा। इस दौरान रामगढ़ विधायक ममता देवी ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों द्वारा दी गई विभिन्न प्रस्तुतियों की सराहना की। मौके पर उन्होंने राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य एवं उनके द्वारा विभिन्न प्रयासों को सभी के समक्ष रखा।

## झारखंड में जल, जंगल, जमीन की लूट जारी: भुवनेश्वर मेहता


प्रेस वार्ता करते भुनेश्वर मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड में जल, जंगल और जमीन पर मची लूट थमने का नाम नहीं ले रही है। हजारीबाग जिले में ही 25,000 एकड़ से अधिक गैर-मजरूवा और वनभूमि की अवैध बंदोबस्ती हो चुकी है। एसआईटी जांच और रिपोर्ट के बावजूद भू-माफियाओं और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। यह आरोप झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष और पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने सोमवार को एक प्रेस वार्ता में लगाए। उन्होंने कहा कि भूमि बैंक में 23 लाख हेक्टेयर जमीन शामिल किए जाने से हजारों किसानों की जमीन पर रसीद कटना बंद हो गया है। खनन, कल-कारखानों और सड़क निर्माण के नाम पर गैर-मजरूवा जमीन अधिग्रहित की जा रही है, लेकिन जिन किसानों के घर और खेत उजड़ रहे हैं, उन्हें मुआवजा तक नहीं मिल रहा। मेहता ने बताया कि चतरा जिले के सिमरिया में किसान 22 अप्रैल 2023 से सिंहपुर, कठौतिया रेलवे लाइन और भारत माला परियोजना के मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। इसी तरह बड़कागांव के गोंदलपुरा में अडानी को आवंटित कोल ब्लॉक रद्द करने की मांग को लेकर 12 अप्रैल 2023 से प्रदर्शन जारी है। बावजूद इसके, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को बार-बार पत्र लिखने और प्रदर्शन करने के बावजूद इन मुद्दों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू और केरेडारी में एनटीपीसी द्वारा खनन का काम तेजी से जारी है। लेकिन विस्थापितों को उचित मुआवजा और रोजगार नहीं मिल पा रहा। त्रिवेणी और सैनिक कंपनियों द्वारा कोयला खनन से पर्यावरण और ग्रामीणों के जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है।

## पुंदाग टोल प्लाजा परिसर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा दिवस मनाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** टोलवे प्राइवेट लिमिटेड एवं हजारीबाग रांची एक्सप्रेस वे लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में पूनदाग टोल प्लाजा परिसर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सड़क सुरक्षा दिवस मनाया जा रहा है। आज कार्यक्रम की शुरूआत गणमान्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय पदाधिकारी एनएल योतकर, परियोजना निदेशक, सुश्री एकता कुमारी, मनोज पांडे, ट्रैफिक प्रभारी रामगढ़ गजेंद्र पांडे, परियोजना प्रमुख चेतन मलबाड़ी, सौरभ सिंह भदौरिया, रामगढ़ वाहन यूनियन के अध्यक्ष अमित सिन्हा, सौरभ मिश्रा, अमित प्रकाश, जितेंद्र कुमार, जमाल खान, राजेश वर्मा, रंजीत ठाकुर और अनेक राहगीरों के साथ-साथ परियोजना के भारी संख्या में कर्मचारीयों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। सड़क सुरक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती है जिसमें जान माल की हानि होती है इसलिए वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की जानकारी दी गई। लोग सड़क सुरक्षा मानकों को नहीं अपना रहे हैं, नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। जिसे देखते हुए लोगों को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम के तहत लोगों से वाहन धीरे चलाने, नशा का सेवन कर गाड़ी न चलाने सहित हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील की गई। सड़क सुरक्षा के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटना में कमी लाना है। सभी राहगीरों के लिए मुफ्त में आंखों की जांच शिविर लगाई गई। दुर्घटनाओं में कमी हो इसको लेकर कंपनी की तरफ से मुफ्त में हेलमेट भी बांटी जा रही थी।


**Government of Jharkhand Directorate of Tourism**
MDI Building, 2nd Floor, Dhurwa, Ranchi-4
Ph.-0651-2400493, Fax-0651-2400492, E-mail:dirjharkhandtourism@gmail.com
Ref. No. Tou/ Dir/Yoj/24/2024 - 64 Dated: - 13/01/2025.
**Notice Inviting Tender**
for
**Selection of Agency for organizing Eco Retreat-2025 with setup, operation & management of Tent City facilities at Netarhat, Jharkhand (Feb, 2025)**

The Directorate of Tourism (DoT), Govt. of Jharkhand intends to Selection of an Agency for setting up and installation of Lease Line Connection at Patratu Lake Resort, Patratu, Ramgarh by Directorate of Tourism, Government of Jharkhand therefore, invites interested agencies to submit their Bids.

Interested agencies may download the document from **13/01/2025, 17:00 Hours** onwards from the Department of Tourism website:–www.tourism.jharkhand.gov.in/ and submit their Applications. The Bid Due Date is on **29/01/2025 at 14:00 hours**. A Technical Bid & Financial Bid opening Conference will be held on **29/01/2025 at 14:30 Hours** at the office of Directorate of Tourism (DoT), Govt. of Jharkhand.

A pre-application conference will be held on 17/01/2025 at MDI Building, 2nd floor, HEC Campus, Dhurwa, Ranchi–04, Tel Phone: 0651-2400493, e-mail: dirjharkhandtourism@gmail.com.

All subsequent notifications, changes and amendments will be posted only on the website www.tourism.jharkhand.gov.in

*DoT reserves the right to cancel this invitation and/or invite fresh Bid with or without amendments to this invitation, without liability or any obligation for such invitation and without assigning any reason.*

PR 344262 Tourism (24-25)D
Sd/-
Director,Tourism.



**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**Office of the General Manager,Transmission Zone-V, Hazaribag,**
**Office At - Sringari Complex, Canary Hill Road, Hazaribag, Pin – 825301, JH**
**eMail iD:- gmtzone5hzb@gmail.com**

**e-Tender Notice**

E-Tender notice in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part-II) are invited from reputed, experienced capable and financially sound agencies / contractors for the following works:-

| Sl. No. | NIT No. | Description of Work | Estimated Cost including of GST & Labour Cess (Rs.) | Earnest Money Deposit(Rs.) | Cost of Tender (Non Refundable)(Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 321/PR/JUSNL /2024 – 25 | Work for construction of continuous electric welding in bracing members at every angle joint points required in different tower types in 220KV D/C Itkhori – Pakribarwadih Transmission Line under Jurisdiction of Transmission Sub Division, Itkhori (Total 44 nos. of Towers. | Rs.23,24,791.00 | Rs.46,500.00/- | Rs.5000+18%GST = Rs. 5900/- |

| | |
|---|---|
| Availability of T ender Documents on website | From 15/01/2025 at 10.00 AM to 05/02/2025 upto 2:00PM |
| Last Date & Time for uploading of e-Tender | 05/02/2025 upto 2:00PM |
| BID Opening date for Technical (Part – I) | 06/02/2025 at 04.00 PM |
| BID Opening date for Financial (Part – II) | Will be communicated later on. |
| Tendering Officer, address for communication & submission of tender documents | G.M.,TRANSMISSION ZONE-V, HAZARIBAG Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road, Near Montfort School, Hazaribag – 825301, JH |

1) e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (**06546-270375**) during office hours. NIC helpline no.- **0651-2400178**.
2) Bidder shall deposit online Tender fee & EMD as per rules of e-tendering portal.
3) The bids will be received through electronic tendering mode only.
4) No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-V, Hazaribag
PR 344194 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D



**कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा**

—:आम सूचना:—

सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड, रॉची द्वारा निर्गत राज्यादेश संख्या 15 रा0 दिनांक 01.07.2024 के तहत पंचायत स्तरीय दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन माह–जनवरी 2025 में किया जा रहा है, जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी / संक्रामक रोगों से बचाव हेतु जानकारी / बीमार पशुओं की चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान, टिकाकरण एवं मल, मूत्र रक्त आदि की जाँच की जाएगी। पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम में भाग लेकर इसका लाभ उठायेंगे।

:–पंचायत का नाम, ग्राम तथा शिविर आयोजन की तिथि:–

| क्र.स. | प्रखण्ड | पंचायत | शिविर आयोजन की तिथि | शिविर स्थल का नाम | उत्तरदायी पदाधिकारी का नाम / पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडू | जीमा | 15.01.2025 | घटकपुर | डॉ0 शकुन्तला सोरेन, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कुडू, लोहरदगा 9934038731 / 9431361554 |
| | | | 16.01.2025 | गोपी टोली (जीमा) | |
| 2 | | टाटी | 17.01.2025 | जिंदो | |
| | | | 18.01.2025 | टाकू | |
| 3 | | लावागाँई | 20.01.2025 | झकराटोली (ननातोली) | |
| | | | 21.01.2025 | लावागाँई | |
| 4 | | कोलसिमरी | 24.01.2025 | बारडीह | |
| | | | 25.01.2025 | रोन्हैया | |
| 5 | | जिंगी | 27.01.2025 | तान | |
| | | | 28.01.2025 | मकरा | |
| 6 | | उडुमुडू | 29.01.2025 | उडुमुडू | |
| | | | 30.01.2025 | हुरहद | |
| 6 | | सलगी | 15.01.2025 | लालूटोली | डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993 / 8809426652 |
| | | | 16.01.2025 | धोबरना | |
| 7 | | चॉपी | 17.01.2025 | छोटकी चॉपी | |
| | | | 18.01.2025 | बड़की चॉपी | |
| 8 | | चिरी | 20.01.2025 | चिरी | |
| | | | 21.01.2025 | बरवाटोली | |
| 9 | | सुंदरू | 22.01.2025 | ओपा | |
| | | | 23.01.2025 | सुंदरू | |
| 10 | लोहरदगा | रामपुर | 16.01.2025 | खकपरता | डॉ0 मनीषा लकड़ा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, रामपुर 8969860976 |
| | | | 17.01.2025 | रामपुर | |
| 11 | | बाधा | 21.01.2025 | बाधा | |
| | | | 22.01.2025 | बकरनी | |
| 12 | | तिगरा | 24.01.2025 | बेजवाली | |
| | | | 25.01.2025 | इटा | |
| 13 | | अरकोसा | 28.01.2025 | भक्सो | |
| | | | 29.01.2025 | अरकोसा | |
| 14 | | हरमु | 16.01.2025 | नंदिया | डा0 अभिषेक उरॉव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा 9431528212 |
| | | | 17.01.2025 | हरमु | |
| 15 | | मन्हो | 20.01.2025 | कैमो | |
| | | | 21.01.2025 | मन्हो | |
| 16 | | हेसल | 23.01.2025 | कुज्जी | |
| | | | 24.01.2025 | हेसल | |
| 17 | | हिरही | 28.01.2025 | इटहु बराटपुर | |
| | | | 29.01.2025 | हिरही | |
| 18 | पेशरार | सेरेंद | 15.01.2025 | सेरेंद | डा0 बिरसा उरॉव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969 / 9798078205 |
| | | | 16.01.2025 | चान्दनो | |
| 19 | | हेसाग | 17.01.2025 | गढ़कसमार | |
| | | | 18.01.2025 | नवाडीह | |
| 20 | | तुईमु | 21.01.2025 | रनकुली | |
| | | | 22.01.2025 | सिन्दूर | |
| 21 | किस्को | बगडू | 23.01.2025 | जामुनटोली | |
| | | | 24.01.2025 | महतोटोली | |
| 22 | | हिसरी | 27.01.2025 | झटमटोली | |
| | | | 28.01.2025 | मेरले | |
| 23 | | आरेया | 29.01.2025 | बोंगा | |
| | | | 30.01.2025 | आरेया | |
| 24 | किस्को | पाखर | 15.01.2025 | तिसिया | डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, खरचा, 9430190718 |
| | | | 16.01.2025 | सलैया | |
| 25 | | देवदरिया | 17.01.2025 | खरचा | |
| | | | 18.01.2025 | जोबांग | |
| 26 | | नावाडीह | 20.01.2025 | नारी | |
| | | | 21.01.2025 | नावाडीह | |
| 27 | | खरकी | 28.01.2025 | खरकी | |
| | | | 29.01.2025 | सेमरडीह | |
| 28 | | बेटहठ | 30.01.2025 | बेटहठ | |
| | | | 31.01.2025 | पतगच्छा | |
| 29 | भण्डरा | मसमानो | 15.01.2025 | बेदाल | डॉ0 मनोज कुमार प्रखण्ड पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भण्डरा 7903325460 |
| | | | 16.01.2025 | मसमानो | |
| 30 | | उदरंगी | 20.01.2025 | उदरंगी | |
| | | | 21.01.2025 | हाटी | |
| 31 | | आकाशी | 24.01.2025 | खरमातु | |
| | | | 25.01.2025 | कुम्हरिया | |
| 32 | | बड़ागाई | 29.01.2025 | कुन्दो | डा0 संजय उरांव भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चापी, भण्डरा 9905411330 |
| | | | 30.01.2025 | झारो | |
| 33 | | गढ़रप्पो | 17.01.2025 | गढ़रप्पो | डॉ0 अंजिला श्रद्धा तृप्ति कुजूर भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भण्डरा 8974749989 |
| | | | 18.01.2025 | पोढ़हा | |
| 34 | | भौरो | 27.01.2025 | भौरो, मलनटोली | |
| | | | 28.01.2025 | बलसोता,सरनाटोली | |
| 35 | कैरो | गजनी | 21.01.2025 | खण्डा | डा0 अमरदीपक तिग्गा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कैरो 7250757243 |
| | | | 22.01.2025 | महुवरी | |
| 36 | | गुडी | 23.01.2025 | गुडी | |
| | | | 24.01.2025 | नगड़ा | |
| 37 | | हनहट | 25.01.2025 | हुदू | |
| | | | 27.01.2025 | तोडांग | |
| 38 | | नरौली | 30.01.2025 | पंचगाई | |
| | | | 31.01.2025 | चरीमा | |
| 39 | सेन्हा | सेन्हा | 15.01.2025 | पशुचिकित्सालय सेन्हा | डॉ0 मनोज कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सेन्हा 7004141738 |
| | | | 16.01.2025 | उरांवटोली | |
| 40 | | डाडू | 17.01.2025 | चितरीअम्बाटोली | |
| | | | 18.01.2025 | एकागुडी | |
| 41 | | झालझमीरा | 20.01.2025 | झालझमीरा पीपरनाटोली, | |
| 42 | | | 21.01.2025 | दीपाटोली | |
| 43 | | उगरा | 27.01.2025 | टंगराटोली | |
| | | | 28.01.2025 | मेढो | |
| 44 | | अरू | 29.01.2025 | अरू पतराटोली | |
| | | | 30.01.2025 | अरू | |
| 45 | | भड़गांव | 24.01.2025 | भड़गांव | डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993 / 8809426652 |
| | | | 25.01.2025 | कुदगढ़ी | |
| 46 | | अलौदी | 28.01.2025 | साके, | |
| | | | 29.01.2025 | गड़गाँव | |
| 47 | | बुटी | 30.01.2025 | खास बुटी | |
| | | | 31.01.2025 | कण्डरा | |

नोट:–लोहरदगा जिलान्तर्गत सभी पंचायतों के स्थानीय जनप्रतिनिधि / मुखियागणों को सभी विशेष पशुचिकित्सा शिविरों में सादर आमंत्रित किया जाता है एवं पशुपालकों से अनुरोध है कि शिविर में अपने पशुओं को बिमारियों से बचाव हेतु टीका / औषधियाँ अवश्य दिलाएँ।

PR 344153 (Lohardaga) 24-25 (D)
जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

## प्रखंड-अंचल का औचक निरीक्षण कर एसडीओ ने मोटिया मजदूरों का मामला सुलझाने कहा

# प्रखंड में विकसित किये जायेंगे पर्यटन स्थल : उत्कर्ष

- परिसर से हटेगा थाने का मालखाना
- चॉकलेट व बांस उद्योग की वकालत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने कहा कि बीडीओ और सीओ को न्यूनतम मजदूरी व बकाये का भुगतान को लेकर अनशन कर रहे एसएफसी मोटिया और हथालन अभिकर्ता के बीच समझौता कराकर समस्या का हल निकालें। गोदाम खोलवाने, पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्थल चयन कर उसे विकसित करने का काम करें। साथ ही उन्होंने प्रखंड परिसर से थाने का मालखाना हटवाने, खाली पड़े भवनों का उपयोग व रख-रखाव, समिति की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चॉकलेट यूनिट की स्थापना व बांस आधारित उद्योग लगाने, अधूरे पड़े मार्केटिंग कॉम्प्लेक्स को पूर्ण कराने, पुरानी बिल्डिंग में लाइब्रेरी खोलने तथा थाना दिवस आयोजित कर समस्याओं के त्वरित निपटारे के निर्देश दिये गये हैं। सोमवार को प्रखंड व अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण कर वह पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस दौरान जेएसएलपीएस, मनरेगा, मंईयां सम्मान योजना व निमार्णाधीन स्टॉफ क्वार्टर का जायजा लिया और उपस्थिति समेत कई अन्य पंजियों की जांच भी की। मौके पर बीडीओ एसके चौरसिया, सीओ रवि कुमार, जेएसएलपीएस के बीपीओ कुणाल कुमार, इंटर प्राइजेज प्रमोशन की बीपीओ सुलोचना तिर्की व मनरेगा बीपीओ नमिता कुमारी आदि मौजूद थे।


योजनाओं की जानकारी लेते एसडीओ।

### बीडीओ-सीओ ने लहना का किया दौरा

एसडीओ के निर्देश पर बीडीओ सत्येंद्र कुमार चौरसिया और सीओ रवि कुमार लहना पहुंचे। उन्होंने कोयल नदी स्थित वाटर पार्क का अवलोकन किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से इसकी विशेषता की जानकारी ली। लोगों ने उन्हें बताया कि बरसात के दिनों में यहां होने वाले जल जमाव और झरना आकर्षण के केंद्र बन जाते हैं। इसके पूरब में तालाब, उत्तर-पश्चिम में नदी और उत्तर दिशा में किसानों के सैकड़ों एकड़ उपजाऊ जमीन है। पार्क तक जाने के लिये सड़क नहीं है। लोग खेत की पगडंडी से होकर गुजरते हैं।

### लंबित कार्यों पर जतायी नाराजगी

प्रधानमंत्री और अबुआ आवास निर्माण की धीमी गति, जुलाई 24 से लंबित सीमांकन, दाखिल-खारिज और कोर्ट की जमीन संबंधी सत्यापन रिव्यू प्रतिवेदन के महीनों से लंबित रहने पर नाराजगी जतायी। श्री कुमार ने काली मंदिर से राष्ट्रीय राज मार्ग तक आरईओ पथ की बदहाली पर चिंता व्यक्त की। वर्षों से जर्जर भवनों को तोड़वाने के सवाल पर एसडीओ ने बजटीय प्रावधान न होने की बात कही। फेटा में खाद्य निगम की ओर से निर्मित गोदाम की अनुपयोगिता पर उन्होंने कहा कि अभिलेख के जरिये इसकी जानकारी ली जायेगी। इससे पूर्व श्री कुमार ने लोगों की फरियाद सुनी और समाधान का भरोसा दिलाया।

## शोक-संतप्त परिवार से मुलाकात कर उनका दु:ख साझा किया : शिल्पी तिर्की



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडर।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को प्रखंड के बुढ़ाखुखरा निवासी कांग्रेस पार्टी के पुराने और वरिष्ठ साथी हाजी मो इस्लाम के निधन का खबर सुनकर उनके घर पहुंचकर शोक-संतप्त परिवार से मिलकर उनका दुःख साझा किया, और ढांढस बंधाया। माननीय मंत्री द्वारा कहा गया कि दुःख के इस कठिन घड़ी में हम उनके साथ खड़े हैं, ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और परिवार वालों को इस आपार दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करे। बताते चले की हाजी मो इस्लाम को दिल का दौरा पड़ा और उनका निधन हो गया। परिजनों के मुताबिक 14 जनवरी मंगलवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे उन्हें बुढ़ाखुखरा स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जायेगा। मौके पर अंचलाधिकारी चंचला कुमारी, मो. खालीद, प्रखंड सदर नुरुल्लाह नदवी, अफरोज हुसैन, माशूक अली, आलमगीर अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### मांडर सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

मांडर। रांची-मेदनिनगर मुख्य पथ पर स्थित मांडर मिशन चौक के बिच मे हुए सड़क हादसे मे 36 वर्षीय अभय कुमार घायल हो गए। घटना सोमवार शाम साढ़े छे बजे की है। बतया जाता है अभय अपने एक और अन्य मित्र अनिकेत तिवारी के साथ अपने बाइक से अपना डेरा कठचंचो जा रहे थे। उसी दौरान उक्त स्थान पर एक अज्ञात दो पहिया वाहन ने पीछे से धक्का मार दिया जिससे वह दोनों वहीं पर गिर पड़े। प्रशासन की मदद से दोनों को मांडर स्थित रेफरल अस्पताल लाया गया जहाँ अभय की स्तिथि को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। बताते चले अभय और अनिकेत बिहार के रहने वाले हैं, कठचांचो मे डेरा लेकर रहते हैं। और किसी कंपनी मे काम किया करते हैं।

### स्वर्गीय काशीनाथ महतो स्मृति मेला 21 को



मुरी/सिल्ली। सिल्ली प्रखंड अंतर्गत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय काशीनाथ महतो स्मृति मेला आगामी 21 जनवरी को भेलवा टुंगरी में आयोजित किया जाएगा जिसकी तैयारी को लेकर रविवार को आसपास के विभिन्न गांव के सैकड़ो ग्रामीणों के साथ बासारुली पंचायत के मुखिया लालू राम उरांव की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया की मेले का मुख्य आकर्षण टुसू प्रदर्शनी, पाता नाच, महिला फुटबॉल खेल, पुरुष फुटबॉल खेल, क्रिकेट खेल, मुर्गा लड़ाई रहेगा।

### पुलिस ने अख्तर अंसारी को किया गिरफ्तार

ठाकुरगांव-थाना क्षेत्र के पतराटोली निवासी अख्तर अंसारी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि अख्तर अंसारी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था। जानकारी के अनुसार पतराटोली निवासी अब्दुल हफीज पर कुछ दिनों पूर्व अख्तर अंसारी व एक अन्य आरोपी ने जानलेवा हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था।

## राहे पुलिस ने पांच एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया


पोस्ते की पौधों को नष्ट करती पुलिस।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**राहे।** रांची के एसएसपी और ग्रामीण एसपी के निदेर्शानुसार बुंडू डीएसपी द्वारा गठित टीम में राहे थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को थाना क्षेत्र के होटलो पंचायत अंतर्गत कोकरोडीह, घाघराडीह और इंडिसरेंग गांव के जंगल के बीच पांच एकड़ में लगे पोस्ते के पौधे को नष्ट किया। थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह ने कहा कि अवैध खेती और मादक पदार्थों के व्यापार में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी संदिग्ध गतिविधि में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिसने पोस्ते की खेती किया है पहचान किया गया है। जल्द करवाई होगी।

### चार एकड़ में अफीम की खेती को सिल्ली थाना के द्वारा नष्ट किया गया


अफीम की खेती को नष्ट पुलिस।

सिल्ली। वरिया पुलिस उपाध्यक्ष अनुज उरांव के आदेश अनुसार सिल्ली थाना प्रभारी के नेतृत्व में बसंतपुर गांव राढ़ू नदी के समीप चार एकड़ जमीन पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। जानकारी के अनुसार सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि गुप्त सूचना के अनुसार चार एकड़ में अफीम की खेती की जा रही थी दलबल के साथ बसंतपुर गांव राढ़ू नदी के समीप पहुंचे और अफीम की खेती को ट्रैक्टर चला कर उसे नष्ट किया गया इस संबंध में किसी की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो पाई है।

## घघारी बाबा धाम में मकर संक्रांति मेला आज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध घघारी बाबा धाम में आयोजित चार दिवसीय मकर संक्रांति मेला महोत्सव के दुसरे सोमवार को 72 घंटे के अखंड हरी कीर्तन में छत्तीसगढ़ समेत कई गांव के कीर्तन मंडलियों ने हरे नाम की जय घोष से पुरा घघारी धाम को भक्ति मय कर दिया। इधर मकर संक्रांति को लेकर लगने वाले मेले की तैयारी आयोजन समिति की ओर से पूरी कर ली गई है। इधर मेले के दौरान हजारों श्रद्धालु पवित्र स्नान कर पूजा अर्चना करेंगे। इस दौरान मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक रणनीति बनाई गई।


अखंड हरी कीर्तन में भाग लेते श्रद्धालु।

इस मौके पर अध्यक्ष राजकमल गोप ने कहा कि घघारी बाबा धाम में आयोजित होने वाले मकर संक्रांति महोत्सव के दौरान रांची, गुमला, लोहरदगा और खूंटी जिले से हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का हमें ध्यान रखा गया है। मेला के दौरान वाहनों को मेला स्थल से एक किलोमीटर दूर ही बैरिकेटिंग लगाकर रोका जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मेला आयोजन समिति के भुवन महतो, सेवक सिंह, तीर्थनाथ सिंह, सुनील उरांव, संजय महतो, पुजारी सीताराम पाठक, राजकुमार पाठक, राम शंकर पाठक, विनय पाण्डेय, मार्केण्डेय गोस्वामी तुलसीदास गोस्वामी, नारायण सिंह, हरिमोहन गोप, सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एसीसी उच्च विद्यालय एवं ए सी सी पब्लिक स्कूल मे मना वनभोज




- कांग्रेस महामंत्री ने शिक्षकों को बांटे कंबल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** एसीसी उच्च विद्यालय एवं ए सी सी पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यालय के निदेशक जामवंत सिंह प्रधानाध्यापक एस एन तिवारी एवं रवि गिरी एवं शिक्षक कर्मचारी सफी नदी तट पर पिकनिक का आनंद प्राकृतिक मनोरम दृश्यों के साथ वनभोजन का आनंद लिया। साथ ही यादों का पल को अपने कमरे में कैद किये। वही खलारी सीमेंट लिमिटेड के सौजन्य से जिला कांग्रेस महामंत्री राजेश सिंह मिंटू के द्वारा एसीसी उच्च विद्यालय एवं ए सी सी पब्लिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अन्य कर्मचारियों को कंबल भेंट किया। इस दौरान विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह प्रधानाध्यापक एस एन तिवारी, सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद नागपुरी पुस्तक का लोकापर्ण


पुस्तक का लोकार्पण करते रामटहल चैधरी व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** आरटीसी कॉलेज ओरमांझी में सोमवार को एक समारोह आयोजित कर कॉलेजे के नागपुरी विभाग के प्रोफेसर डॉ सुमन कुमार द्वारा अनुवादित स्वामी विवेकानंद पर लिखि नागपुर पुस्तक का तृतीय संस्करण लोकार्पण की गई। पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, श्यामाप्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय के प्रोफेसर किशोर प्रसाद, आरटीसी काजेल के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो, प्राचार्य भीम मुंडा, उपप्रचार्य प्रो. योगेंद्र ठाकुर सहित अन्य अतिथि द्वारा संयुक्त रूप से पुस्तक का लोकार्पण किया गया। वहीं पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा सभी को स्वामी विवेकानंद की जीवनी से प्रेरणा लेने की जरूरत है। नागपुरी पुस्तक से प्रेरणा मिलने के साथ अपनी नागपुरी भाषा संस्कृति को बेहतर ढंग से समझने का अवसर भी मिलेगा। वहीं उपस्थित अतिथियों द्वारा वहीं स्वामी विवेकानंद की जयंती व युवा महोत्सव पर भी प्रकाश डालते हुए कालेज के दर्जनभर युवाओं को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में काजेल के उपप्रचार्य प्रो. योगेंद्र ठाकुर प्रो. गफ्फार अंसारी, प्रो. इमरान अंसारी, विभाग अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रेमनाथ मुंडा, लक्ष्मण महतो सहित कालेज के षिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## चान्हो प्रखंड के सभी पंचायत भावनो मे विशेष कृषि कैम्प का आयोजन



चान्हों। प्रखण्ड के सभी पंचायत भवनों में विशेष कृषि कैंप का आयोजन सोमवार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक लगाया गया। यह विशेष कृषि कैम्प कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, शिल्पी नेहा तिर्की के निदेर्शानुसार प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, एवं अंचल अधिकारी, ने संयुक्त आदेशानुसार सभी पंचायतों में आयोजित किया गया। इस विशेष कृषि कैंप का मुख्य उद्देश्य कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए चल रही सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ साथ, धान अधिप्राप्ति केंद्रों में किसानों का निबंधन करना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, योग्य इक्षूक लाभुकों को के सी सी ऋण की सुविधा उपलब्ध कराना, कृषि ऋण माफी, कृषि यंत्रों के वितरण, पीएम किसान का ई के वाई सी, इत्यादि सभी विभागीय योजनाओं के लिए आवेदन संग्रह किया गया। इस विशेष कृषि कैंप के माध्यम से किसानों को दिनांक-18.01.2025 को कृषि मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित आगामी 'प्रमण्डल स्तरीय कृषि मेला सह प्रदर्शनी', सिलांगाई, चान्हों में अपने फसलों सहित किसानों को उपस्तिथि अनिवार्य है। इस विशेष कृषि कैंप के आयोजन में कृषि पदाधिकारी, जनसेवक, कृषक मित्रों, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने भरपूर सहयोग किया।

## रेलवे की बैठक में सांसद प्रतिनिधि विनय महतो धीरज ने उठाया यात्री सुविधा का मुद्दा



सिल्ली। रांची रेल मंडल और चक्रधरपुर मंडल के सांसदों की मंडलीय समिति की संयुक्त बैठक जमशेदपुर हाइवे स्थित होटल में संपन्न हुई। इसमें झारखंड व ओडिशा के नौ सांसद और उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। जमशेदपुर सांसद विद्युतवरण महतो की अध्यक्षता एवं रेल जीएम एके मिश्रा के नेतृत्व में शुरू बैठक में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ के प्रतिनिधि विनय महतो धीरज ने यात्री सुविधा का मुद्दा उठाया। इस दौरान सिल्ली में रांची धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव, मुरी जंक्शन से बिसरिया गांव तक के लिए सड़क निर्माण संबंधी अधतन रिपोर्ट, मुरी में नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव, गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पास चतरा बोंगईबेड़ा रोड पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण, नामकोम जोरार बस्ती के पास एक्स आर्मी कालोनी जाने वाली सड़क को यथावत रखने, ट्रेनों के कोच में मोटिवेशनल पंक्ति लिखने समेत यात्रियों के सुविधा संबंधी सुझाव दक्षिण पूर्व जोन के रेल जीएम एके मिश्रा समेत रांची मंडल के डीआरएम के समक्ष रखा।

## चमरा लिंडा ने नर्सिंग कॉलेज का किया औचक निरीक्षण



**इटकी।** झारखंड सरकार के मंत्री चमरा लिंडा ने सोमवार को इटकी स्थित नर्सिंग कौशल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री कॉलेज के क्लास रूम में पहुंचे। जहां क्लास में कुछ छात्राएं जमीन पर बैठ कर पढ़ाई कर रहे थे। इस पर मंत्री ने छात्राओं से जानकारी ली। छात्राओं ने बताया कि पीछे बैठने से टीचरों की आवाज साफ सुनाई नही देती है इस लिए सामने जमीन पर बैठ कर पढ़ाई करते है। मौके पर मंत्री ने संबंधित अधिकारी को फोन कर जल्द से जल्द क्लास रूम में बेहतर आवाज के लिए साउंड सिस्टम लगाने का निर्देश दिया। वहीं छात्राओं से पढ़ाई से संबंधित जानकारी ली व इंग्लिश के कई सवाल भी पूछे जिसका जवाब भी छात्राओं ने दिया। इस दौरान मंत्री ने छात्राओं का हौसला भी बढ़ाया और अनुशासन में रह कर पढ़ाई करने को कहा। मंत्री ने कॉलेज के हॉस्टल व किचेन का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए।

## गरीबों व जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**ठाकुरगांव।** समाजसेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने सोमवार को क्षेत्र के कई गांवों में गरीबों व जरूरतमंदों के बीच 250 कंबल वितरण किया। इस क्रम में उन्होंने जिदु, मारवा, करकट्टा, मन्हा आदि गांवों में कंबल वितरण किया। मौके पर स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने कहा कि ठंड में बुजुर्गों को कंबल मिलने से उन्हें काफी सुविधा होती है। साथ ही उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अन्य गांवों में भी जल्द ही बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण किया जायेगा। मौके पर उदय पासवान, परिबा साहु, जनार्दन साहु, अमृत महतो, कृष्णा लोहरा, संदीप साहु समेत अन्य मौजूद थे।

## झारखंड की संस्कृति बचाना युवाओं की जिम्मेदारी

### आरटीसी कालेज में टुसू महोत्सव का आयोजन


टुसू के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत करती कॉलेज की छात्राएं।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** आरटीसी कालेज ओरमांझी में सोमवार को छात्र-छात्राओं द्वारा टुसू महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने खूद से टुसू निर्माण कर ढोल-नगाड़े की थाप पर सामुहिक झुमर नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय के प्रोफेसर छात्रों के नृत्य व उत्साह में शामिल हो उन्होने भी ढोल बजाकर टुसू महोत्सव का लुप्त उठाया। उन्होने टुसू को बेटी व लक्ष्मी का प्रतिरूप बताया और गीतों के माध्यम से टुसू पर्व का महत्व भी बताया। कहा यह पर्व खेती से भी जुड़ी संस्कृति है। वहीं पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने टुसू को झारखंड की संस्कृति से जुड़ा पर्व बताया और कहा झारखंड के प्रत्येक पर्व त्योहार यहां की संस्कृति को परिभाषित करती है। राज्य की संस्कृत को बचाना अब युवाओं की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में काजेल के निदेशक डॉ पारसनाथ महतो, प्राचार्य भीम मुंडा, उपप्रचार्य प्रो. योगेंद्र ठाकुर प्रो. गफ्फार अंसारी, प्रो. इमरान अंसारी, विभाग अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रेमनाथ मुंडा सहित कालेज के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## टोल प्लाजा में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम

# चुटूपालू घाटी की दुर्घटनाओं पर चिंता जताया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत सोमवार को हजारीबाग रांची हाईवे टोल प्लाजा ओरमांझी में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम आयोजित कर बिना हेलमेट सफर कर रहे 50 बाइक सवार को हेलमेट प्रदान कर सड़क सुरक्षा की जानाकरी दी गई। मुख्य अतिथि एनएचआई झारखंड के क्षेत्रीय पदाधिकरी एनएल यवतकर, परियोजना निदेशक एकता कुमारी व प्रोजेक्ट प्रमुख चेतन मालवारी सहित अन्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से किया गया। वहीं मुख्य अतिथि एनएल यवतकर सड़क सुरक्षा की जानाकरी दी और चुटूपालू घाटी में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा टोल प्लजा के माध्यम से भी दुर्घटनाओं को कम की जा सकती है। दुर्घटना में एक की मौत होने से उस परिवार का जीविका का साधान चला जाता है। सड़क सुरक्षा में कंप्यूटर से मोनेटेरिंग सुरक्षा का भी काफी महत्व है। सड़क दुर्घटना न हो इसके लिए जागरूकता के साथ सभी को संकल्प लेने की जरूरत है। वहीं परियोजना निदेशक ने कहा चुटूपालू घाटी में दुर्घटना कम हो इसके लिए जिला प्रशासन का सहयोग जरूरी है। वहीं जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक जामाल खान ने 2024 में अधिक सड़क दुर्घटना होने कि जानाकरी दी और कहा हाल के दिनों में स्टंट व रील बनाने के चक्कर में काफी संख्या में नवयुवक दुर्घटना का षिकार हुए हैं। उन्होने दुर्घटना के बाद गोल्डन आवर का महत्व बताया और कहा दुर्घटना हुए लोगों को मदद करने व हॉस्पिटल तक पहुंचाने वालों को 1500 से पांच हजार रूपया प्रोत्सहान राशि दी जाएगी। वहीं चेतन मालवारी ने बताया प्रत्येक वर्ष सड़क सुरक्षा सप्ताह या पखवाड़ा होता था। सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि होने के कारण अब एक माह का हो गया है। उन्होने बताया कुछ दिन बाद एक और कार्यक्रम आयोजित कर सिर्फ चालान कटने वालों को हेलमेट दिया जाएगा। इस अवसर पर आई जांच शिविर व नुकड़ नाटक के माध्यम से भी लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन रंजीत ठाकुर ने किया। मौके पर परियोजना प्रमुख अमित प्रकाश, ट्राफिक इंस्पेक्टर गजेंद्र पांडेय, मनोज पांडेय, सौरभ मिश्रा, रंजीत ठाकुर, सौरभ सिंह, प्रितम कुमार आदि उपस्थित थें।

### बाइक सवारों को हेलमेट व सड़क सुरक्षा की जानकारी मिली


हेलमेट दे सड़क सुरक्षा की जानाकरी देते।


नुकड़ नाटक प्रस्तुत करते कलाकार।

# कृषि प्रदर्शनी किसान मेला सह कृषि परामर्श शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी मेला टिकरा में स्वर्णरिखा महोत्सव के दुसरे दिवस में कृषि प्रदर्शनी किसान मेला सह कृषि परामर्श शिविर का आयोजन किया गया मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कृषि निदेशक जटाशंकर चौधरी, विशिष्ट अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत, कृषि वैज्ञानिक हेमचन्द्र, अरविंद लाल परायवरणविद ब्रज किशोर झा, पी के सिह महोत्सव के संयोजक जिप सदस्य पूनम देवी, नगड़ी प्रमुख मदुवा कच्छप उप प्रमुख अफसना प्रवीण, संरक्षक शहीद अहमद, केदार महतो प्रेमसागर महतो सुरेश साहू पसस शीला देवी, सुरेश महतो सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित और फीता काट कर किसान मेला का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व कृषि निदेशक जटाशंकर चौधरी ने कहा कि नगड़ी प्रखंड क्षेत्र किसान बहुल क्षेत्र है यहाँ के किसान काफी मेहनत और लगनशील है किसानों को पुर्वजों के बताये राह में चल कर अब जैविक खेती करना चाहिए जैविक खेती से परार्यवरण शुद्ध तो रहता है किसानों की आय भी बढता है वही प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत ने कहा कि स्वर्णरेखा नदी के उदगम स्थल रानी चुंआ से गौरवान्वित हमारा प्रखंड किसान



की उपज फसलों से भी प्रसिद्ध है यहाँ के किसानों के फसल देश के हर प्रदेश में पहुँच रहीं हैं हम जल्द ही जिला के वरीय प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर यहाँ बड़े कोल स्टोर बनाने की मांग रखेंगे वही नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप ने कहा कि किसान खुश रहेगा तभी हमारा देश खुश रहेगा प्रदेश सरकार एव संबंधित कृषि मंत्री को किसानों के हित मे जल बिजली और फसहजतछलों कोझ सुरक्षित रखने के लिए कोल स्टोर का निर्माण करना चाहिए। मौके पर कृषि वैज्ञानिक हेमचन्द्र अरविंद लाल ने किसान मेला में उपस्थित हजारों किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को खेती में रासयनिक दवा का उपयोग कम करना चाहिए अब समय की मांग है कि किसान जैविक खेती करे साथ ही साथ किसानों को धान के आलवे अन्य खेती को प्राथमिकता देनी चाहिए मौके पर किसान मेला में नगड़ी रातू ईटकी और कर्रा प्रखंड के सैकड़ों किसानों ने उपने उतकृष्ठ फसलों को लेकर कृषि प्रदर्शनी में भाग लिया मौके पर उपस्थित वैज्ञानिकों ने तीन उतकृष्ठ फसलों का चयन किया इनमें प्रथम स्थान साहेर पंचायत के समेरटोली के प्रगतिशील किसान कार्तिक महतो, दुसरा स्थान मनोकामना नगर नारो के लगनू महतो और तृतीया स्थान गुडू बाजपूर के युवा किसान मनोरंजन महतो को मिला तीनों किसानों तथा शिविर में भाग लेने वाले किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया मौके पर साहू नर्सरी के संचालक सुरेश साहू ने सभी किसानों को आम लीची और ओषधी पौधा देकर सम्मानित किया मौके पर रोटी बैंक के संचालक विजय पाठक एवं गंगा यात्री पीयूष पाठक ने नगड़ी प्रखंड क्षेत्र के दस किसानों को प्रशस्ति पत्र और कम्बल वितरण कर सम्मानित किया मौके पर महोत्सव का अध्यक्षता तपेश्वर केसरी, मंच संचालन महामंत्री हेमंत केसरी ने किया मौके पर महोत्सव के अध्यक्ष तपेश्वर केसरी सहित सभी पदधारियों ने कहा कि नगड़ी मेला टिकरा को सुन्दरी करण के लिए बाबा फुड एर्गो लिमिटेड ने सरहानीय योगदान दिया। मौके पर नगड़ी प्रखंड के खाद बीज विक्रेता संघ के दर्जनों सदस्य सहित किसान मेला में विभिन्न प्रखंडों के सैकड़ों किसान सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### धनबाद कार्मेल स्कूल कांड के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग

**जमशेदपुर।** धनबाद के कार्मेल स्कूल डिग्वाडीह में दसवीं कक्षा के छात्राओं के साथ घटित घटना पर ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन झारखंड राज्य कमिटी ने निंदा की है। एआइडीएसओ के पूर्वी सिंहभूम जिला सचिव शुभम झा ने यहां जारी बयान में कहा है कि एआइडीएसओ इस घटनाक्रम जांच कर घटना में शामिल दोषियों को सजा देने की मांग करता है। 9 जनवरी को धनबाद स्थित निजी विद्यालय में छात्राओं द्वारा विद्यालय के अंतिम दिन होने के मौके पर स्मृति चिन्ह के रूप में एक दूसरे के कमीज पर अपनी यादों को लिखने का काम कर रहे थे इससे विद्यालय प्रबंधन में उन तमाम छात्राओं के साथ बदसूलीकी करते हुए उन्हें कमीज (शर्ट) उतार कर घर जाने पर विवश किया। संगठन के राज्य सचिव सोहन महतो ने बयान जारी करते हुए कहा है कि इस प्रकार की घटनाएं वह भी एक शिक्षण संस्थान में होना शर्मनाक है। निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा कानून बनाया जाना चाहिए। एक तरफ जहां लड़कियो के सुरक्षा की गारंटी नहीं, आये दिन समाज में घटनाएं घटित हो रही है। ऐसे में अगर शिक्षण संस्थान में भी छात्राओं के साथ इस प्रकार से व्यवहार किया जायेगा तब वह किस स्थान पर सुरक्षित रहेंगे। सभी छात्राओं को सुरक्षा की गारंटी करनी होगी।

### इफ्टू की राष्ट्रीय कमेटी ने एल एंड टी चेयरमैन के बयान की निंदा की

**जमशेदपुर।** इफ्टू की राष्ट्रीय कमेटी ने एलएंडटी के चेयरमैन द्वारा सप्ताह में 90 घंटे काम करने के विचार की कड़ी निंदा की है। इफ्टू ने यहां एक बयान जारी कर सभी स्तरों पर सभी ट्रेड यूनियनों से आह्वान करती है कि वे 4 लेबर कोड को निरस्त करने तथा श्रम कानूनों के अमल के लिए सामूहिक लड़ाई को मजबूत करें। बयान में इफ्टू ने मांग की है कि सभी राज्य सरकारें, खासकर गैर एनडीए सरकारें, विधानसभाओं में 4 लेबर कोड को निरस्त करने के प्रस्ताव पारित करें (

### रेडक्रॉस और यूसील ने लगाया नेत्र शिविर

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर के तहत इस वर्ष का पहला स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन यूसील के कमांड क्षेत्र स्थित झरिया ग्राम में आयोजित हुआ, जहां 48 ग्रामीणों की स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच की गयी, जिसमें 12 ग्रामीणों को जहां चश्मा प्रदान गया, वहीं 8 ग्रामीणों को मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया, जिनका ऑपरेशन बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में की जायेगी। शिविर का संचालन रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह द्वारा किया गया, शिविर में चिकित्सक डॉ. जया मोईत्रा, नेत्र चिकित्सक डॉ. बी. पी. सिंह, कार्यकर्ता राधेश्याम कुमार, राजेश मोहन प्रसाद, आशीष कुमार ने अपनी सेवा प्रदान की।

# धार्मिक आस्था का महापर्व है टुसू परब

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली।** टुसू छोटा नागपुर पठार के परब त्योहारों में एक महत्वपूर्ण एवं धार्मिक आस्था का महापर्व है। सभी समुदायों के किसान, मजदूर, गरीब और मध्यम वर्ग के लोग अपने परिवार के लोगों के साथ टुसू परब मनाना ज्यादा पसंद करते हैं। इस परब की अपनी एक धार्मिक महिमा है, टुसू डिनी सेवा का परब है। यह त्योहार अगहन संक्रांति को टुसू थापना के साथ सुरु हो जाता है। यह त्योहार कृषि मुलक और गैर वैदिक त्योहार है। महिलाओं द्वारा महिना भर मंडलि और संध्या बाति देकर टुसू महिमा गित गाति है। यह त्योहार धान की खेति से जुड़ा त्योहार है।करम आखड़ा मुरी के भगीरथ महतो बताते हैं कुड़मि समुदाय की जो बारह मासे तेरह परब है उसमें टुसू सबसे बड़ा त्योहार है। टुसू परब में गायी जाने वाले गीत कुड़माली भाषा में ही ज्यादा है। टुसू पर्व के गीत में गांव वन जंगल नदी नाला पहाड़ पर्वत खेति बाड़ि और शादी ब्याह से संबंधित होता है। लोग इसे टुसू के बलिदान के रुप में भी मनाते हैं। टुसू पर्व आपसी भाईचारा और मेल जोल का त्योहार है।यह त्योहार जाति पांति उंच निच छुआ छुत राग द्वेष को मिटाता है तथा प्रेम और भाईचारा लाता है। टुसू परब से पहले चाउर धआ गुंड़ी कुटा और बांउड़ि होता है। बांउड़ि के दिन पिठा बनता है पिठाओं में गुड़ पिठा, आगबा गुड़ेक पीठा, गरहउआ पीठा, उंधि पीठा, आलति पीठा, आरू पीठा, मसला पीठा आदि बनता है। मुढ़ी चिउड़ा और नारियल का लड्डू भी बनता है।इस दिन मुढ़ी चिउड़ा, दही, दुध और गुड़ खाने का भी चलन है। गरीब और असहाय लोगों को दान भी दिया जाता है।सभी समुदाय के घरों में इस परब में पीठा और मांस भात बनता है। पुस संक्रांति के दिन सुबह गीत गाकर गांव में टुसू को घुमाया जाता है। उसके बाद गाजे बाजे के साथ टुसू को मेला परिसर में ले जाकर नदी या किसी जलाशय में विसर्जित कर दिया जाता है और नाहन स्नान कर टुसू से अपने परिवार की मंगल कामना करके दान पुण्य कर गुड़ चिउड़ा दही और पिठा खाकर लोग घर वापस आते हैं। टुसु परब झारखंड, बंगाल के पुरुलिया, बांकुड़ा, पश्चिम मेदिनीपुर, झाड़ग्राम उड़िसा के सुंदर गढ़, मयुरभंज और क्योंझर आदि जगहों में मुल रुप से मनाया जाता है। इसके अतिरिक्त यह त्योहार असम में भी मनाया जाता है। प्रमुख मेलाओं में बांधा घाट मेला तुलीन, सतीघाट मेला बारेंदा सोनाहातु, मुरी टुंगरी मेला, हरिहर मेला कोंचो सिल्ली ,चपद बानसिनि मेला, भेलुआ टुंगरी मेला लेंगहातु, सुईसा मेला, राम मेला तिरुलडीह, जयदा मेला चांडिल, सूर्य मेला बुंडू, बानसिनि मेला कांसरा, पांच शहीद सत्य मेला झालदा, माठा मेला, गौतम धारा मेला, हुंडरू मेला, राजरप्पा मेला जैसे सैकड़ों मेला सुवर्णरिखा नदी दामोदर नदी कंसावती नदी और इसकी सहायक नदियां के किनारे लगते हैं सुवर्णरिखा नदी को यहां के लोग बड़ो (बड़अ)नदी की उपाधि देते हैं। टुसू मेला महीना भर चलता है घुर्ति सती घाट मेला के साथ ही टुसू मेला का समापन हो जाता है। पहला माघ कुड़माली नववर्ष का दिन होता है। इसे लोग आखाईन जातरा कहते हैं। आखाईन जातरा के बाद पीठा लेकर लोग अपने बहन बेटी घर गोतियारी जाते हैं।

## एक नजर में

### चांडिल : अल्पना स्टूडियो के मालिक की हत्या



**चांडिल।** सोमवार को चांडिल बाजार मेन रोड एनएच 32 में अपराधियों ने अल्पना स्टुडियो संचालक 62 वर्षीय दिलीप गोराईं को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दिया। हर दिन की भांति दिलीप सुबह अपनी दुकान खोला था। जानकारी के अनुसार दो अपराधकर्मी बाइक पर सवार होकर दिलीप का स्टुडियो आए तथा घटना को अंजाम देकर चांडिल स्टेशन की और भाग निकले। परिजनों ने आनन-फानन में टीएमएच में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना सोमवार सुबह करीब ग्यारह बजे की है। सूचना मिलने पर चांडिल पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी लिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाली रही है। दिलीप मूलतः बुंडू के रहने वाले थे। वह काफी सालों से चांडिल में रह कर स्टुडियो चला रहे थे। परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है।

### एनसीपी युवा मोर्चा ने शहीद तिलका मांझी का शहादत दिवस मनाया



**जमशेदपुर।** सोमवार को डिमना लेक रोड स्थित वीर शहीद तिलका मांझी की प्रतिमा पर उनके शहादत दिवस पर एनसीपी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता डॉ पवन पांडेय एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर हुसैन ने जाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। डॉ पांडेय ने कहा कि तिलका मांझी का असली नाम जबरा पहाड़ियां था। उन्होंने पहाड़ियां सरदारों को एकजुट कर अंग्रेजों से अपनी जमीन वापस लेने के लिए प्रेरित किया। इसके लिए उन्होंने कई सालों तक अंग्रेजों से लोहा लेने के बाद 1785 में तिलका को अंग्रेजों ने पकड़ा और 35 साल के उम्र में यह वीर आज ही के दिन शहीद हो गए। लेकिन अपने पीछे उन्होंने जूर्म और अत्याचार से कभी भी किसी भी हालत में समझौता ना करने और अपने अपने लक्ष्य को किसी भी कीमत पर चाहें उसके लिए अपने प्राणों कि आहुति ही क्यों न देनी पड़े दे दी जानी चाहिए। यह सबक सिखलाकर तिलका मांझी चले गये। आज की नौजवान पीढ़ी को झारखंड के ऐसे वीर शहीदों को अपने जीवन में उतारने और और अपनी मातृभूमि के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी को कैसे निभाया जाता है उसकी प्रेरणा लेनी चाहिए।

### मकर पर्व पर नूतनडीह में मना मिलन समारोह मैदान सज-धज कर तैयार, कई प्रतियोगिताएं



**जादूगोड़ा।** मकर पर्व पर जादूगोड़ा स्थित नूतनडीह गांव में कल मंगलवार को मिलन समारोह का आयोजन रखा गया। मौके पर बच्चों व महिलाओं के लिए अलग-अलग खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई है।जिसको लेकर मैदान सज-धज कर तैयार हो गया है। इस बाबत आदिम निवासी जुआन अखाड़ा नूतनडीह के अध्यक्ष रामेश्वर सरदार ने कहा कि बीते 51 सालों से प्रत्येक साल मकर पर्व के मौके पर भूमिज बहुल नूतनडीह गांव में खेल कूद के साथ साथ मिलन समारोह आयोजित की जाती है। इस बार भी बच्चों व महिलाओं के कई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें पारंपरिक दोना पत्ता बनाना, रस्सी बनाना, पत्तल बनना, बम ब्लास्ट, आटा लाजेश, हड़ी व बैलून फोड,मेढक रेस समेत खेलकूद प्रतियोगिता रखी गई जहा कार्यक्रम के अंत में श्रेष्ठ प्रतिभागियों को अखाड़ा के निदेशक सिदेश्वर सरदार व अध्यक्ष रामेश्वर सरदार के हाथों पुरस्कृत किया जायेगा।

## वरिष्ठ पत्रकार स्व. खुर्शीद प्रवेज सिद्दीकी की याद में शोक सभा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी गुलजार रोड स्थित अहयान मंजिल में रविवार को अलहाज सफदर इमाम वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में उर्दू के वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय खुर्शीद प्रवेज सिद्दीकी की याद में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर डॉक्टर मजहर इमाम ने की। उन्होंने उनका जीवन परिचय देते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके बलिदानों का जिक्र किया। श्री इमाम ने कहा कि वह 64 वर्षों तक लगातार जिंदगी की आखिरी सांस तक पत्रकारिता की सेवा सच्चे भाव से करते रहे और झारखंड में उर्दू पत्रकारिता को नई बुलंदी तक पहुचाया। उन्होंने अलहाज सफदर इमाम वेलफेयर सोसाइटी का परिचय देते हुए बताया कि सोसाइटी का उद्देश्य शिक्षा चिकित्सा और गरीबी उन्मूलन सहित अन्य क्षेत्र में कार्य किया जाना है। मजबूर, बेसहारा लोगों को आर्थिक सहयोग देने की भी बात कही। मौके पर मौलाना मंजूर अहमद कासमी हाजी मुस्ताक अहमद अंजुम जमाल हाजी अली हसन समेत कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके जीवन और संघर्ष के विषय में जानकारी दिए। कार्यक्रम का संचालन साहब हमजा ने किया जबकि मंजूर कासमी द्वारा दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# बीडीओ के पाठशाला को मिल रहा है कई लोगों का सहयोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड कार्यालय में परिसर में सोनाहातू बीडीओ खगेश कुमार द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग सेंटर को कई अधिकारियों का निर्देशन प्राप्त हो रहा है। इसी कड़ी में रांची के डीएसपी विकास श्रीवास्तव ने सेंटर के बच्चों का क्लास लिए ओर बच्चों को परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की।पतंजलि आईएएस संस्थान के शिक्षक मनोज कुमार द्वारा भी सभी बच्चों को सिलेबस से संबंधित



कोचिंग के बच्चों बीके साथ बीडीओ और डीएसपी

आवश्यक जानकारी दिए। ज्ञात हो कि बीडीओ खगेश कुमार प्रखंड के यूपीएससी ओर जेपीएससी की परीक्षा की तैयारी कर रहे बच्चों को निशुल्क कोचिंग देते हैं। निशुल्क कोचिंग गरीब बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है। कोचिंग से बच्चों को अच्छा मार्गदर्शन मिल रहा है। 2 वर्षों से निरंतर बीडीओ सर की पाठशाला के नाम से निःशुल्क कोचिंग का संचालन किया जा रहा है।

# मासू एवं चिलदाग गांव में किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**अनगड़ा।** प्रखंड के ग्राम मासू एवं चिलदाग में उषा मार्टिन फाउंडेशन एवं शालिनी अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों की जांच कर दवाई का वितरण किया गया। शालिनी अस्पताल के वरीय प्रबंधक राणा विकास ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बुनियादी चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। शिविर में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया गया, जिसमें सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप मापन, नेत्र जांच, और महिलाओं व बच्चों के लिए विशेष चिकित्सा सेवाएँ शामिल थीं साथ ही उन्होंने कहा कि अभी प्रतिदिन गांवों में जांच शिविर लगाकर मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान कर अस्पताल में ऑपरेशन किया जा रहा है, यह कार्यक्रम अगले पंद्रह दिनों तक चलता रहेगा। शिविर में मरीजों का ईलाज डाक्टर रश्मि एवं भारती कुमारी के द्वारा किया गया। इस शिविर से ग्रामवासियों को लाभ हुआ, विशेषकर उन लोगों को जो आर्थिक या भौगोलिक कारणों से नियमित चिकित्सा सुविधाएँ प्राप्त नहीं कर पाते हैं। ग्राम प्रधान देवराज पाहन ने इस पहल की सराहना की शिविर को सफल बनाने में शालिनी अस्पताल के शिशिर भगत, भुनेश्वर महतो ,मोहर महतो संपूणानंद महतो, देवराज पाहन , तेजू महतो का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

### शहीद स्मारक समिति ने मनाया प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका माझी का शहादत दिवस



**जमशेदपुर।** शहीद स्मारक समिति की ओर से पटमदा के बेलटांड़ स्थित बाबा तिलका मांझी के प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। विश्वानाथ महतो ने कहा कि बाबा तिलका मांझी ने अंग्रेज हुकूमत के विरोध में सर्वप्रथम लड़ाई का नेतृत्व किया था। उन्होंने अन्याय और गुलामी के खिलाफ जाति धर्म से ऊपर उठकर लोगों को आजादी के लिए संगठित कर जोरदार आंदोलन किए एवं लोगों को प्रेरित किया। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि इतिहास के पन्नों में बाबा तिलका मांझी के योगदान का उल्लेख नहीं मिलता है। शहीद स्मारक समिति मंगा करता है कि झाड़खण्ड के जितने लोगों ने मातृभूमि के लिए वलिदान दिया है सभी का वीर गाथा इतिहास के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए ताकि आनेवाली पीढ़ियां शहीदों के संघर्ष एवं बलिदान से परिचित हो सके। शहीदों के विरासत को बचाने के लिए समिति ने जल, जंगल, जमीन और प्राकृतिक संसाधनों के सुरक्षा का संकल्प लिया। मौके पर विश्वनाथ महतो, मुखिया ज्यामिनी बेसरा, दसरथ बेसरा, अजित रुहिदास, अजय मुर्मू, करमचांद मुर्मू, सुकदेव हेम्ब्रम, भक्तारंजन दास, श्रवण महतो, खलील अंसारी, कृतिवास महतो एंव धनिकलाल महतो शामिल थे।

# मकर संक्रांति आज, तिलकुट से सजे बाजार

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मकर संक्रांति का त्योहार 14 जनवरी मंगलवार को मनाया जाएगा। उक्त संबंध की जानकारी खलारी पहाड़ी मंदिर के पुजारी बृजराज दुबे ने दी। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति के दिन स्नान और दान का विशेष महत्व है। इस दिन खिचड़ी का भोग देवी-देवताओं को अर्पित कर प्रसाद रूपी खिचड़ी खाना शुभ माना जाता है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति पर सूर्यदेव, शनिदेव और भगवान विष्णु को



खिचड़ी का भोग अवश्य लगाना चाहिए। संक्रांति त्योहार को लेकर खलारी तथा कोयलांचल के बाजारों में चहल-पहल देखी गयी। खाशकर तिलकुट की दुकानों सहित, राशन एवं बेकरी की दुकानों पर खरीदारों की ज्यादा भीड़ थी, जहां तिलकुल, गुड़, चीनी, दूध, दही की खरीदारी करते लोग देखे गये। खलारी क्षेत्र के सभी बाजारों में तिलकुट की दुकानें सज गयी है। वहीं कई दुकानों में बाहर से कारीगरों को बुलाकर तिलकुट बनवाया जा रहा है। जो गुड़, चीनी तथा खोया का स्पेशल तिलकुट बना रहे है।

साधु तिलकुट भंडार के संचालक विष्णु शंकर गुप्ता ने बताया कि तिलकुट 300 से लेकर 600 रुपये किलो, तिल लड्डू 400 रुपये किलो, मटका दही 200 रुपये किलो, गजक 400 रुपये किलो, दूध 60 रुपए किलो की दर से बिक रहा है। वहीं तिल से बने अन्य प्रकार भी बनाए गए हैं। इसके अलावा कई दुकानों में 260 से लेकर 400 के बीच के भाव का तिलकुट भी उपलब्ध है। एक जानकारी के अनुसार खलारी में लगभग 14 क्विंटल तिल का तिलकुट बनाया गया है। इसके अलावा कई जगह सीधे गया से तिलकुट मंगाकर बेचा जा रहा है। राशन दुकान के संचालक लोकनाथ अग्रवाल ने कहा कि इस वर्ष चीनी 45 रुपये, गुड़ 50 रुपये, चुड़ा 40 रुपये से लेकर 75 रुपये तक बिक्री किया जा रहा है।

### राशन से वंचित लाभुकों का डीएसओ के समक्ष प्रदर्शन



**पोटका।** प्रखंड के हाथी बिंदा पंचायत अंतर्गत हाथी बिंदा टोला बहराडीह के राशन डीलर अन्नपूर्णा महिला मंडल ने दो महीना का खाद्यान्न वितरण नहीं करने से आक्रोशित लगभग 100 कार्डधारियों ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन किया तथा एक माग पत्र दिया। प्रदर्शन का नेतृत्व सुमित्रा हेंब्रम तथा पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष आनंद दास के ने किया। ज्ञापन में कहा गया है कि नवंबर तथा दिसंबर में कार्डधारियों को न तो चावल गेहूं मिला तथा न ही दाल मिला। इसमें भोगांव हसदा, कल्पना हंसदा, परिणीता महतो, सुधीर कुमार महतो, नीरज बरन महतो, सुधीर चंद्र महतो, चिता मुर्मू पानी, टुडू सीनगो भी थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए छ टीमों के स्कवाड का ऐलान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी मौजूदा चैंपियन पाकिस्तान के हाथों में है। टूनामेंट की 8 साल वापसी हो रही है और आगामी संस्करण में 8 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 15 मैच खेले जाएंगे। चैंपियंस ट्रॉफी का पहला संस्करण 1998 में बांग्लादेश में आयोजित किया गया था और दक्षिण अफ्रीका ने उद्घाटन चैंपियन का ताज पहना था। भारत और श्रीलंका ने 2002 में सम्मान साझा किया। वेस्टइंडीज (2004), आस्ट्रेलिया (2006 और 2009), भारत (2013) ने भी खिताब पर अपना कब्जा जमाया। पाकिस्तान ने 2017 में इसे जीता था, जब टूनार्मेंट आखिरी बार आयोजित किया गया था।




### ग्रुप ए

**भारत टीम :** अभी घोषित की जानी है।
**पाकिस्तानी टीम:** अभी घोषित की जानी है।

**न्यूजीलैंड टीम**

मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओ'रूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सीयर्स, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग।

**बांग्लादेश टीम :** नजमुल हुसैन शान्तो (कप्तान), सौम्या सरकार, तंजीद हसन, तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम, एमडी महमूद उल्लाह, जेकर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज, रिशाद हुसैन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, परवेज हुसैन इमोन, नसुम अहमद, तंजीम हसन साकिब, नाहिद राणा।

### ग्रुप बी

**इंग्लैंड टीम :** जोस बटलर (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्रायडन कार्स, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, जेमी स्मिथ, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, जो रूट, साकिब महमूद, फिल साल्ट, मार्क वुड।
**अफगानिस्तान :** हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नायब, अजमतुल्ला उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, एएम गजनफर, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नवीद जादरान।
**आस्ट्रेलिया टीम :** पैट कमिंस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।
**दक्षिण अफ्रीका टीम :** टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन।

## देवजीत सैकिया, प्रभतेज सिंह ने बीसीसीआइ के नए सचिव, कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को सर्वसम्मति से बीसीसीआइ का मानद सचिव और मानद कोषाध्यक्ष चुना गया है। बीसीसीआइ अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने बीसीसीआइ की ओर से सोमवार को जारी एक मीडिया एडवाइजरी में कहा, मैं देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को क्रमशः मानद सचिव और मानद कोषाध्यक्ष के रूप में उनकी नियुक्ति पर हार्दिक बधाई देता हूं। वे जय शाह और आशीष शेलार की असाधारण विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, जिन्होंने इन भूमिकाओं में अनुकरणीय मानक स्थापित किए हैं। मुझे विश्वास है कि उनकी सिद्ध प्रशासनिक कुशलता और वित्तीय संचालन की गहरी समझ हमें शासन और वित्तीय प्रबंधन दोनों में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करेगी।

## गंभीर को पाखंडी कहने वाले बयान से पलटे मनोज तिवारी, मीडिया पर लगाया आरोप

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी ने भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर को पाखंडी कहने के कुछ दिन बाद अपना रुख स्पष्ट किया है। ट्विटर पर तिवारी ने अपने 20 मिनट के साक्षात्कार में एक खास हिस्से को एडिट करने और चलाने के लिए मीडिया को दोषी ठहराया है। 9 जनवरी को एक साक्षात्कार में बंगाल के पूर्व कप्तान ने मौजूदा मुख्य कोच पर निशाना साधते हुए उन्हें पाखंडी कहा था जो अपनी बात पर खरा नहीं उतरता। तिवारी ने मुख्य कोच के रूप में गंभीर की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि पूर्व सलामी बल्लेबाज में स्पष्टता और निश्चित कोचिंग शैली का अभाव है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत की हार और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने में उनकी विफलता के मद्देनजर उनकी कड़ी टिप्पणी आई। मनोज तिवारी ने एक इंटरव्यू में कहा, गौतम गंभीर एक पाखंडी हैं। वह जो कहते हैं, वह करते नहीं हैं। गेंदबाजी कोच का क्या फायदा? कोच जो भी कहेगा, वह माना जाएगा। मोर्ने मोर्कल लखनऊ सुपर जायंट्स से आए थे। अभिषेक नायर गंभीर के साथ कोलकाता नाइट राइडर्स में थे और भारतीय मुख्य कोच जानते हैं कि वह उनके निर्देशों के खिलाफ नहीं जाएंगे।

# सूरमा ने बंगाल को दी 4-1 से मात, सलीमा को मिला प्लेयर ऑफ द मैच





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में चल रही विमेंस एचआइएल के दूसरे दिन सूरमा हॉकी क्लब और बंगाल टाइगर्स के बीच मैच खेला गया। दूसरे दिन मैच में जहां सूरमाओं ने बंगाल टाइगर्स को 4-1 से मात दी वहीं दर्शकों ने अपने उत्साह से ठंड को पटखनी देकर अपनी टीम का हौसला बढ़ाते रहे। बता दें कि दूसरे दिन भी मैच देखने करीब पांच हजार से अधिक दर्शक बड़ी पहुंचे थे। दर्शकों ने जेएसडब्लू सूरमा हॉकी क्लब और बंगाल टाइगर्स की खिलाड़ियों का खूब हौसला बढ़ाया। गिरते पारा के बीच दर्शकों का जोश चरम पर जा रहा था। जैसे जैसे मैच का रोमांच बढ़ता जा रहा था, दर्शकों के जोश और शोर आसमान छू रहा था। सूरमा हॉकी क्लब पिछड़ने के बाद मैच को एकतरफा करते हुए रोमांचक के साथ साथ दर्शकों का दिल अपने जौहर से जीत लिया। रांची के इस मैदान में नीली और नारंगी रंग की जर्सी में दोनों टीमें अपना मैच खेल रही थी। नीली और नारंगी रंग के जर्सी के अलावा मैदान रंग बिरंगी रौशनी ने मैच का नजारा बेहद ही खूबसूरत कर दिया था। बड़ी संख्या में दर्जक इस दौरान दोनों टीमों को चीयर कर रहे थे। खिलाड़ियों का दर्शकों के उत्साह का असर खिलाड़ियों पर भी पड़ रहा था। खिलाड़ी अपनी टीम के और बेहतर प्रदर्शन करते दिख रहे थे। अपने होम ग्राउंड में खेल रही झारखंड की बेटी और सूरमा हॉकी क्लब की कप्तान को उनके बेहतर खेल के लिए मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। इस दौरान सलीमा टेटे ने कहा कि पहले हाफ में पिछड़ने के बाद हमने दूसरे हाफ में शानदार खेल दिखाया। हमने अपने बेहतर डिफेंस के कारण चार गोल कर सके और जीत का अंतर बड़ कर सके। उम्मीद है कि आने वाले मैच में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## विदेशी खिलाड़ियों को भा रहा कढ़ी चावल व खिचड़ी

**रांची।** महिला हॉकी इंडिया लीग में ओडिशा ने जीत के साथ आगाज किया था। जीत के बाद सोमवार को होटल में ओडिशा वॉरियर्स की टीम मीडिया से मुखातिब हुई। मौके पर ओडिशा की कप्तान नेहा गोयल, दीप ग्रेस एक्का, ज्योति केरकेट्टा, जोसलिन बार्टरम, यिब्बी जेनसन, ज्योति क्षेत्री, इशिका चौधरी और कोच जेनेके स्कॉपमैन मौजूद थीं। विदेशी खिलाड़ियों को तीखे खाने पसंद नहीं हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें रांची में दाल खिचड़ी, कढ़ी चावल, बटर नान पसंद आ रहे हैं। सभी ने कहा कि महिला एचआईएल खेलना एक नया और बेहतरीन एक्सपीरिएंस है। टीम की कप्तान नेहा ने बताया कि रांची में वो पहले भी खेल चुकीं हैं। यहां का हॉकी के प्रति शानदार माहौल है। यहां के दर्शकों का उन्हें अच्छा सपोर्ट मिला। पहले जीत पर उन्होंने कहा कि टीम के सभी खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। आने वाले मुकाबलों में अपनी कमी पर काम करने की बात भी कहीं। नेहा ने बताया कि शुरूआत में टीम के साथ तालमेल बनाने में कठिनाई हुई, लेकिन प्रैक्टिस सेशन में टीम के भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों में अच्छी बॉन्डिंग हो गई।

### 68वीं रष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 14 बालक/बालिका वर्ग एथलेटिक्स का तीसरा दिन

## झारखंड चौथे स्थान पर

- तमिलनाडु की टीम का रहा शानदार प्रदर्शन, कुल पांच पदक जीते
- बालक वर्ग 80 मीटर बाधा दौड़ में बिहार में दो पदक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 68वीं रष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 14 बालक/बालिका वर्ग एथलेटिक्स के तीसरे दिन तमिलनाडु के एथलीट्स का दबदबा रहा। तमिलनाडु के खिलाड़ियों ने पांच पदक अपने नाम किये। बालिका वर्ग 80 मीटर बाधा दौड़ में तमिलनाडु की वार्शिका को स्वर्ण पदक मिला, साथ ही बालिका वर्ग हाई जंप मुकाबले में भी तमिलनाडु की धन्या को स्वर्ण पदक और निवेथा को रजत पदक प्राप्त हुआ है। बालिका वर्ग हाई जंप में केरल की नायसा को कांस्य पदक मिला है। बालक वर्ग 1 केजी डिस्कस थ्रो में विद्याभारती के अभिराज कुमार को स्वर्ण पदक, तमिलनाडु के थरनेश को रजत पदक और आंध्रप्रदेश के गुलेली चंद्र को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग 1 केजी डिस्कस थ्रो में राजस्थान की मोनिका बिश्नोई को स्वर्ण पदक, पंजाब की जुवेल सिंह को रजत पदक और उत्तराखंड की भूमिका जलाल को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में उत्तर प्रदेश के मो. समीर खा को स्वर्ण पदक, तमिलनाडु के इन्बा तमिलन को रजत पदक और हरियाणा के सूर्या को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़ में राजस्थान की देविका को स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र के जाह्नवी को रजत पदक और केंद्रीय विद्यालय की एस क्रिथिका को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। बालक वर्ग 80 मीटर दौड़ में बिहार के आकाश राज को स्वर्ण पदक, बिहार के ही सूरज यादव को रजत पदक और आंध्र प्रदेश के मुनथला को कांस्य पदक मिला है। इस मुकाबले में झारखंड चौथे स्थान पर रहा। झारखंड के एमान्युएल किस्कू ने 11.11 सेकंड में दौड़ पूरा किया। बालिका वर्ग 80 मीटर बाधा दौड़ में तमिलनाडु की वार्शिका को स्वर्ण पदक, गुजरात की नगर लविश्का को रजत पदक और तेलंगाना की गाइनी नक्शथर को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग हाई जंप में तमिलनाडु की धन्या को स्वर्ण पदक, तमिलनाडु की निवेथा को रजत पदक और केरल की नायसा को कांस्य पदक मिला है। विजेताओं को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद दिवेंदु तिग्गा, आयोजन सचिव धीरसेन ए सोरेंग, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सीमा प्रसाद, झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष सी डी सिंह, महासचिव शिव कुमार पांडे ने पदक प्रदान किया।

## सिनर-स्वियातेक और गॉफ का जीत के साथ आगाज
## अजारेंका-ओस्टापेंको और सितसिपास उलटफेर का शिकार

एजेंसी



**मेलबर्न।** अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने 2020 की चैंपियन सोफिया केनिन को सीधे सेटों में 6.3, 6.3 से हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन में अपने अभियान की शुरूआत की। गॉफ ने नवंबर में डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता था और पिछले सप्ताह युनाइटेड कप जीतकर अपनी तैयारियां पुख्ता की। गॉफ का सामना अब ब्रिटेन की जोडी बराज से होगा। अमेरिकी ओपन 2023 चैंपियन गॉफ मार्वल से प्रेरित बॉडीसूट और स्कर्ट पहनकर खेल रही हैं।

**मिचेलसेन ने किया उलटफेर**

वहीं, अमेरिका के ही 20 साल के एलेक्स मिचेलसेन ने 2023 आस्ट्रेलियाई ओपन उपविजेता 26 सल के स्टेफानोस सितसिपास को पहले ही दौर में 7-5, 6-3, 2-6, 6-4 से हराकर उलटफेर कर दिया। यह मिचेलसेन के करियर की सबसे बड़ी जीत है। उन्होंने जीत के बाद अपनी मां को शुक्रिया कहा। मिचेलसेन ने तीन वर्ष की उम्र से टेनिस खेलना शुरू किया था। उनकी मां सोंड्रा स्कूल टीचर है जो कॉलेज में टेनिस खेल चुकी थी। जीत के बाद उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि वह देख रहीं होंगी। हम रोज काफी अभ्यास करते थे। बेसलाइन से रोज करीब एक मिलियन बॉल हिट करते थे। वह नहीं होती तो मैं यहां तक कभी नहीं पहुंच पाता। शुक्रिया मां। विश्व रैंकिंग में 42वें स्थान पर काबिज मिचेलसेन पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन में डेब्यू करके तीसरे दौर तक पहुंचे लेकिन फ्रेंच ओपन और विम्बलडन में पहले दौर में हार गए और अमेरिकी ओपन में दूसरे दौर तक पहुंचे थे।


**अन्य मुकाबलों के नतीजे**

वहीं, 17वीं वरीयता प्राप्त फ्रेंसिस टियाफो ने रिंडरनेक को 7-6, 6-3, 4-6, 6-7, 6-3 से हरा दिया। वहीं, शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने एन जैरी को लगातार सेटों में 7-6, 7-6, 6-1 से हराया। 27वीं वरीयता प्राप्त जे थॉम्पसन ने कोएपफर को 7-6, 6-4, 4-6, 6-3 से शिकस्त दी, जबकि 15वीं वरीयता प्राप्त ड्रेपर ने नवोने को 4-6, 6-3, 3-6, 6-3, 6-2 से हरा दिया। महिलाओं में पहले दौर के मुकाबलों की बात करें तो 28वीं वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने क्रिस्टी को 6-4, 6-4 से, 23वीं वरीयता प्राप्त फ्रेक ने कुदेरमेतोवा को 6-4, 6-4 से हरा दिया। 21वीं वरीयता प्राप्त विक्टोरिया अजारेंका को उलटफेर का शिकार होना पड़ा। उन्हें गैरवरीय इटली की ब्रोनजेट्टी ने 6-2, 7-6 से शिकस्त दी। दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने सिनियाकोवा को लगातार सेटों में 6-3, 6-3 से हरा दिया। 16वीं वरीयता प्राप्त ओस्टापेंको को भी उलटफेर का शिकार होना पड़ा। उन्हें गैरवरीय बेनचिच ने 6-3, 7-6 से शिकस्त दी। 27वीं वरीयता प्राप्त पावलियुचेनकोवा ने युआन को 6-4, 4-6, 6-3 से हरा दिया। सातवीं वरीयता प्राप्त पेगुला ने जॉइंट को 6-3, 6-0 से शिकस्त दी।

## जोश व उत्साह के बीच हुआ खो-खो विश्वकप का उद्घाटन




**नयी दिल्ली।** रंग बिरंगी रोशनी, जोश, उत्साह पारंपरिक लोक नृत्य, संगीत और बैंड बाजे की राष्ट्रीय धुन के साथ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मशाल जलाकर सोमवार को पहले विश्व कप का उद्घाटन किया। सोमवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में खो खो फेडरेशन के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को खो खो टूनार्मेंट की मशाल सौपी। उपराष्ट्रपति ने प्रज्ज्वलित कर विश्व कप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मौजूद केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे, दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और इंटरनेशनल ओलंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष तथा राज्यसभा सांसद पी टी उषा, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, ग्रेट खली एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पारंपरिक संगीत के साथ माटी के स्वदेशी खेल में हिस्सा लेने आये देशी-विदेशी खिलाड़ियों का उत्साहवर्ध किया।





# इंडिया ओपन के लिए भारत ने सबसे बड़ा दल उतारा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने मंगलवार से यहां शुरू हो रहे इंडिया ओपन सुपर 750 टूनार्मेंट में अपना सबसे बड़ा दल उतारा है और नजरें लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पर लगी होंगी। दुनिया की पूर्व नंबर एक पुरूष युगल टीम ने 2022 इंडिया ओपन जीता था और 2025 सत्र में पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंचकर अच्छी शुरूआत की। पेरिस ओलंपिक की निराशा के बावजूद दोनों पिछले दो साल में भारत के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ी रहे हैं। चाइना मास्टर्स 2024 सेमीफाइनल खेल चुके सात्विक और चिराग का सामना पहले दौर में मलेशिया के वेइ चोंग मैन और केइ वुन ती से होगा। उन्हें चीन के ओलंपिक रजत पदक विजेता लियांग वेइकेंग और वांग चांग, पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक, डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स रासमुसेन और इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्डियांटो से कड़ी चुनौती मिलेगी। इस साल भारत से 21 प्रविष्टियां मिली है जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू शामिल है। सिंधू अपनी शादी के कारण मलेशिया मास्टर्स से बाहर रहने के बाद वापसी कर रही हैं। हैदराबाद की 29 वर्ष की सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल खिताब जीता था लेकिन उसमे अधिकांश भारतीय खिलाड़ी ही खेले थे। सिंधू का सामना पहले दौर में अनुपमा उपाध्याय से होगा। वह आगे जापान की तोमोका मियाजाकी से खेल सकती है जिसने उन्हें पिछले साल स्विस ओपन में हराया था। सैयद मोदी खिताब जीतने वाले लक्ष्य सेन मलेशिया में शुरूआती दौर में ही बाहर हो गए थे। यहां तीन साल पहले खिताब जीत चुके लक्ष्य का सामना पहले दौर में चीन के होंग यांग वेंग से होगा पेरिस ओलंपिक प्री क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद पांच महीने का ब्रेक लेने वाले एच एस प्रणय मलेशिया में दूसरे दौर में बाहर हो गए थे। यहां पहले दौर में उनका सामना चीनी ताइपै के लि यांग सू से होगा। इसमें जीतने पर उनकी टक्कर इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से हो सकती है। इंदिरा गांधी स्टेडियम में केडी जाधव इंडोर हॉल में होने वाले टूनार्मेंट में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन, अन सी यंग और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी शि युकी जैसे धुरंधर दौड़ में हैं। टूनार्मेंट में दुनिया के शीर्ष 20 पुरूष एकल खिलाड़ियों में से 18 और महिला एकल में 14 शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रही हैं।

भारतीयों में प्रियांशु राजावत को पहले दौर में छठी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नाराओका से जबकि मालविका बंसोड को तीसरी वरीयता प्राप्त चीन की युइ हान से खेलना है। आकर्षि कश्यप का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा। महिला युगल में भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की टक्कर जापान की अरिसा इगाराशी और अयाको साकुरामोतो से होगी। वहीं तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा का सामना ब्रिटेन की चोले कोने और एस्टेले वान लीयुवेन से होगा।





# आध्यात्मिक यात्रा का पवित्र समागम

## आस्था, विश्वास, सौहार्द्र और भारतीय संस्कृतियों का मिलन...

**महाकुम्भ मेला 2025** : दुनिया के सबसे बड़े जनसमूह, महाकुम्भ मेला 2025 में आपका हार्दिक स्वागत है! इस भव्य आध्यात्मिक संगम में शामिल हों और जीवंत संस्कृति, भक्ति एवं एकता का अनुभव करें।




**आस्था, विश्वास, सौहार्द्र एवं संस्कृतियों के मिलन का पर्व है कुम्भ।** ज्ञान, चेतना और उसका परस्पर मंथन कुम्भ मेले का वो आयाम है जो आदिकाल से ही हिन्दू धर्मावलम्बियों की जागृत चेतना को बिना किसी आमन्त्रण के खींच कर ले आता है। कुम्भ पर्व किसी इतिहास निर्माण के दृष्टिकोण से नहीं शुरू हुआ था अपितु इसका इतिहास समय के प्रवाह से साथ स्वयं ही बनता चला गया। वैसे भी धार्मिक परम्पराएं हमेशा आस्था एवं विश्वास के आधार पर टिकती हैं न कि इतिहास पर। यह कहा जा सकता है कि कुम्भ जैसा विशालतम मेला संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधे रखने के लिए ही आयोजित होता है।

**परिचय-महा-कुम्भ-मेला-2025-प्रयागराज** : का शाब्दिक अर्थ कलश है। यहाँ कलश का सम्बन्ध अमृत कलश से है। बात उस समय की है जब देवासुर संग्राम के बाद दोनों पक्ष समुद्र मंथन को राजी हुए थे। मथना था समुद्र तो मथनी और नेति भी उसी हिसाब की चाहिए थी। ऐसे में मंदराचल पर्वत मथनी बना और नागवासुकि उसकी नेति। मंथन से चौदह रत्नों की प्राप्ति हुई जिन्हें परस्पर बाँट लिया गया परन्तु जब धन्वन्तरि ने अमृत कलश देवताओं को दे दिया तो फिर युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो गयी। तब भगवान विष्णु ने स्वयं मोहिनी रूप धारण कर सबको अमृत-पान कराने की बात कही और अमृत कलश का दायित्व इंद्र-पुत्र जयंत को सौंपा। अमृत-कलश को प्राप्त कर जब जयंत दानवों से अमृत की रक्षा के लिए भाग रहे थे तभी अमृत की बूंदे पृथ्वी पर हरिद्वार, नासिक, उज्जैन और प्रयागराज में गिरी। चूँकि विष्णु की आज्ञा से सूर्य, चन्द्र, शनि एवं बृहस्पति भी अमृत कलश की रक्षा कर रहे थे और विभिन्न राशियों (सिंह, कुम्भ एवं मेष) में विचरण के कारण ये सभी कुम्भ पर्व के द्योतक बन गये। इस प्रकार ग्रहों एवं राशियों की सहभागिता के कारण कुम्भ पर्व ज्योतिष का पर्व भी बन गया।

जयंत को अमृत कलश को स्वर्ग ले जाने में 12 दिन का समय लगा था और माना जाता है कि देवताओं का एक दिन पृथ्वी के एक वर्ष के बराबर होता है। यही कारण है कि कालान्तर में वर्णित स्थानों पर ही ग्रह-राशियों के विशेष संयोग पर 12 वर्षों में कुम्भ मेले का आयोजन होने लगा।

**महाकुम्भ का अर्थ :** महाकुम्भ मेला, एक पवित्र समागम है जो हर बारह वर्षों में होता है, यह लाखों लोगों का एक जनसमूह ही नहीं है, यह एक आध्यात्मिक यात्रा है, जो मानव अस्तित्व के मूल में उतरती है। प्राचीन हिंदू पौराणिक कथाओं में उल्लेखित, महाकुम्भ मेला एक गहन आंतरिक अर्थ रखता है, जो आत्मबोध, शुद्धीकरण और आध्यात्मिक प्रबोधन की शाश्वत खोज की प्रतीकात्मक यात्रा के रूप में अभिव्यक्त होता है।

### ज्योतिष गणना के अनुसार चार प्रकार से माना गया है कुम्भ का आयोजन

**01** बृहस्पति के कुम्भ राशि में तथा सूर्य के मेष राशि में प्रवेश होने पर हरिद्वार में गंगा-तट पर कुम्भ पर्व का आयोजन होता है।

**02** बृहस्पति के मेष राशि में प्रवेश तथा सूर्य और चंद्र के मकर राशि में आने पर अमावस्या के दिन प्रयागराज में त्रिवेणी संगम तट पर कुम्भ का आयोजन होता है।

**03** बृहस्पति और सूर्य के सिंह राशि में प्रविष्ट करने पर नासिक में गोदावरी के तट पर कुम्भ पर्व का आयोजन होता है।

**04** बृहस्पति के सिंह राशि में तथा सूर्य के मेष राशि में प्रविष्ट होने पर उज्जैन में शिप्रा तट पर कुम्भ पर्व का आयोजन होता है।

## महाकुम्भ 2025 प्रयागराज का पौराणिक महत्व

**प्रयागराज में कुम्भ मेला को ज्ञान एवं प्रकाश के स्रोत के रूप में सभी कुम्भ पर्वों में व्यापक रूप से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण माना जाता है। सूर्य जो ज्ञान का प्रतीक है, इस त्योहार में उदित होता है। शास्त्रीय रूप से यह माना जाता है कि ब्रह्मा जी ने पवित्रतम नदी गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर दशाश्वमेघ घाट पर अश्वमेघ यज्ञ किया था और सृष्टि का सृजन किया था।**

1. कुम्भ सृष्टि में सभी संस्कृतियों का संगम है।
2. कुम्भ आध्यत्मिक चेतना है।
3. कुम्भ मानवता का प्रवाह है।
4. कुम्भ नदियों, वनों एवं ऋषि संस्कृति का प्रवाह है।
5. कुम्भ आत्मप्रकाश का मार्ग है।
6. कुम्भ नदियों, वनों एवं ऋषि संस्कृति का प्रवाह है।
7. कुम्भ जीवन की गतिशीलता है।
8. कुम्भ प्रकृति एवं मानव जीवन का समन्वय है।
9. कुम्भ ऊर्जा का स्रोत है।



## कुम्भ में कल्पवास का महत्व

कुम्भ मेले में संगम तट पर कल्पवास का विशेष महत्त्व है। पद्म पुराण एवं ब्रह्म पुराण के अनुसार कल्पवास की अवधि पौष मास के शुक्लपक्ष की एकादशी से प्रारंभ होकर माघ मास की एकादशी तक है। पद्म पुराण में महर्षि दत्तात्रेय ने कल्पवास की पूर्ण व्यवस्था का वर्णन किया है। उनके अनुसार कल्पवासी को इक्कीस नियमों का पालन करना चाहिए। ये नियम हैं सत्यवचन, अहिंसा, इन्द्रियों का शमन, सभी प्राणियों पर दयाभाव, ब्रह्मचर्य का पालन, व्यसनों का त्याग, सूर्योदय से पूर्व शैय्या-त्याग, नित्य तीन बार सुरसरि-स्नान, त्रिकालसंध्या, पितरों का पिण्डदान, यथा-शक्ति दान, अन्तमुर्खी जप, सत्संग, क्षेत्र संन्यास अर्थात् संकल्पित क्षेत्र के बाहर न जाना, परनिंदा त्याग, साधु-संतों की सेवा, जप एवं संकीर्तन, एक समय भोजन, भूमि शयन, अग्नि सेवन न करना। ब्रह्मचर्य, व्रत एवं उपवास, देव पूजन, सत्संग, दान का विशेष महत्त्व है।

## महाकुम्भ 2025 का सामाजिक महत्व

किसी उत्सव के आयोजन में व्यापक जनसम्पर्क अभियान, प्रोन्नयन गतिविधियां और अतिथियों को आमंत्रण प्रेषित किये जाने की आवश्यकता होती है, जबकि कुम्भ विश्व में एक ऐसा पर्व है जहाँ कोई आमंत्रण अपेक्षित नहीं होता है तथापि करोड़ों तीर्थयात्री इस पवित्र पर्व को मनाने के लिए स्वयं एकत्र होते हैं। प्राथमिक स्नान कर्म के अतिरिक्त पर्व का सामाजिक पक्ष विभिन्न यज्ञों का अनुष्ठान, वेद मंत्रों का उच्चारण, प्रवचन, नृत्य, भक्ति भाव के गीतों, आध्यात्मिक कथानकों पर आधारित कार्यक्रमों, प्रार्थनाओं, धार्मिक सभाओं के चारों ओर घूमता हैं, जहाँ प्रसिद्ध संतों एवं साधुओं के द्वारा विभिन्न सिद्धांतों पर वाद-विवाद एवं विचार-विमर्श करते हुए मानक स्वरूप प्रदान किया जाता है।



मानव मात्र का कल्याण, सम्पूर्ण विश्व में सभी मनुष्यों के मध्य वसुधैव कुटुम्बकम के रूप में अच्छा सम्बन्ध बनाये रखने के साथ आदर्श विचारों एवं गूढ़ ज्ञान का आदान प्रदान कुम्भ का मूल तत्त्व और संदेश है। कुम्भ भारत और विश्व के जन सामान्य को आदिकाल से आध्यात्मिक रूप से एक सूत्र में पिरोता रहा है और भविष्य में भी कुम्भ का यह स्वरुप विद्यमान रहेगा।


*प्रयागराज में लगे महाकुम्भ मेला में जाने से पहले आपको कुछ खास चीजों के बारे में अच्छी तरह से जान लेना है कि आपको वहां क्या करना है और क्या नहीं करना है।*

### कुम्भ मेला में क्या करें

- कृपया वेबसाइट देखकर अपनी यात्रा का कार्यक्रम बनायें, आवास, प्रमुख आयोजन तिथियों की जानकारी के लिए मोबाइल ऐप डाउनलोड करें।
- डॉक्टर द्वारा सलाह दिए जाने पर ही यात्रा करें और दवाएँ अपने साथ रखें।
- अस्पताल, भोजन और आपातकालीन सेवाओं आदि जैसी सुविधाओं से अवगत रहें। आपातकालीन संपर्क नंबर जानें।
- केवल उन्हीं स्नान क्षेत्रों/घाटों का उपयोग करें जो मेला प्रशासन द्वारा अधिकृत हैं। उपलब्ध शौचालयों एवं मूत्रालयों का प्रयोग करें।
- कचरे के निपटान के लिए कूड़ेदान का प्रयोग करें।
- रास्ता खोजने के लिए संकेत चिह्नों का उपयोग करें।
- वाहनों की पार्किंग के लिए पार्किंग स्थलों का उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन करें।
- मेला क्षेत्र या शहर में ठहरने के स्थान के निकटतम स्नान घाटों का उपयोग करें।
- किसी आपत्तिजनक सामग्री के मिलने पर पुलिस या मेला प्रशासन को सूचित करें।
- पब्लिक एड्रेस सिस्टम या किसी अन्य माध्यम से दिए गये नियमों, विनियमों और निर्देशों का पालन करें।
- मेले के आयोजन में शामिल विभागों का सहयोग करें।
- आपके कोई साथी अथवा सामग्री के खो जाने पर खोया-पाया केंद्रों का उपयोग करें।
- पर्याप्त समय को ध्यान में रखकर यात्रा की योजना बनायें।

### कुम्भ मेला में क्या न करें

- मूल्यवान सामग्री, अनावश्यक खान-पान और अनावश्यक कपड़े न ले जाएं।
- अजनबियों पर भरोसा न करें, अनधिकृत स्थलों पर भोजन न करें।
- नदी में स्नान करते समय रिवर बैरिकेडिंग या इंगित स्थान से आगे न जाएँ।
- नदियों में कपड़े धोने अथवा नहाने के लिए साबुन/डिटर्जेंट का उपयोग प्रतिबंधित है।
- संक्रामक रोग से पीड़ित हों तो भीड़-भाड़ वाली जगहों पर न जाएँ।
- महाकुम्भ मेले के दौरान शहर एवं मेला क्षेत्र में प्लास्टिक थैलियों का प्रयोग न करें।
- खुले में शौच न करें।



## त्रिवेणी संगम

तीर्थराज प्रयाग की पुण्यभूमि पर माँ गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती का मिलन ही त्रिवेणी संगम कहलाता है। कहते हैं जब गंगा एवं यमुना के संगम की बात चली तब गंगा जी ने यमुना जी से मिलने से मना कर दिया। किंवदंती के अनुसार गंगा जी यमुना जी के विशद क्षेत्र एवं गहराई से चिंतित थीं। उन्हें यह डर था कहीं यमुना जी से मिलने से उनका अस्तित्व न समाप्त हो जाए, उन्होंने गंगा जी को आश्वस्त किया कि संगमोपरान्त गंगा जी ही पूर्ण-रूप से जानी जायेंगी। एक और कथा प्रचलित है कि जब सूर्य-सुता यमुना एवं गंगा के संगम की चर्चा हो रही थी तब गंगा जी ने यमुना जी के श्याम रंग के कारण उनसे मिलने से इनकार कर दिया था। इस पर भगवान भास्कर अत्यधिक नाराज हुए और उन्होंने गंगा जी को कलयुग में मैला एवं मृत शरीर ढोने का शाप दे दिया। इस पर गंगा जी बहुत व्यथित हुईं, उन्होंने अपनी पीड़ा भगवान विष्णु को बताई। विष्णु जी ने कहा कि वे भगवान भास्कर का शाप तो नहीं लौटा सकते परन्तु यह वरदान देते हैं कि बिना गंगा के जल के कोई भी पुण्यकर्म पूर्ण नहीं माना जायेगा। उन्होंने यमुना जी को वरदान दिया कि तुम्हारा जल अक्षयवट के सम्पर्क में आते ही पापनाशक हो जायेगा। इसपर गंगा जी बहुत प्रसन्न हुईं एवं बोली अब यमुना जी के मिलन से मेरी महत्ता भी बढ़ जाएगी। सरस्वती जी भी अक्षयवट के महत्त्व को समझते हुए प्रभु आज्ञा से इस संगम में आ गयी। प्रयागराज के इस अद्वितीय त्रिवेणी संगम का महत्त्व इस कारण भी है कि ब्रह्मा जी ने यहाँ भगवान शिव को इष्ट मान कर यज्ञ किया था, जिसकी रक्षा स्वयं भगवान विष्णु माधव रूप में कर रहे थे। दूसरा, कालान्तर में इसे ही पृथ्वी का केंद्र भी माना गया है। ऐसे में तीर्थराज प्रयागराज एवं त्रिवेणी संगम का महत्त्व स्वत: ही अत्यधिक बढ़ जाता है।

## शाही स्नान केंद्रीय आकर्षण



कुम्भ मेला हिन्दू तीर्थयात्राओं में सर्वाधिक पवित्र पावन तीर्थयात्रा है। प्रयागराज कुम्भ में अनेक कर्मकाण्ड सम्मिलित हैं, जिनमें से स्नान कर्म सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। करोड़ों तीर्थयात्री और श्रद्धालु कुम्भ मेला के अवसर पर त्रिवेणी संगम के पवित्र जल में स्नान करते हैं। पवित्र कुम्भ का स्नानकर्म इस विश्वास के अनुसरण में किया जाता है कि त्रिवेणी संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाकर एक व्यक्ति अपने समस्त पाप को धो डालता है, स्वयं को और अपने पूर्वजों को पुनर्जन्म के चक्र से अवमुक्त कर देता है और मोक्ष को प्राप्त हो जाता है। स्नान-कर्म के साथ-साथ तीर्थयात्री पवित्र नदी के तटों पर पूजा भी करते हैं और विभिन्न साधु-संतों के साथ सत्संग में प्रतिभाग करते हैं। कुम्भ मेला के आरंभ से विहित तिथियों पर शाही स्नान को राजयोगी स्नान के रूप में भी जाना जाता है, जिसमें विभिन्न अखाड़ों के सदस्यों, संतों एवं उनके शिष्यों के द्वारा आकर्षक शोभायात्रा निकाली जाती है। शाही स्नान, कुम्भ मेला का केन्द्रीय आकर्षण होने के साथ ही महोत्सव का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भाग है।

# प्रयागराज कुम्भ मेला स्नान तिथियां

कुम्भ मेला धार्मिक-आध्यात्मिक अनुष्ठानों का एक भव्य आयोजन है, जिसमें संगम-स्नान उन सभी अनुष्ठानों में सबसे महत्त्वपूर्ण है। त्रिवेणी संगम पर लाखों तीर्थयात्री इस पवित्र कार्य में भाग लेने के लिए एक साथ आते हैं। उनको यह दृढ़ विश्वास है कि संगम के पवित्र जल में स्नान करने से व्यक्ति सभी पापों से मुक्त हो जाता है तथा अपने साथ अपने पूर्वजों को पुनर्जन्म के चक्र से छुटकारा दिलाकर अंतत: मोक्ष, या आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त कर सकता है। संगम-स्नान के अलावा, तीर्थयात्री पवित्र नदी के किनारे पूजा में भी शामिल होते हैं और विभिन्न साधुओं और संतों के मार्गदर्शन में ज्ञानवर्द्धक प्रवचनों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

### शाही स्नान की तिथियां

पौष पूर्णिमा 13 जनवरी 2025
मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025
मौनी अमावस्या 29 जनवरी 2025
वसन्त पञ्चमी 03 फरवरी 2025
माघी पूर्णिमा 12 फरवरी 2025
महाशिवरात्रि 26 फरवरी 2025

कुम्भ मेला, मकर संक्रांति (जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है) के शुभ अवसर अथवा पौष पूर्णिमा से प्रारम्भ होता है। कुम्भ मेला की सम्पूर्ण अवधि के दौरान पवित्र जल में स्नान करना पवित्र माना जाता है, किन्तु कुछ विशिष्ट तिथियाँ हैं, जो विशेष महत्त्व रखती हैं। इन तिथियों पर विभिन्न अखाड़ों के संत अपने शिष्यों के साथ भव्य जुलूस निकालते हैं। वे एक भव्य अनुष्ठान में भाग लेते हैं, जिसे 'शाही स्नान' भी कहा जाता है, जो कुम्भ मेले के शुभारम्भ का प्रतीक है।

### पौष पूर्णिमा (13 जनवरी २०२५)

पौष माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को पौष पूर्णिमा पड़ती है। यह पौष मास की शुक्ल पक्ष की अंतिम तिथि का नाम है। इस दिन पूर्ण चंद्र दिखाई देता है इसलिए पूर्णिमा की पवित्र तिथि होती है। इस दिन सूर्य एवं चंद्र की पूजा एवं आराधना तथा गंगा में स्नान करना बहुत शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार ऐसा करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। पौष पूर्णिमा से ही कल्पवास का प्रारम्भ होता है।

### मकर संक्रांति 14 जनवरी २०२५

हिंदू पंचांग के अनुसार जब भगवान सूर्य धनु राशि का भ्रमण पूरा करके मकर राशि में प्रवेश करते हैं उस काल को मकर संक्रांति कहा जाता है। इसी दिन से सूर्य उत्तरायण होते है तथा दिन बड़े होने लगते हैं। यह मान्यता है कि इस दिन पवित्र जल में स्नान करने, पूजा-पाठ, यज्ञ तथा तिल, घी, गुड़ और खिचड़ी का दान-दक्षिणा देने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

### मौनी अमावस्या (२९ जनवरी २०२५)

मौनी अमावस्या का विशेष धार्मिक महत्त्व है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि इस दिन पवित्र नदी में स्नान करने के लिए ग्रहों की स्थिति सर्वथा अनुकूल होती है। यह तिथि एक पवित्र घटना का स्मरण कराती है जब आदि ऋषि भगवान ऋषभदेव ने अपनी मौन रहने की शपथ को तोड़कर संगम के पवित्र जल में स्वयं को लीन कर लिया था। तीर्थ यात्रियों की विशाल मंडली मौनी अमावस्या के दिन कुम्भ मेले में आती है और इस दिन को आध्यात्मिक शक्ति तथा शुद्धीकरण का महत्त्वपूर्ण दिन बनाती है।

### वसन्त पञ्चमी (03 फरवरी २०२५)

माघ मास की शुक्ल पक्ष की पञ्चमी तिथि को वसन्त पञ्चमी के नाम से जाना जाता है। हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार वसन्त पञ्चमी ऋतुओं में परिवर्तन तथा ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी भगवती सरस्वती के आविर्भाव के उत्सव का प्रतीक है। इस पवित्र उत्सव को मनाने के लिए कल्पवासी पीले रंग के वस्त्र धारण करते हैं। इस दिन पवित्र नदी में स्नान, दान तथा पूजन का विशेष महत्त्व है।

### माघी पूर्णिमा (12 फरवरी २०२५)

माघी पूर्णिमा को माघ मास का अंतिम दिन माना जाता है। इस दिन पवित्र जल में स्नान तथा वस्त्र और गोदान दैहिक तथा दैविक सभी कष्टों का निवारण करता है। माना जाता है कि माघ पूर्णिमा के दिन देवतागण पृथ्वी लोक में भ्रमण के लिए आते हैं। माघी पूर्णिमा कल्पवास की पूर्णता का पर्व है। एक मास की तपस्या एवं साधना इस तिथि को पूर्णता को प्राप्त होती है।

### महाशिवरात्रि (२६ फरवरी २०२५)

फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी महाशिवरात्रि के रूप में मनाई जाती है। पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान शिव का पार्वती जी से विवाह हुआ था। यह कुम्भ का अंतिम स्नान पर्व है। इस दिन स्नान के पश्चात बिल्वपत्र, धतूरा, आक के फूल, चंदन, अक्षत, ईख की गँडेरियों सुगंधित द्रव्य, मधु, नवनीत, दूध तथा गंगाजल द्वारा शिवलिंग की पूजा एवं अभिषेक करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

*बता दें कि विभिन्न ग्रंथों में संगम स्नान का अलग-अलग महत्त्व बताया गया है। ब्रह्म पुराण के अनुसार संगम स्नान से अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है तथा मत्स्य पुराण के अनुसार दस करोड़ तीर्थों का फल मिलता है। महाभारत के एक सूक्त में संगम में स्नान के फल स्वरुप प्राप्त पुण्य को राजसूय एवं अश्वमेध यज्ञों के पुण्यफल के बराबर बताया गया है।*

**प्रस्तुति : बीरेंद्र कुमार प्रजपाति**

## महाकुंभ : संगम की रेत पर उमड़ा आस्था का सैलाब, 12 किमी पैदल चलकर पहुंच रहे देश-विदेश के श्रद्धालु

# करीब दो करोड़ लोगों ने लगायी डुबकी

**महाकुंभनगर।** दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम महाकुंभ का भव्य शुभारंभ सोमवार को पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के साथ हो गया। इस अवसर पर डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पतित पाविनी गंगा,श्यामल वर्ण यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के संगम पर अमृत स्नान किया।

इसके साथ ही महाकुम्भ की विशिष्ट परंपरा कल्पवास की भी शुरूआत हो गई है। पद्म पुराण और महाभारत के अनुसार संगम तट पर माघ मास में कल्पवास करने से सौ वर्षों तक तपस्या करने के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। विधि-विधान के अनुसार लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने संगम तट पर केला,तुलसी और जौं रोपकर एक महा व्रत और संयम का पालन करते हुए कल्पवास की शुरूआत की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट किया ह्न मानवता के मंगलपर्व 'महाकुम्भ 2025' में 'पौष पूर्णिमा' के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।

प्रथम स्नान पर्व पर आज 1.50 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुम्भ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन,पुलिस, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुम्भ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद। पुण्य फलें, महाकुम्भ चलें।

संगम की रेती पर बसे भव्य एवं सुरम्य अस्थायी जिले में महाकुंभ में उमड़ते जनसैलाब के विहंगम दृश्य के साक्षी अमेरिका, रूस, जर्मनी, इटली, इक्वाडोर समेत तमाम देशों से आये विदेशी श्रद्धालु भी बने। मेला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार शाम चार बजे तक एक करोड़ 60 लाख लोग संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके थे। स्नान करने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहने का अनुमान है।

पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को पुलिस के जवान चप्पे चप्पे पर सतर्क निगाहों के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करते दिखे। इस दौरान देश दुनिया के कोने कोने से



आये श्रद्धालुओं के प्रति उनका विनम्र व्यवहार आकर्षण का केंद्र बना। पांटून ब्रिज हो या सेक्टर, श्रद्धालु जब भी पुलिस बल से कहीं भी जाने की राह पूछते तो पुलिस कर्मी उन्हें पूरी विनम्रता के साथ उनके गंतव्य के लिए राह दिखा देते। पुलिस की यह विनम्रता देखकर श्रद्धालु भी बेहद खुश नजर आए।



आस्था के महासंगम में चहुंओर सारा दिन हर-हर गंगे के जयकारे गूंजते रहे। साधु संतों की उपस्थिति से वातावरण भक्ति रस से ओतप्रोत बना रहा। गरीब अमीर, जाति धर्म से परे आस्था का यह समागम देश की एकता और अखंडता का प्रतीक बन कर दुनिया भर में अपनी आभा फैला रहा था।महाकुंभ सनातन धर्म का सबसे बड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक पर्व है। इसका आयोजन हर 12 सालों के बाद किया जाता है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर श्रद्धालुओं का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आधी रात से ही श्रद्धालु और कल्पवासी संगम तट पर जुटने लगे थे। हर-हर गंगे और जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। विदेशी श्रद्धालुओं ने भी पावन स्नान किया।


वैदिक पंचांग के अनुसार प्रथम स्नान स्नान के लिए सुबह 5.27 से लेकर सुबह 6.21 तक का सबसे शुभ माना गया है। लेकिन श्रद्धालु आधी रात के बाद से आस्था की डुबकी लगानी शुरू कर दी। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं तड़के से ही संगम स्नान के लिए पहुंचने लगे। आस्था का ऐसा आलम था कि सिर पर गठरी का वजन भी उनके उत्साह को कम नहीं कर सका। संगम नोज, एरावत घाट और वीआईपी घाट समेत समस्त घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालु स्नान करते नजर आए। युवाओं में सनातन संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला। संगम स्नान और दान-पुण्य में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम तट पर पूजा-अर्चना और दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेला क्षेत्र में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही थी। डीआईजी और एसएसपी खुद चक्रमण कर रहे थे। भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। आधी रात और सुबह तड़के से ही पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

पहले स्नान पर्व के दौरान इंद्रदेव ने भी अपनी कृपा बरसाई। एक दिन पहले रविवार को हुई हल्की बारिश के बाद ठंडी हवा और हल्की हवा के बीच श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान का आनंद लिया। संगम क्षेत्र में आस्था का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने सनातन संस्कृति और आस्था के प्रति गौरव की अनुभूति कराई।


संगम तट पर पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ कल्पवास की शुरूआत हो गई। महाकुम्भ में कल्पवास करना विशेष फलदायी माना जाता है। इसलिये इस वर्ष अनुमान के मुताबिक 10 लाख से अधिक लोग संगम तट पर पूरे एक माह का कल्पवास करेंगे। कल्पवास के विधान और महात्म के बारे में तीर्थपुरोहित श्याम सुंदर पाण्डेय कहते हैं कि कल्पवास का शाब्दिक अर्थ है कि एक कल्प अर्थात एक निश्चित समयावधि में संगम तट पर निवास करना। पौराणिक मान्यता के अनुसार माघ मास में पौष पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक कल्पवास करने का विधान है। श्रद्धालु अपनी शारीरिक और मानसिक स्थित के अनुरूप तीन दिन, पांच दिन, ग्यारह दिन आदि का संकल्प लेकर भी कल्पवास करते हैं। पूरी तरह विधि-विधान से कल्पवास करने वाले साधक बारह वर्ष लगातार कल्पवास कर महाकुम्भ के अवसर पर इसका पारण करते हैं, जो कि शास्त्रों में विशेष फलदायी और मोक्षदायक माना गया है।

पौराणिक मान्यता और शास्त्रों के अनुसार पौष पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुओं ने ब्रह्म मुहूर्त में संगम स्नान कर, भगवान शालिग्रमा और तुलसी की स्थापना कर, उनका पूजन किया।



## संगम घाट दुनिया के लिए बड़ा आकर्षण का केंद्र बना

महाकुम्भ का संगम घाट इस बार दुनिया के लिए बड़ा आकर्षण का केंद्र बना गया है।अमेरिका, रूस, जर्मनी, इटली, इक्वाडोर समेत तमाम देशों के लोग सनातन संस्कृति से अभिभूत नजर आए और सभी ने संगम में डुबकी लगाई और माथे पर तिलक लगाकर संगम की रेती पर निकल पड़े। इस दौरान स्पेनिश, जर्मन, रशियन और फ्रेंच समेत कई विदेशी भाषाओं में जय श्री राम और हर हर गंगे के जयकारों से संगम का वातावरण गूंज उठा। विदेशी श्रद्धालुओं ने इसे आध्यात्मिक अनुभव का केंद्र बताया है।



अमेरिका के न्यू मैक्सिको में जन्मे बाबा मोक्षपुरी ने पवित्र संगम पर अपनी उपस्थिति से सभी का ध्यान खींचा। कभी अमेरिकी सेना में सैनिक रहे माइकल अब बाबा मोक्षपुरी बन गये हैं। उन्होंने आध्यात्मिक यात्रा और सनातन धर्म से जुड़ने की कहानी साझा की। उन्होने कहा ह्र मैं भी कभी साधारण व्यक्ति था। परिवार और पत्नी के साथ समय बिताना और घूमना मुझे पसंद था। सेना में भी शामिल हुआ। लेकिन एक समय ऐसा आया जब मैंने महसूस किया कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है। तभी मैंने मोक्ष की तलाश में इस अनंत यात्रा की शुरूआत की।ह्व आज वे जूना अखाड़े से जुड़े हैं और अपना पूरा जीवन सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित कर चुके हैं। अमेरिका में जन्मे बाबा मोक्षपुरी ने साल 2000 में पहली बार अपने परिवार (पत्नी और बेटे) के साथ भारत यात्रा की। वह बताते हैं, ह्र वह यात्रा मेरे जीवन की सबसे यादगार घटना थी। इसी दौरान मैंने ध्यान और योग को जाना और पहली बार सनातन धर्म के बारे में समझा। भारतीय संस्कृति और परंपराओं ने मुझे गहराई से प्रभावित किया। यह मेरी आध्यात्मिक जागृति का प्रारंभ था, जिसे मैं अब ईश्वर का आह्वान मानता हूं। जर्मनी की रहने वाली क्रिस्टीना ने कहा यहां आकर आत्मा को शांति मिलती है। मैंने महाकुम्भ के बारे में सुना जरूर था, लेकिन यहां आकर ऐसा लगा कि यह अनुभव अविस्मरणीय है।ह्व क्रिस्टीना का जन्म इक्वाडोर में हुआ था।

---

### स्पीड न्यूज

### मुठभेड़ में मारे गये चार नक्सलियों की हुई पहचान

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में मद्देड़ थाना क्षेत्रांतर्गत बंदेपारा-कोरंजेड नेशनल पार्क एरिया में रविवार को हुई मुठभेड़ में मारे गए 15 लाख के इनामी हार्डकोर नक्सलियों की शिनाख्तगी पश्चिम बस्तर डिवीजन नेशनल पार्क एरिया कमेटी डीव्हीसीएम प्लाटून नम्बर 2 कमाण्डर रैनु हेमला, मद्देड एरिया कमेटी प्लाटून नंबर 11 पीपीसीएम, ज्योति ताती, मिलिशया प्लाटून कमांडर रमेश एचाम, मिलिशिया प्लाटून सदस्य रमेश मिच्चा के रूप में हुई। मुठभेड़ स्थल से एक एलएलआर, एक 12 बोर, दो सिंगल शॉट एक, बीजीएल लांचर एक एवं देशी भरमार एक सहित बड़ी मात्रा कारतुस एवं विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य, दवाईया, नक्सली काली वर्दी एवं अन्य दैनिक उपयोगी की सामग्री बरामद हुए हैं।

### लॉस एंजिलिस में दावानल से अब तक 24 की मौत

**लॉस एंजिलिस।** लॉस एंजिलिस दावानल से जूझ रहा है। गरम और तेज हवा चल रही है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि लॉस एंजिल्स में लगी आग से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार देररात से बुधवार तक क्षेत्र में तेज हवा चलने की आशंका से लोग भयभीत हैं। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, सप्ताहांत में दमकल कर्मचारियों को तेज और गरम हवाओं के बीच पैलिसेड्स और ईटन में आग का प्रकोप करने में काफी हद तक कामयाबी मिली।

## चीन सीमा संवेदनशील, सैनिकों की तैनाती में कमी नहीं: जनरल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने कहा है कि पूर्वी लद्दाख में चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है और वहां तैनात सैनिकों की संख्या में अभी कमी नहीं की जायेगी।



सेना प्रमुख ने सेना दिवस से पहले यहां सोमवार को वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वास्तविक स्थिति के संबंध में पूछे गये सवालों तथा इस संबंध में अपने आरंभिक वक्तव्य में कहा कि वहां स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष के अंत में दोनों देशों के बीच बनी सहमति के बाद कई मुद्दों का समाधान हुआ है। दोनों सेनाओं के सैनिकों की गश्त तथा चरवाहों की गतिविधि से संबंधित मुद्दों का समाधान हुआ है। उन्होंने कहा कि वहां पर सेना की तैनाती के मामले में भी संतुलन बनाकर रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए पूरी सक्षम है।

जनरल द्विवेदी ने सवालों के जवाब में कहा कि अप्रैल 2020 के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगते क्षेत्रों में जो गतिरोध बना था। उस समय दोनों तरफ से निर्माण संबंधी गतिविधियां तथा कुछ और बदलाव किये गये हैं।

## पीएम मोदी राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा पूरा करेंगे , उमर ने जताया विश्वास

**श्रीनगर/सोनमर्ग।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्रशासित प्रदेश के राज्य का दर्जा बहाल करने के अपने वादे का सम्मान करेंगे, जैसे उन्होंने क्षेत्र में विधानसभा चुनाव कराने की प्रतिबद्धता को पूरा किया है। प्रधानमंत्री के मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन करने के बाद सोनमर्ग में रैली को संबोधित करते हुए श्री अब्दुल्ला ने दिल्ली से दूरी और दिलों से दूरी दोनों को कम करने के लिए श्री मोदी की पूर्व में व्यक्त प्रतिबद्धता पर विचार किया। श्री अब्दुल्ला ने कहा, ह्नप्रधानमंत्री साहब, जब आप अपनी तीसरी चुनावी जीत के बाद अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दौरान श्रीनगर गए थे, तो आपने



जम्मू-कश्मीर के लोगों से कुछ वादे किए, जिससे आपके शब्दों पर उनका विश्वास मजबूत हुआ। आपने तीन प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने की बात की: अविश्वास की खाई को पाटना और दिल्ली और लोगों के दिलों के बीच की दूरी को कम करना। आपने कार्यों के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हालिया विकासात्मक प्रगति पर प्रकाश डाला।

## आर्थिक सुरक्षा के लिए साइबर बन सकता है खतरा: सीतारमण

### राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में 447 विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

**गांधीनगर।(एजेंसी)** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी (आरआरयू) में आयोजित चौथा दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। उन्होंने गुजरात सरकार के मंत्री कनू देसाई की उपस्थिति में कुल 447 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की। निर्मला सीतारमण ने अपने संबोधन में आरआरयू की खासियत और राष्ट्रीय सुरक्षा के विस्तृत दृष्टिकोण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा महज सशस्त्र बल तक सीमित नहीं है, देश की आर्थिक सुरक्षा और लोगों के कल्याण को भी समाहित करती है।

उन्होंने प्रो. बिमल एन पटेल के राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि तकनीक मात्र सीमाओं तक सीमित नहीं है। उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि साइबर विश्व-देश की आर्थिक सुरक्षा के लिए भी खतरा बन सकता है। उन्होंने डिजिटल पब्लिक इन्फ्रांस्ट्रक्चर (डीपीआई) के फायदे और खतरे के संबंध में भी चर्चा की।



केन्द्रीय मंत्री ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को एक साथ बढ़ाने के लिए आरआरयू के पाठयक्रम को हमेशा अपडेट करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने रक्षा साधनों के उत्पादन, निर्यात में बढ़ोतरी, देश की समुद्री क्षेत्र, जीआईएफटी आईएफएससी में शिप लिजिंग सेक्टर और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में आंकड़ों की जानकारी साझा की। दीक्षांत समारोह में 13 विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक सफर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गोल्ड मेडल दिया गया। वहीं 3 विद्यार्थियों को शारीरिक शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में शोध के लिए पीएचडी की उपाधि दी गई। इसके अलावा नौ सेना के 11 अधिकारियों को डिप्लोमा एवं पीजी डिप्लोमा की उपाधि दी गई।